रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 23 सितम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 34 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### शिंजो आबे की अंत्येष्टि में शामिल होंगे मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए 27 सितंबर को जापान की एक दिन की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी और कहा कि श्री मोदी जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से भी मुलाकात करेंगे। आबे की आठ जुलाई को जापान के नारा शहर में उनके प्रचार भाषण के दौरान एक 41 वर्षीय शख्से ने बहुत नज़दीक से गोली मार कर हत्या कर दी थी। वह दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे।

### भारत ने 23 साल बाद इंग्लैंड में जीती एकदिवसीय श्रृंखला

**कैंटरबरी।** भारत ने हरमनप्रीत कौर (143 नाबाद) के विशाल शतक के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (57/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को दूसरे महिला वनडे में बुधवार को 88 रन से हराकर 23 साल बाद ब्रिटिश सरजमीन पर एकदिवसीय श्रृंखला जीती। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाये, जिसके जवाब में इंग्लैंड 245 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की और 1999 के बाद पहली बार इंग्लैंड में एकदिवसीय सीरीज जीती।

### सेवा और संस्कार भारतीय संस्कृति का हिस्सा : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सहयोग और सेवा को भारतीय संस्कारों का हिस्सा बताते हुए गुरुवार को कहा कि आबादी तक पहुंचने के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मांडविया ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य स्तरीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हाल ही में कोविड महामारी के दौरान देखी गई स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई प्रगति के बारे में दुनिया भर में चर्चा है।

# कैम्पा में 4 वर्षों से काबिज, व्ही. श्रीनिवास राव बनेंगे वनबल प्रमुख...?

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

वनबल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी इसी माह के आखिरी में रिटायर हो जाएंगे। रिटायरमेंट के बाद कौन बनेगा वनबल प्रमुख इस विषय को लेकर लगातार नए-नए कयास लगाये जा रहे हैं। इसी बीच 20 सितम्बर को छत्तीसगढ़ सरकार ने आदेश जारी करते हुए 1988 से 1991 बैच के अफसरों को प्रधान मुख्य वन संरक्षक का स्केल दे दिया है। इसमें आठ अफसरों के नाम शामिल हैं जिसमें सर्वप्रथम जयसिंह म्हस्के, आशीष कुमार भट्ट, तपेश कुमार झा, अनिल कुमार राय, अनिल कुमार साहू, व्ही श्रीनिवास राव, अनिता नंदी, मोरिश तुषार नंदी शामिल हैं। हालांकि अभी पीसीसीएफ का पद रिक्त न होने की वजह से यह सभी अफसर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक का ही कार्य करेंगे। पीसीसीएफ का एक पद 30 सितम्बर यानि की राकेश चतुर्वेदी की रिटायर होने के बाद रिक्त होगा। अनिल राय तथा अनिल साहू वर्तमान में विभाग से बाहर पदस्थ हैं। जयसिंह म्हस्के 31 अक्टूबर को रिटायर हो जाएंगे, अब तपेश झा तथा श्रीनिवास राव हैं जिनके बीच वर्चस्व की लड़ाई हो सकती हैं। हालांकि नए वनबल प्रमुख की नियुक्ति का अंतिम निर्णय सरकार को लेना है।



अभी तक माना जा रहा था कि राकेश चतुर्वेदी के रिटायर होने के बाद संजय शुक्ला वनबल प्रमुख बन सकते हैं। वहीं सुधीर अग्रवाल के नाम पर भी विचार करने की बात सामने आ रही थी। लेकिन 20 सितम्बर को जारी आदेश के बाद नए समीकरण पर कयासों का दौर शुरु हो गया है। कहा जा रहा है कि पिछले 4 सालों से कैम्पा में काबिज व्ही. श्रीनिवास राव भी अब नए वनबल प्रमुख के दौड़ में शामिल हो गए हैं। वन विभाग का इतिहास उठाकर देखें तो शायद ही कोई अफसर 4 वर्षों से अधिक समय तक कैम्पा के सीइओ की जिम्मेदारी सम्भाली हो, लेकिन राव ऐसे अफसर हैं जो 4 वर्षों से अधिक समय से कैम्पा में ही पदस्थ हैं। इस बीच सभी अफसरों की जिम्मेदारी बदलती रही लेकिन व्ही श्रीनिवास राव जस के तस हैं। जाहिर सी बात है कैम्पा जैसे महत्पूर्ण विभाग में इतना लम्बा समय तक रिजल्ट ओरिएन्टेड अफसर ही पदस्थ रह सकता है। राव के रिजल्ट से वनमंत्री अकबर खासा प्रभावित हैं। कहा जा रहा है चतुर्वेदी के रिटायर होते ही राव को प्रमोट किया जा सकता है। हालांकि इसको लेकर जानकारों का अलग-अलग मत है। कुछ लोगों का मानना है कि सीधा राव को प्रमोट नहीं किया जा सकता इससे विभाग के कई सीनियर अफसरों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। तो वहीं कुछ लोगों का मानना है कि सरकार इस विषय पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

एक तर्क यह भी है कि संजय शुक्ला के मई 2023 में रिटायर होने के बाद राव का नम्बर लग सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है राव इसी माह पीसीसरएफ बनना चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि राव यह भली-भॉंति जानते हैं कि अक्टूबर 2023 में विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो जाएगी। महज 4 माह काम करने के बाद फिर नई सरकार का गठन होगा। भविष्य की कैसी और क्या परिस्थितियां होगी। इसलिए अभी से श्रीनिवास राव ने पीसीसीएफ बनने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बहरहाल इस मामले पर अंतिम निर्णय सरकार को लेना है।

### संजय शुक्ला के खिलाफ फैलाई जा रही अफवाह या है कोई साजिश



अभी तक संजय शुक्ला का नाम वनबल प्रमुख के रुप में फाइनल माना जा रहा था लेकिन नए समीकरण के बाद लोग कई तरह के कयास लगाने लगे हैं। लघु वनोपज के एमडी रहते हुए संजय शुक्ला के कार्यों की खूब सराहना हुई। संजय शुक्ला की पकड़ विभाग में भी काफी मजबूत है। कहा जाता है कि शुक्ला सीएम भूपेश के गुड बुक के अफसर माने जाते हैं। लेकिन इस बीच उनके बारे में यह अफवाह फैलाई जा रही है रही है कि वे खुद 8 माह के लिए पीसीसीएफ नहीं बनना चाहते। वे रेरा के चेयरमैन बनने के इच्छुक हैं। कहीं इस तरह की अफवाह फैलाकर संजय शुक्ला के खिलाफ साजिश तो नहीं रची जा रही। या सिर्फ यह एक अफवाह है यह तो आने वाले समय के साथ ही स्पष्ट हो सकेगा।

### व्ही श्रीनिवास राव के वनबल प्रमुख बनने से अपग्रेट होंगे अन्य अफसर

वर्तमान में व्ही श्रीनिवास राव कैम्पा के सीइओ हैं। यदि राव को वनबल प्रमुख बनाया जाता है तो कैम्पा जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी किसी अन्य अफसर को दी जाएगी। इस बात से विभाग के सभी अफसर अवगत हैं। राव के जाने से अन्य अफसर भी अपग्रेट हो जाएगे। इसलिए अंदर खाने में यह बात भी चल रही है कि चार साल से काबिज कैम्पा के सीईओ व्ही श्रीनिवास राव के पीसीसीएफ बनने से अन्य अफसरों को भी कैम्पा जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कार्य करने का अवसर मिल सकता है।

## एनआईए की देशभर में पीएफआई के ठिकानों पर दबिश

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेन्सी एनआईए ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन के देश भर में करीब 100 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की और उसके सौ से भी अधिक सदस्यों को गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया। देश के सुरक्षा तंत्र से जुड़े उच्च पदस्थ तथा विश्सनीय सूत्रों ने बताया कि आगे की जांच के लिए इन सभी सदस्यों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जायेगा। सूत्रों ने बताया कि एनआईए , प्रवर्तन निदेशालय और



राज्य पुलिस की संयुक्त टीमों ने करीब 15 राज्यों के करीब 100 ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापे केरल, महाराष्ट्र, पुडुचेरि, आन्ध्र प्रदेश, असम,कर्नाटक, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार , पश्चिम बंगाल और मणिपुर आदि राज्यों में मारे गये। सबसे अधिक केरल में 39 तथा तमिलनाडु में 16 , कर्नाटक में 12 और आन्ध्र प्रदेश में सात जगहों पर छापेमारी की गयी। राजधानी दिल्ली में भी दो जगहों पर छापे मारे गये। केरल से सबसे अधिक 22 तथा कर्नाटक और महाराष्ट्र से 20-20 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तमिलनाडु से 10 और राजधानी दिल्ली से 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पीएफआई तथा उसके सदस्यों पर आतंकवाद के लिए धन जुटाने , प्रशिक्षण शिविर चलाने तथा लोगों को बरगला कर उन्हें अपने साथ जोड़ने के आरोप हैं।

## दोहरी भूमिका वाली ब्रह्मोस की खरीद के लिए करार

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्रालय ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए 'भारतीय-खरीदें' श्रेणी के तहत सतह से सतह पर मार करने में सक्षम दोहरी भूमिका वाली ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए मैसर्स ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।




इसकी कुल अनुमानित लागत एक हजार 700 करोड़ रुपये है। इन दोहरी भूमिका वाली आधुनिक मिसाइलों के भारतीय नौसेना में शामिल होने से बेड़े की मारक क्षमता और परिचालन गतिविधियों में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि बीएपीएल भारत तथा रूस की साझेदारी में रक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त उद्यम है, जो नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के निर्माण और इन्हें अत्याधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इन मिसाइलों में सतह के साथ-साथ पोत-रोधी हमलों के लिए उन्नत रेंज और दोहरी भूमिका क्षमता है।

## बस बाइक को बचाने के प्रयास में पलटी, तीन की मौत, बारह घायल



पायनियर संवाददाता पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में पत्थलगांव से अम्बिकापुर जा रही एक यात्री बस गोढ़ी गांव के समीप मोटर साइकिल सवारों को बचाते हुए अनियंत्रित होकर पलट गयी। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और बारह अन्य घायल हो गए। पुलिस नगर निरीक्षक मल्लिका तिवारी ने बताया कि पहले दुर्घटना स्थल पर बाइक चालक सहित दो लोगो की मौत हो गई थी। वहीं, सीतापुर का रहने वाला एक बस यात्री बलराम लकड़ा की पत्थलगांव अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त बस में सवार 12 यात्रियों को गंभीर चोट बताई जा रही है। बाइक सवार दोनों मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। पत्थलगांव से अम्बिकापुर की मुख्य सड़क की जर्जर हालत के चलते यह बस ग्रामीण सड़क से जा रही थी। इसी दौरान गोढ़ी गांव के समीप हादसा हो गया। बस मे सवार सभी घायलों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के समय बस में लगभग 40 यात्री सवार थे।

## भारी बारिश में एक और मकान गिरा, 3 बच्चों की मौत, दो घायल

वार्ता इटावा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही भारी बारिश के दौरान गुरुवार को कच्चे एवं पुराने जर्जर मकान गिरने की पांचवी घटना में तीन मासूम बच्चों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिले में दीवार एवं मकान गिरने से शुरू हुई इन घटनाओं में मृतकों की संख्या 10 हो गसी है, जबकि 7 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में 7 मासूम बच्चे शामिल हैं। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि इटावा के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पथरिया मुहल्ला में दोपहर लगभग 12 बजे एक जर्जर मकान गिरने से 03 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुये हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर राहत एवं



बचाव कार्य शुरु कराया। मकान के मलबे से हताहतों को बाहर निकाल कर घायलों को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचा दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतकों बच्चों में आलिया (7 साल), आहिल (8 महीने) और सुहाना (13 महीने) शामिल हैं। वहीं, 30 वर्षीय चंदा और 69 वर्षीय कादरी बेगम इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। गौरतलब है कि इससे पहले जिले में घर और दीवार ढहने की कुल 04 घटनाओं में 04 सगे भाई बहनों एवं एक दंपति सहित 07 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

## पिकअप और बाइक के बीच टक्कर के बाद लगी आग, बाइक सवार की मौत



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के अर्जुनी थाना इलाके में पिकअप और बाइक बीच जोरदार टक्कर हुई है। इस हादसे बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। वहीं टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। पिकअप सवार लोग किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। अर्जुनी थाना प्रभारी गगन वाजपेयी ने बताया कि हादसा बुधवार शाम करीब 7.30 बजे मथुराडीह मोड़ के पास हुआ है। पिकअप में 4 व्यापारी सवार होकर केरेगांव के बाजार से वापस धमतरी लौट रहे थे। वहीं सामने से बाइक पर एक युवक धमतरी से केरेगांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान दोनों वाहन के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद पिकअप में बाइक फंस गई इससे बाइक की पेट्रोल टंकी फट फटने से आग लग गई। इधर पिकअप का ड्राइवर और चारों व्यापारी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ ईडी की याचिका पर अदालत का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ धन शोधन मामले को विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल से वापस लेकर दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने की मांग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर अपना फैसला गुरुवार को सुरक्षित रख लिया। प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार गुप्ता ने संबंधित मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सरकारी वकील ने कहा कि जैन जाली दस्तावेज तैयार करने के साथ ही डॉक्टरों और जेल अधिकारियों को प्रभावित कर सकते हैं। उनके खिलाफ अस्पताल में भर्ती कराने के लिए अपनी बीमारी का फर्जीवाड़ा करने का आरोप भी है। उन्होंने कहा कि जैन मंत्री नहीं हैं लेकिन वह जेल में हैं और जिस अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया है।

**कांग्रेस अध्यक्ष बनना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर होता है**

# कोई भी कार्यकर्ता लड़ सकता है कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव : राहुल

वार्ता कुरुकुट्टी, केरल
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष एक विचारधारा तथा देश के भरोसे का प्रतिनिधित्व करता है और कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकता है । गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के 15वें दिन 325 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का अधिकार है। यह अच्छी बात है और इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन में सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी उनसे सवाल कर सकता है कि अध्यक्ष के लिए कब चुनाव हो रहे हैं, कौन चुनाव लड़ रहा है लेकिन यही सवाल न समाजवादियों से, न बहुजन समाज पार्टी से, न भाजप या आरएसएस से और न अन्य कई दलों से पूछा जा सकता है। भाजपा से यह सवाल नहीं पूछ सकते हैं, यह सवाल सिर्फ कांग्रेस से ही पूछा जा सकता है क्योंकि



देश में कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो इस तरह से खुले माहौल में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष बनना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर होता है, यह पद देश की समग्र भावनाओं को परिभाषित करता है, यह एक विषिष्ट वैचारिक धारा का पद है, यह पद विश्वास की व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेरी सलाह है कि जो कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं वह विश्वास का प्रतिनिधित्व करे, एक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करें और देश के भरोसे का प्रतिनिधित्व करें।

### कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

कांग्रेस ने नये अध्यक्ष के चुनाव के के कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। कांग्रेस के चुनाव प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के अध्यक्ष पड़ के चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी गई है और 24 से 30 सितंबर तक सुबह 11 बजे से अपराहन 3 तक किसी भी दिन नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच का काम एक अक्टूबर को होगा और जिन उम्मीदवारों के नाम सही पाए जाएंगे उसी दिन शाम तक उनकी सूची भी जारी कर दी जाएगी। आठ अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। चुनाव प्रभारी ने बताया कि 8 अक्टूबर को शाम 5 बजे के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी और फिर 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक सभी प्रदेश मुख्यालयों में अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा।

### हर तरह का धार्मिक उन्माद देश के लिए घातक : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि धार्मिक उन्माद कोई भी फैलाए और यह लहर कहीं से भी आए, वह देश को तोड़ने वाली और राष्ट्र के लिए घातक होती है। श्री गांधी ने कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के 15वें दिन यात्रा के 325 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सांप्रदायिकता का माहौल पैदा करके हिंसा और नफरत फैलाना बहुत बड़ा जुल्म है और यह जुल्म देश को तोड़ने वाला होता है, इसलिए इस अपराध को कोई भी करें उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'हम ऐसी शक्ति से लड़ रहे हैं जिसके पास पर्याप्त धन है, पर्याप्त ताकत है और जनता को अपने हिसाब से मोड़ने की शक्ति है लेकिन भारत जोड़ो यात्रा में देश की जनता को हमें इन ताकतों के खिलाफ खड़ा करके एकजुट करना है।' यह पूछने पर की क्या भारतीय जनता पार्टी शासित कर्नाटक में भी केरल की तरह यात्रा को सफलता मिलेगी, उन्होंने कहा,'यात्रा को केरल में अत्यधिक सफलता मिलने से वह बहुत उत्साहित हैं।

## सीएम बघेल की भेंट मुलाकात के दौरान हुई लापरवाही और मिले शिकायतों पर बालोद कलेक्टर खफा, लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने गुरुवार को बालोद नगर के नवनिर्मित कलाकेंद्र में जिले के तमाम आलाधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक 4 घँटे से अधिक चली। बताया जा रहा है कि साढ़े 9 बजे से बैठक शुरू हुई और डेढ़ बजे खत्म हुई। बैठक में डीएफ्ओ आयुष जैन भी मौजूद रहे। जिले में 18 सितंबर से 21 सितंबर तक सीएम भूपेश बघेल के भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान लापरवाह व गैरजिम्मेदार अधिकारियों से हुई चूक व लापरवाही को लेकर डॉ. सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। क्योकि सीएम के भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में खाद्यान्न में अधिक राशि लेने, आत्मानंद स्कूल में फीस लेने, फसल बीमा का लाभ किसान को नही मिल पाना सहित कई तरह की शिकायतें सीएम बघेल को मिली। जिसका जिक्र सीएम ने प्रेसवार्ता के दौरान भी किया और अफसोस जताते हुए नाराज़गी भी व्यक्त की और कहा कि अगर वास्तविक है तो उस किसान को लाभ मिलना चाहिए। सीएम के भेंट मुलाक़ात के दौरान खाद्य, शिक्षा, राजस्व व कृषि विभाग से सम्बंधित ही शिकायतें ज्यादातर सामने आई। जिसको कलेक्टर ने भी बैठक के दौरान गंभीरता से लिया। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने सीएम द्वारा की गई घोषणाओं की भी समीक्षा की और त्वरित सभी घोषणाओं को कार्यवाही करने की बात सम्बंधित अधिकारी से कही। आपको बता दे कि भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 18 सितम्बर से 21 सितम्बर यानि कि 4 दिन बालोद जिले के तीनों विधानसभा गुंडरदेही, डौंडीलोहारा एवं संजारी बालोद के दौरे पर थे। जहां उन्होंने 6 गांवों में जन चौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद किया और 3 निकायों में रोड शो भी किया। वही प्रतिनिधिमंडल और तमाम समाज के पदाधिकारियों व लोगों से भी मुलाकात की और उनकी मांगों को पूरा किया। भेंट मुलाक़ात के दौरान लोगों से सीधे संवाद करते हुए कई प्रकार की शिकायतें सीएम के सामने आई। जिसमें उदासीन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही साफ नज़र आई।

# खरीफ विपणन के लिए किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य एक नवंबर से

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, जिले में 06 माह से 03 वर्ष आयु समूह के एनीमिक बच्चों को दी जाएगी गरम भोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 हेतु किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 नवंबर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस हेतु उन्होंने धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, धान उपार्जन केंद्र हेतु स्थल चयन एवं साफसफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, यू.पी.एस., जनरेटर, इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता, आद्रतामापी यंत्र, तौल उपकरण, बारदाना की व्यवस्था, तारपोलिन (प्लास्टिक), ड्रेनेज और खरीदी केन्द्रों में एप्रोच रोड आदि व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को गरम भोजन दिया जा रहा है। अब 06 माह से 03 वर्ष के 10 ग्राम से कम होमोग्लोबिन वाले (एनीमिक) सभी बच्चों को पौष्टिकता युक्त गरम भोजन दिया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फ्लैगशीप योजनाओं के संचालन से किसान, स्व सहायता समूह की महिलाएं और गौपालक तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोग सक्षम व स्वावलंबी बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने किसानों, स्व सहायता समूह की महिलाओं और गौपालकों तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को और अधिक सक्षम व स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत निर्मित जिले के सभी मॉडल गौठानों में बकरीपालन,मुर्गीपालन, मछलीपालन और मशरूम की खेती प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए क्षेत्र का सतत भ्रमण करने और जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों से सम्पर्क बनाए रखने निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम बोकरा कछार, बहाऊड, जलदा, बाकल, साम्भरधसान और कूबा को विस्थापित किया गया है। इसके अलावा अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के शेष ग्रामों को भी विस्थापन करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जनचैपाल, कलेक्टर जनदर्शन, कॉल सेंटर, पीजीएन, पीजीपोर्टल के लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कृष्ण कुंज, जल जीवन मिशन, स्वामी आत्मानंद स्कूल, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, आयुष्मान कार्ड, बालवाड़ी, 'सशक्त युवा सशक्त मुंगेली' अभियान के अंतर्गत आनलाईन आकांक्षा प्लेटफॉर्म में युवाओं को रोजगार, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, श्रमिक पंजीयन, धान के बदले लगाई गई अन्य फसलों के रकबा, कोविड-19 प्रिकाशन डोज की प्रगति आदि के संबंध में जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, नम्रता आनंद डोंगरे एवं मेनका प्रधान, सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## किसान हित को ध्यान रखकर समय पर धान खरीदी : शीलू

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भाजपा नेत्री एवं सदस्य जिला पंचायत मुंगेली शीलू साहू ने एक विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस सरकार एव इनके कृषि मंत्री पर पलट वार करते हुए कहा कि सत्ता के मद में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री के साथ मंत्री गन भी बौखला गए है इनकी याददाश्त भी कमजोर हो चुकी है, आम जनता की तकलीफों को लेकर कोई बात करो तो मुख्यमंत्री गुस्सा हो जाते है इनके मंत्री उटपटांग से जवाब देने लग जाते है।



साहू ने आगे कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मान अरुण साव जी ने देखा कि किसानों के फसल पकने की स्थिति में है और जल्द ही कटाई शुरू हो जाएगी, पर कांग्रेस सरकार ने अब तक धान खरीदी की तारीख की घोषणा नही की है किसान चिंतित है। इसकी चिंता करते हुए धान खरीदी की तारीख की घोषणा करने को लेकर शासन से मांग किये की इस बार सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत करें ताकि पिछले बार 1 दिसंबर से धान खरीदी होने पर जिस प्रकार किसानों को बोरा की कमी एव बेमौसम बारिश की वजह से जो तकलीफ एव नुकसान उठाना पड़ा था वो न हो। जैसे ही प्रदेशाध्यक्ष ने मांग की तत्काल सरकार के कृषि मंत्री जाग जाते है और मीडिया में आ कर घोषणा कर जाते है कि हम तो धान 1 नवंबर से खरीदेंगे और हमने पूर्व से ही अधिकारियों को तैयारी के लिए बोल दिया है साथ ही ये भी बोल दिए कि भाजपा ने तो पंद्रह साल में कभी 1 नवंबर को धान खरीदी की ही नही है। पिछले पंद्रह वर्षों में हमेशा 1 नवंबर या 15 नवंबर को ही खरीदी की शुरुआत होती थी एक समय भी आया था जब अक्टूबर में भी धान खरीदी की शुरुआत की गई थी। कृषि मंत्री चैबे ने जिस तरह बयान दिया है वह केवल बौखलाहट का नतीजा है, कांग्रेस की सरकार, किसान हितैसी भाजपा को झूठे बयानों से बदनाम करने का प्रयास करती है, पर किसानो को पता है कि भाजपा शासन में किसान हित को ध्यान रखकर समय पर धान खरीदी की जाती रही है।

# सेवा सहकारी समिति खैरझिटी के समिति प्रबंधक ने किया किसानों के साथ धोखेबाजी

- 116 किसानों के द्वारा जमा की गई के.सी.सी. की राशि 2254161.96रूपये का किया गबन
- ग्राम नरौली सुसायटी के राशन हितग्राहियों का 448148रू. का राशन किया गबन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




थाना कुण्डा, जिला कबीरधाम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव शाखा पंडरिया के पर्यवेक्षक प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा लिखित शिकायत किया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरझिटी नया पं.क्र. 209 के 116 किसानों द्वारा के.सी.सी. की राशि 2254161.96रू. सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरझिटी नया पं.क्र. 209 के तत्कालिन समिति प्रबंधक शत्रुहन चंद्राकर पिता स्व0 चैतराम चंद्राकर उम्र 41 साल ग्राम पड़की थाना पंडातराई जिला कबीरधाम के पास जमा किये थे । जिसकी पावती किसानों को तत्कालिन समिति प्रबंधक शत्रुहन चंद्राकर ने दिया था । उक्त राशि को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव शाखा पंडरिया में कुल राशि 2254161.96रूपये को तत्कालिन समिति प्रबंधक शत्रुहन चंद्राकर को जमा करना था जो उक्त राशि को जमा न कर छल पूर्वक गबन किया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना कुण्डा में धारा 420,409 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा तत्कालिन समिति प्रबंधक शत्रुहन चंद्राकर ग्राम नरौली के सुसायटी में अतिरिक्त प्रभार में था जो माह अप्रैल के खादद्य सामाग्री को राशन हितग्राहियों को वितरण न कर सुसायटी प्रबंधक शत्रुहन चंद्राकर के द्वारा खादय सामाग्री करीबन 448148रू का गबन किया है जिसकी रिपोर्ट पर धारा 409 भादवि, 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता के आधार पर डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने थाना कुण्डा इंचार्ज प्रभारी डीएनयादव को पतासाजी कर गिरफ्तार किये जाने निर्देशित करने पर पंकज पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया के दिशा-निर्देश पर थाना इंचार्ज प्रभारी कुण्डा उप निरी0 डीएन0 यादव एवं सहायक उप निरीक्षक शंकरलाल टंडन एवं प्रआर ओमप्रकाश धुर्वे एवं अन्य स्टाफ को उक्त विवेचना कार्यवाही हेतु विशेष टीम गठित कर थाना कुण्डा, पंडरिया, पांडातराई क्षेत्र में लगातार पतासाजी किया जो अपने सकुनत में मिला जिसे अपराध के संबंध में पुछताछ किया जाकर आरोपी शत्रुहन चंद्राकर पिता स्व0 चैतराम चंद्राकर उम्र 41 साल ग्राम पड़की थाना पंडातराई जिला कबीरधाम को दिनॉक 21.09.2022 को गिर0 कर विधिसंगत् रिमाण्ड में न्यायालय पेश किया गया।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक डी0एन0यादव थाना इंचार्ज प्रभारी कुण्डा एवं सहायक उप निरीक्षक शंकरलाल टंडन, प्र0आर0 ओमप्रकाश धुर्वे, भोलाराम यादव, रमेश कश्यप, आर0 कल्याण गेंड्रे, शत्रुहन साहू, चित्रांगद धुर्वे,आलोक तिवारी, संजय डोरे,सै0 विकास पाण्डे का सराहनीय योगदान रहा ।

# चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहे 2 आरोपी को पुलिस ने दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



मोटरसाइकिल चोरी की आरोपियो की पतासाजी हेतु किया गया है विशेष टीम का गठन दोनों आरोपियो को पूर्व में थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम बुचीहरदी में हुए डकैती के प्रकरण में जेल भेजा गया थाथाना अकलतरा पुलिस एवं विशेष टीम की संयुक्त कार्यवाही आरोपियो के कब्जे से मोटर साइकिल किया गया बरामद आरोपियो को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में जय हिन्द नगर अकलतरा के पास एक व्यक्ति चोरी का मोटर सायकल बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहा है जिसकी सूचना प्राप्त होने पर थाना अकलतरा स्टाफ एवं गठित टीम द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए घेराबन्दी कर उक्त व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपना नाम टकेश यादव उम्र 22 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर भाठापारा भदौरा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर हाल. मुकाम पोड़ीभाठा अकलतरा का निवासी होना एवं अपने घर में चोरी का एक मोटर सायकल रखना जिसे पूर्व में कोयला सायडिंग में कार्य करने के दौरान ग्राम झिरिया निवासी सुखनंदन कुर्रे से परिचय होने पर मो.सा. चोरी करने का योजना बनाना एवं दोनो मिलकर दो माह पूर्व जयराम नगर सप्ताहिक बाजार जाकर मछली पसरा के पास से मोटर सायकल चोरी कर वापस घर आ जाना, उक्त मो.सा. का नम्बर प्लेट को निकालकर सुखनंदन कुर्रे अपने घर में रख लेना बताया गया आरोपी सुखनंदन कुर्रे को उसके निवास स्थान ग्राम झिरिया जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा उसके पास से चोरी किये मो.सा. के नम्बर प्लेट को बरामद किया गया ।

# अवैध डीजल परिवहन करने वाले 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



ग्राम खिसोरा निवासी वीर सिंह रात्रे अपने साथियों के साथ चोरी की डीजल लेकर बोलेरो वाहन में चांपा मड़वा होते बोकरामुड़ा जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर चौकी पंतोरा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को पकड़ा गया जिसमें बैठे व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर अजय कुमार खुंटे, राज जाटव, वीर कुमार रात्रे, अजीत कुमार खुंटे सभी निवासी खिसोरा एवं संजू महिलांगे निवासी डिंगापुर का रहने वाला बताया गया। बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर प्लास्टिक डिब्बे में रखे 120 लीटर डीजल एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया। उक्त डीजल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 41(1-4) जा0फौ, 379 भादवि के तहत् कार्यवाही की गई। अवैध रूप से डीजल परिहवन करना पाये जाने पर अजय कुमार खुंटे उम्र 21 वर्ष, राज जाटव उम्र 18 वर्ष, वीर कुमार रात्र उम्र 24 वर्ष, अजीत कुमार खुंटे उम्र 29 वर्ष सभी निवासी खिसोरा एवं संजू महिलांगे उम्र 18 वर्ष निवासी डिंगापुर को दिनांक 22.09.22 को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनि कामिल हक, सउनि गिलबेटिन, आर. सिदार सिंह, राजेन्द्र कहरा, अहमद कुरैशी, महेश राज, नंदकुमार, रमेश नेताम, लखेश्वर कंवर एवं संत कुर्रे का सराहनीय योगदान रहा।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 को

**बेमेतरा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा जिला कार्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 65 में 27 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोप. 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एस.बी.आई लाइफ ब्रांच कवर्धा द्वारा एल.एम पद हेतु 100 पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसमें पर भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा में 27 सितम्बर को उपस्थित हो सकते है।

# पुलिस टीम ने विधि विधान से मृतक रज्जू का कराया तेरहवीं कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



क्षेत्रवासियो ने किया कबीरधाम पुलिस के कार्यो की सराहना समाज से बहिस्कृत मृतक रज्जू मेरावी निवासी बैगाटोला का अंतिम संस्कार को ग्राम परसवारा में थाना पाण्डातराई पुलिस द्वारा किया गया था मृतक की पत्नि भी समाज से बहिस्कृत एवं गरीब व असहाय होने से मृतक की तेरहवी कार्यक्रम हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह जिला कबीरधाम के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, (रापुसे) पण्डरिया पंकज पटेल (रा.पु.से.) के मार्ग दर्शन में थाना पाण्डातराई प्रभारी निरीक्षक जे एल सांडिल्य के नेतृत्व में थाना पाण्डातराई परिसर में मृतक रज्जू मेरावी का तेरहवी कार्यक्रम रखा गया, मृतक की पत्नि प्रयागराज से आने पर गंगाजल पूजन थाना परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के समीप कराया गया। तेरहवी कार्यक्रम में मृतक की पत्नि इंदिरा बाई तथा थाना पाण्डातराई के समस्त स्टाफ , क्षेत्र के ग्राम कोटवार एवं ग्रामीण जान उपस्थित आये जिन्हे मृत्यु भोज कराया गया है। थाना पाण्डातराई पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य करने से मृतक की पत्नि इंदिरा बाई द्वारा धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। पुलिस के इस मानवीयकृत कार्य को देखकर क्षेत्रवासियो द्वारा पांडातराई पुलिस टीम का खूब सराहना किया जा रहा है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना पाण्डातराई पुलिस का विशेष योगदान रहा।

# श्रीरावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में श्री रविशंकर महाराज ने किया प्रॉस्पेक्टस का विमोचन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रीरावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में परम पूज्य रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार का आशीर्वाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार ने अपने सभी छात्रों एवं विश्वविद्यालय के सदस्यों का मार्गदर्शन देते हुए आशीर्वाद दिया. इसके साथ ही इस अवसर पर महाराज ने विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। विश्व विद्यालय के प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार को नमन करते हुए सभी का स्वागत किया और कहा की शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय हर रोज नए प्रयास कर रही हैं जिसमें हम जल्द ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे ताकि जब आप कक्षा में आये तो आपको पहले से ज्ञान हो और आपकी शिक्षा की उत्सुकता बढ़े। और आपकी शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधा न आये। छात्रों से कहा की समय का सही उपयोग करे।

शिक्षा प्राप्त करने के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करे। वही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस. के. सिंह ने रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार को नमन करते हुए उनकी परिकल्पनाओं और शिक्षा की दिशा में उनके सपनों को उल्लेखित करते हुए कहा की हमारा प्रयास महाराज जी की परिकल्पनाओं की दिशा में लगातार आगे बढ़ना है उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा की शिक्षा हमें सत्य से साक्षात्कार करवाता हैं, शिक्षा ही एक माध्यम है जो अज्ञात के अंधकार से लोगो को निकाल कर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रविशंकर महाराज 'रावतपुरा सरकार' ने सभी स्टाफ और छात्रों को सम्बोधित करते हुए सभी छात्रों से कहा की आपका परिवार आपको यहाँ जिस उद्देश्य से भेजते हैं उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और पढाई करें।

## ग्राम स्तर पर गरीबी उन्मूलन की बन रही योजना

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर जिले में ग्रामीण गरीब महिलाएं अपनी आजीविका संवर्धन कर रही हैं, इस योजना ने क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं का जीवन स्तर उपर उठाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई हैं। जिले के सुदूर क्षेत्र में महिलाएं बिहान मार्ट, तार फेसिंग, ईट निर्माण, गौठान प्रबंधन, मुर्गी पालन, अण्डा उत्पादन, बकरी पालन जैसी आजीविका मूलक गतिविधियों का सफल संचालन कर रही हैं। इसी कड़ी में योजनांतर्गत जिले में ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना तैयार की जा रही है। योजना में कार्य करने वाले जमीनी अमलों की मदद से स्व-सहायता समूह और संगठन स्तर पर प्रत्येक समूह के लिए भिन्न-भिन्न कार्ययोजना तैयार किये जाएंगे। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साहू ने बताया कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना तैयार करने के लिए योजनांतर्गत कार्य करने वाले जमीनी स्तर के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है, जिन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़कर उनका जीवन स्तर उठाने आजीविका मूलक गतिविधि से जोड़ना है। प्रत्येक स्व सहायता समूह एवं ग्राम संगठन द्वारा ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना तैयार कर इसका ग्राम पंचायत स्तर पर समेकित कर कार्ययोजना तैयार करना है। उक्त तैयार वीपीआरपी को 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में प्रतुतिकरण के बाद ग्राम पंचायत के जीपीडीपी अर्थात ग्राम पंचायत विकास योजना में समावेश करवाया जावेगा।

# कायस्थ समाज मुंगेली ने विरोध प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिस तरह से बॉलीवुड में हिदू देवी देवताओं का अपमान करना फैशन हो गया है विदित हो आने वाली फिल्म 'जींदा ळवक' में जिस तरह से 'कायस्थों' के आराध्य भगवान चित्रगुप्त का उपहास करते हुए अशोभनीय ओर अपमान जनक तरीके से दिखाया गया है उससे समाज के लोग काफी आहत हैं जिसके विरोध मे कायस्थ समाज मुंगेली के द्वारा इस फिल्म के कलाकारों और निर्माता निर्देशकों के खिलाफ मुंगेली थाने में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर एफआईआर दर्ज कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी गण व समाज के सदस्य उपस्थित रहे जिसमे प्रमुख रूप से समाज के जिलाध्यक्ष सोम वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष जीवन श्रीवास्तव(जित्तू),प्रदेश सह सचिव स्वप्निल वर्मा,गिरजाशंकर श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अनीष श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव, मदन मोहन वर्मा, अनिमेष श्रीवास्तव, नीरज वर्मा,धीरज वर्मा,राजकुमार वर्मा, संकेत वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

## राज्य शासन के श्रम विभाग की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को संचालन किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीयन आवश्यक है। जागरूक श्रमिकों द्वारा अपने मोबाईल से श्रमेव जयते एप्लीकेशन डाउनलोड कर या लोक सेवा केन्द्र अथवा कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है और लाभांवित हो रहे हैं, लेकिन कई श्रमिक पंजीयन नहीं होने पर योजनाओं से होने वाले लाभों से वंचित हो जाते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में श्रम पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। कोई भी श्रमिक जनदर्शन कक्ष में आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कार्य में सहयोग के लिए श्रम निरीक्षक को तैनात किया गया है। कलेक्टर ने अधिक से अधिक श्रमिकों को पंजीयन कराने की समझाईश दी है।

श्रम पदाधिकारी डॉ. के. के. सिंह ने बताया कि

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान 'कीर्ति पुरस्कार' मिला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



(बाएं से दाएं)के. राजेश कुमार महाप्रबंधक (मानव संसाधन प्रबंधन व राजभाषा) बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अजय कुमार मिश्रा, गृह राज्य मंत्री, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह और निशीथ प्रामाणिक गृह राज्य मंत्री।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ऑफमहाराष्ट्र को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ कार्य के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया। इस वर्ष बैंक को दो श्रेणियों यथा श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन और श्रेष्ठ गृह पत्रिका के अंतर्गत यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। 14 सितंबर, 2022 को सूरत, गुजरात में आयोजित भव्य हिंदी दिवस समारोह के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र को उक्त पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह थे। पुरस्कार वितरण समारोह से पूर्व बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा एवं निशिथ प्रामाणिक का सम्मान किया। इस अवसर पर गुजरात राज्य के मुख्य मंत्री भूपेंद्र भाई पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह के करकमलों से श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन का पुरस्कार बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक के. राजेश कुमार और श्रेष्ठ गृह पत्रिका का पुरस्कार उप महाप्रबंधक डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। देश भर के सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों और बैंकों के शीर्ष कार्यपालक भी समारोह में उपस्थित थे। यह उल्लेखनीय है कि बैंक को पहली बार दो श्रेणियों श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन और श्रेष्ठ गृह पत्रिका के लिए यह गौरवपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## दिव्यांगजन सहायक उपकरण प्रदाय के लिए आवेदन आमंत्रित



**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया जाना है, इस अवसर पर दिव्यांगजनों को उनकी पात्रतानुसार मोटराईज्ड ट्रायसायकल कृत्रिम अंग सहायक उपकरण का वितरण राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया जाना है। उक्त आयोजन हेतु आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर जिले से 100 दिव्यांगजनों की सूची संचालनालय द्वारा चाही गई है। अतः मोटराईज्ड ट्रायसायकल कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु सूची संचालनालय को प्रेषित किये जाने हेतु जिले के विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्रताधारी दिव्यांगजन अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राऐं 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, रोजागर स्वरोजगार में संलग्न दिव्यांग 70 प्रतिशत या उससे अधिक प्रमाणित दिव्यांगता एवं अन्य दिव्यांगजन सहायक उपकरण प्रदाय हेतु आवेदन की सम्पूर्ण प्रकिया पूर्ण कर 28 सितम्बर 2022 तक समाज कल्याण विभाग बेमेतरा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने सीएससी सेंटर संचालकों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जनपद कार्यालय भानुप्रतापपुर में अंतागढ़, दुर्गुकोंदल एवं भानुप्रतापपुर तहसीलों के सीएससी सेंटर संचालकों की बैठक लेकर राशन कार्डधारी शत-प्रतिशत परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड से वंचित न हो। इस कार्ड के माध्यम से पंजीकृत अस्पतालों में बीपीएल परिवारों को 05 लाख रूपये तथा एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये तक निःशुल्क ईलाज की सुविधा मिलती है। यदि किसी गरीब व्यक्ति की तबियत खराब होती है तो वे इस कार्ड के माध्यम से अपना ईलाज मुफ्त में करा सकते हैं। सभी व्हीएलई को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि आप सब सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं, आपके द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने से गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क ईलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये, यदि किसी परिवार के कोई सदस्य का आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाया है तो उसका भी कार्ड बनाया जाये। आयुष्मान भारत के जिला परियोजना समन्वयक सनत पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में अब तक 75 प्रतिशत व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। जिले में 07 लाख 30 हजार 738 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिसके विरूद्ध अब तक 05 लाख 48 हजार 56 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। अंतागढ़ विकासखण्ड में 44 हजार 901, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में 69 हजार 174, चारामा विकासखण्ड में 84 हजार 431, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में 43 हजार 15, कांकेर विकासखण्ड में 92 हजार 216, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में 01 लाख 29 हजार 212 तथा नरहरपुर विकासखण्ड में 82 हजार 276 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। कलेक्टर ने छूटे हुए सभी पात्र व्यक्तियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल, एसडीएम भानुप्रतापपुर मनीष साहू, जनपद सीईओ कावेरी मरकाम, तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वशा तथा सीएससी मैनेजर पारस चांडक भी मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर का आकस्मिक निरीक्षण



कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉक्टरों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली एवं मरीजों के संबंध में पूछताछ किया। चिकित्सक डॉक्टर विवेक देशमुख एवं डॉ. विकास ध्रुवा और डॉ. रावटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय अस्पताल में मौसमी बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। आज निरीक्षण के समय तक 84 मरीज अपना ईलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में निर्माणाधीन 20 बिस्तर अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर के आकस्मिक निरीक्षण के समय ग्राम विनायकपुर निवासी स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय भानुप्रतापपुर की छात्रा कुमारी शिमला कोमरा भी अपने सहेलियों के साथ ईलाज कराने अस्पताल पहुंची थी। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने उन्हें देखकर अस्पताल आने का कारण पूछा तो उन्होंने अपने गले में फुन्सी होने की जानकारी देते हुए उसका ईलाज कराने की जानकारी दी। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अच्छा पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कियोस्क ऑपरेटर यमन साहू द्वारा अस्पताल परिसर में हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था, जिसका अवलोकन कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा किया गया तथा प्रक्रिया की जानकारी ली गई। यमन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 4 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने उन्हें सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया।

# रसोईया संघ का प्रदर्शन, चक्काजाम

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



रसोईया संघ विकासखंड भानुप्रतापपुर इकाई ने अपने आंदोलन के तेरहवें दिन रैली निकालकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराया। वहीं मुख्य चौक में आधे घंटे के लिए सांकेतिक चक्काजाम भी किया। छत्तीसगढ़ रसोईया संघ के बैनर तले भानुप्रतापपुर विकासखंड के रसोइए लगातार 13 दिनों से हड़तालरत है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर डटे हुए इन रसोइयों ने अब आंदोलन को अगले लेबल में ले जाते हुए प्रदर्शन को थोड़ा उग्र रूप दे दिया है। विकासखंड के रसोइयों ने बुधवार को अपने धरना स्थल सामुदायिक भवन से विशाल रैली निकाली और नारे लगाते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। नगर भ्रमण के पश्चात रसोइयों की रैली नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्रित हुई और वहां चक्का जाम किया गया सारे महिला, पुरुष रसोइए चारों ओर की सड़कों पर ही बैठ गए और यातायात को पूर्णतः बाधित कर दिया। लगभग 20 मिनट तक चक्का जाम करने के पश्चात रसोइए पुनः अपने धरना स्थल पर पहुंचे और आज का प्रदर्शन समाप्त किया। रैली एवं चक्का जाम को समर्थन देने के लिए अंतागढ़ विकास खंड एवं दुर्गुकोंदल विकास खंड के रसोईया संघ के पदाधिकारी व कई सदस्य गण भी इसमें शामिल हुए थे। संघ के प्रवक्ताओं ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1995 से मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम चालू किया गया है, तब से रसोईया कर्मचारी महज 15 दैनिक मानदेय पर काम करते आ रहे हैं जिसे कुछ वर्षों पूर्व बढ़ाकर ?50 किया गया है। जो कि रसोइयों के कार्य को देखते हुए बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है। रसोइयों का काम पूर्णकालिक होता है, और वह सुबह से लेकर शाम तक इस काम में लगे रहते हैं, तब जाकर स्कूलों के बच्चों को स्वादिष्ट भोजन मिलता है। वर्तमान भूपेश बघेल सरकार के द्वारा चुनाव पूर्व घोषणा की गई थी, कि रसोइयों को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाएगा जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। और वादाखिलाफी की गई है। अब जब तक हमारी तीन मांगे पूर्ण नहीं होती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। रसोईया संघ राज्य सरकार से निवेदन करता है, कि उनकी तीन मांगों को सरकार यथाशीघ्र मान कर अपना वादा पूर्ण करे। रसोइयों की तीन मांगे इस प्रकार है, पहली यह है कि रसोइयों को नियुक्ति पत्र जारी किया जाए। दूसरी रसोइयों को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए, तथा तीसरी मांग है कि रसोइयों को कभी भी काम से निकाल बाहर करना बंद किया जाए। इस प्रदर्शन के दौरान अंतागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोप सिंग जाड़े, अंतागढ़ ब्लाक सचिव देवराज यादव,दुर्गुकोन्दल् ब्लाक अध्यक्ष हरिशंकर पांडेय, ब्लाक सचिव घनश्याम बघेल, कांकेर जिला प्रवक्ता मिलाप बघेल,कांकेर ज़िला सचिव घनश्याम निषाद, भानुप्रतापपुर ब्लाक अध्यक्ष टीभू राम तारम, ब्लाक सचिव केदार नाथ नायक एवं दुर्गुकोन्दल् ब्लाक एवं अंतागढ़ ब्लाक से रसोइया साथी रैली में शामिल हुए।

**गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने दिया समर्थन-** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भी आज के प्रदर्शन में रसोइयों का साथ दिया और उन्हें अपना समर्थन प्रदान किया। जिसमें पार्टी के ज़िला सचिव सहदेव मरकाम, नरेश देव नरेटी बस्तर संभाग अध्यक्ष, हरवंश ब्लाक अध्यक्ष कांकेर, रामदेव सलाम ब्लाक सदस्य, श्रवण कोरेटी ब्लाक अध्यक्ष भानु प्रतापपुर समर्थन मे शामिल हुए।

# नल जल योजना का लाभ हितग्राहियों तक न पहुंचे, इसलिए कांग्रेस सरकार ने किया 60 करोड़ का भ्रष्टाचार : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



केंद्र की मोदी सरकार ने देश के प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए अमृत योजना की शुरुआत की थी जिसके तहत लोगों के घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए एक बड़ी रकम केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को जारी भी कर दी है। उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही हैं, उन्होंने आगे कहा कि दंतेवाड़ा जिले के लाल पानी से प्रभावित गांवों में स्वच्छ पेयजल प्रदाय के लिए हस्ड्ढ के ष्ट्स्क्रफंड से 60 करोड़ से अधिक रुपए प्रदान किए गए थे। परंतु पूरी राशि खर्च कर देने के बाद भी एक भी व्यक्ति के आवास पर स्वच्छ पेयजल नहीं पहुंचा। लाल पानी से प्रभावित 40 से अधिक गांवों में स्वच्छ जल के लिए एनएमडीसी द्वारा प्रदत 60 करोड़ से ज्यादा राशि का जमकर बंदरबांट किया, कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर इस योजना को विफल किया है, चूंकि ये केंद्र सरकार की योजना है इसलिए राज्य की भूपेश सरकार इसका लाभ हितग्राहियों तक न पहुंचे इसका भरसक प्रयास किया है। कई जगह तो बिना पाइप लाइन बिछाए ही नल की सप्लाई दे दी गई है, ये तकनीक केवल कांग्रेस सरकार ही विकसित कर सकती है जिसमें बिना पाइप लाइन के पेयजल सप्लाई की जा सकती है।

# सिपाही फटे जूते पहनने को मजबूर और विकास का बात कर रहे हैं भूपेश: चन्देल

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



अपने पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत बारिश के बीच सुकमा पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल व प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व महामंत्री किरणदेव सुकमा पहुंच कर स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अरुण साव ने भूपेश सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि पिछले पौने चार वर्षों में भूपेश सरकार ने युवा, माता बहने, बुजुर्ग, अधिकारी एवं कर्मचारियों को ठगने व धोखा देने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ में अपराधियों एवं माफियाओं का राज हो गया है यहाँ का विकास ठप्प पड़ गया है,स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्गति लगातार मौतें हो रही हैं,सरकार हर मोर्चे पर फेल है प्रशासनिक अराजकता का माहौल है, छत्तीसगढ़ की जनता परेशान है और इनसे छुटकारा चाहती है।

**कार्यकर्ता न झुकेगा और न डरेगा जनता की आवाज बनेगा-** उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा मजबूत स्तिथि में है हमारे पास मतदान बूथ तक सुव्यवस्थित ढांचा है ईमानदार कार्यकर्ताओं की श्रंखला है व काम करने वालों की भीड़ है, 24 अगस्त को युवामोर्चा के हल्लाबोल, देश के गृहमंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम से पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह का संचार हुआ है छत्तीसगढ़ के इतिहास में विगत दिनों हमने सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा सममेलन करवाया है,हमारा एक एक कार्यकर्ता न डरेगा और झुकेगा जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगा। हम पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से चर्चा कर संगठन का कार्य आगे बढ़ाने की दिशा में भी चर्चा करेंगे। नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल ने भी भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व कांग्रेस के नेताओं ने शराब बंदी पर गंगाजल लेकर पूर्णबन्दी हेतु कशम खाया था पूर्णबन्दी तो छोड़िए कोरोना काल में इन्होंने शराब की घर पहुंच सेवा प्रारम्भ कर दी थी,10 लाख लोगों को रोजगार व बेरोजगारों को 2500 रु प्रतिमाह भत्ता देने हेतु भी कशम खाई थी।

# बलात्कार करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**किरन्दुल।** पीड़िता द्वारा थाना किरन्दुल में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराई कि आरोपी त्रिलोचन पान द्वारा वर्ष 2018 से फरवरी 2022 के मध्य शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा, प्रार्थिया द्वारा शादी की बात बोलने पर टालमटोल करता था, कि रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 83 / 2022 धारा 376 भादवि पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ सिद्धार्थ तिवारी के प्राप्त निर्देश पर थाना प्रभारी किरन्दुल जितेन्द्र ताम्रकर के नेतृत्व में तत्काल उप निरीक्षक शशिकांत टंडन, रेवा राम साहू द्वारा विवेचना के दौरान आरोपी त्रिलोचन पाल निवासी सुकरू कैंप किरन्दुल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



# विधायक नाग ने किया दुग्ध सहकारी समिति का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता पखांजूर
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने अपने परलकोट दौरे के दौरान ग्राम पंचायत बांदे के शांतिपारा में दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित शांतिपारा बांदे में नई शाखा का ग्रामवासियों की मौजूदगी में शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । साथ ही विधायक नाग ने समिति के संचालन के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की भी घोषणा की। विधायक अनूप नाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुग्ध सहकारी समिति की नई शाखा बांदे में शुरू होने से बांदे क्षेत्र सहित आसपास के दर्जनों पंचायतों के दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को लाभ मिलेगा। उन्हें दूध का सही दाम मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में किसानों सहित समाज के सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है । विधायक नाग ने आगे कहा कि राज्य सरकार किसान और मजदूर की हितैषी है. किसानों को खेती-बाड़ी के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन जैसे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हो सके। इसके लिए सरकार की तरफ से कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है जिनमें ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को उचित भाव में अपने घर के पास दुग्ध को बेचा जा सके।

**ये रहे मौजूद-** आईएएस चंद्रकांत वर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंकज साहा, अनिमेष चक्रवर्ती, मुकुल पाल, संतोष कीर्तनिया, विकास मंडल, जयदेव राय, नीरू ढाली, अमल बड़ाई, सुप्रकाश मल्लिक, आशीष मालाकर, महादेव कुंडू, आशीष वैद्य, सुरेंद्र साहू, इंद्रजीत परामानिक, पवित्र घोष, शंकर दास, लक्ष्मण देवनाथ, मोतीलाल शील, हरिदास सरकार, एसडीओपी रवि कुजुर, सुखुमनी, अजय शील, पूर्णिमा मल्लिक, हर्षित दास, निखिल मंडल, साधन मंडल, राम मल्लिक, छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ के उपप्रबंधक मुकुल तयल, सीईओ दुग्ध महासंघ गजानंद साहू, फुड़ियन वर्गिश सहित स्थानीय लोग एवं दुग्ध समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

# आस्था विद्या मंदिर जावंगा में नीट, जेईई एवं स्पोकन इंग्लिश कक्षाएं संचालित किया जा रहा है नि:शुल्क

पायनियर संवाददाता गीदम/दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



शिक्षा की क्षेत्र में दंतेवाड़ा जिला का अलग ही उत्कृष्ट पहचान है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ करियर बनाने में सुविधाएं उपलब्ध कराई जारही है। दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर विनीत नंदनवार जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से युवाओं, विद्यार्थियों को नीट, जेईई प्रशिक्षण, स्पोकन इंग्लिश एवं सॉफ्ट स्किल्स क्लासेस निःशुल्क उपलब्ध किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु नीट प्रशिक्षण, इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु जेईई प्रशिक्षण एवं अच्छा कम्युनिकेशन स्किल्स हेतु स्पोकन इंग्लिश क्लासेस का संचालन दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा गीदम विकासखंड स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जा रहा है। हाल ही में दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने आस्था विद्या मंदिर का निरीक्षण के दौरान नीट जेईई ऑनलाइन कक्षाओं के लिए विधार्थियों को निःशुल्क टैबलेट कंप्यूटर वितरण किया एवं अच्छे से तयारी करने हेतु प्रेरणा व शुभकामनाएं दी। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा राजेश कर्मा ने मंगलवार को आस्था विद्या मंदिर जावंगा में संचालित कक्षाओं का अवलोकन किया। डीईओ राजेश कर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि शिक्षकों तथा प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया ज्ञान को प्राप्त करें और मेहनत व लगन से पढ़ाई करें ताकि आस्था विद्या मंदिर एवं दंतेवाड़ा जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। इस दौरान आस्था विद्या मंदिर के प्राचार्य गोपाल पांडे, उप प्राचार्य प्रमोद गुप्ता, रविंद्रनाथ पाणिग्रही, स्पोकन इंग्लिश क्लास नोडल अधिकारी सुब्रत त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ, स्पोकन इंग्लिश समन्व्ययकों किरण शर्मा, अनीश एमपी, शिवशंकर राय, दिलीप नंद, कोमल शुक्ला मौजूद थे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव का नारायणपुर प्रवास, भाजपा करेगी भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का 24 सितम्बर को नारायणपुर आगमन हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी दोनों नेताओं के भव्य स्वागत की तैयारी में जुटी हुई है। भाजपा जिला कार्यालय में आज बड़े नेताओं के आगमन व उनके भव्य स्वागत सहित सभी कार्यक्रमों की तैयारियां को लेकर भाजपा जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा,विधानसभा प्रभारी मनोज जैन व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने संयुक्त रुप से प्रेसवार्ता मे कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम नारायणपुर आगमन हो रहा है। जिनके स्वागत की जोर शोर से तैयारी चल रही है।

सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियों को पूर्ण करने पूरी ऊर्जा से जुटे है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव व नेता प्रतिपक्ष चंदेल 24 तारिख को 12 बजे नारायणपुर पहुँचेंगे। सर्व प्रथम भाजयुमो के कार्यकर्ताओं द्वारा बाईक रैली व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष की स्वागत यात्रा एडका मोड़ चौक , बखरुपारा , मेन रोड, सोनपुर रोड, चांदनी चौक,जयस्तंभ चौक होते हुए ऑडिटोरियम पहुंचेंगी। जहाँ प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव कार्यकर्ताओं की बैठक में शरीक होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को स्वागत समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा नेता रतन दुबे, संजय नंदी, संदीप झा, प्रताप मंडावी, संतनाथ उसेंडी, सुदीप झा, जैकी कश्यप, पंकज जैन, सुकमन कचलाम आदि उपस्थित थे।

# लगातार बिजली दरे बढ़ने से जनता परेशान : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में बिजली 30 पैसे प्रति यूनिट महंगी किये जाने पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया को जारी बयान मे भुपेश सरकार पर निशाना साधते हुये कहा बिजली दरो मे वृद्धि से प्रदेश की जनता बुरी तरह परेशान है।

वह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।हर हाल मे कांग्रेस सरकार को ये बढ़ोतरी वापस लेना चाहिए कश्यप ने कहा बिजली बिल हाफ़ का वादा करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस ने बिजली की दरे बढ़ाकर जनता के साथ धोखा किया। बीते पांच माह में 40 पैसे बिजली मंहगी की गयी है,मंहगी हुई बिजली का आर्थिक बोझ सीधे आम जनता पर पड़ रहा है। भुपेश सरकार ने पहले 10 पैसे व अब 30 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी है 7 जिससे प्रदेश की जनता को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।केदार कश्यप ने कहा की प्रदेश मे केवल बिजली ही नही रेत,सीमेंट आदि की कीमत भी आसमान छू रही है। ऐसा इससे पहले कभी नही हुआ।जीवन भर की कमाई से पाई-पाई जोड़कर हर व्यक्ति एक घर बनाने का सपना देखता है।

यह सरकार उस सपने पर भी कुठाराघात कर रही है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार की कथनी व करनी से परेशान है हर तरफ अराजकता का माहौल निर्मित है। कश्यप ने आगे कहा की 2023 मे होने चुनाव मे प्रदेश की जनता लबरी भुपेश सरकार को कुर्सी से उतार इन्हे बाहर का रास्ता दिखाएगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.- सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-22-23-14 दिनांकः 19.09.2022**

**कार्यः** इलेक्ट्रिकल (जी) का बचा हुआ काम का हिस्सा- रायपुर डिवीजन में पुराना/ क्षतिग्रस्त अर्थिंग के प्रतिस्थापन । **निविदा मूल्यः ₹ 26,20,350.00/-, बयाना राशिः ₹ 52,500.00/-.**

**क्र.सं. (2) ई-निविदा सं.- सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-22-23-15 दिनांकः 19.09.2022**

**कार्यः** इलेक्ट्रिकल (जी) का बचा हुआ काम का हिस्सा- (1) रायपुर डिवीजन में सेवा भवनों का रिवायरिंग (2) रायपुर मंडल में स्टाफ क्वार्टर (488 यूनिट) की रिवायरिंग (3) गति शक्ति इकाई रायपुर कार्यालय के स्थान पर एक स्टोर रुम का स्थानांतरण । **निविदा मूल्यः ₹ 37,03,887.80/-, बयाना राशिः ₹ 74,100.00/-, निविदा प्रस्तुत करनाः 19.10.2022 को 11.45 बजे तक ।**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सी.डीईई/जी/रायपुर या कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें । मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा ।

वरि.मं.वि.अभि. (जी)
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एएन/136 द.पू.म. रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

**pnb Housing Finance Limited**
Ghar Ki Baat

**परिशिष्ट-4-कई-नीलामी - अचल सम्पत्ति/यों की सार्वजनिक बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेब : www.pnbhousing.com
पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, कार्यालय सं. 111-112, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 9, डीबी कार्पोरेट पार्क, राजबंध मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिनका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबीहाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल)/प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है (जैसाकि कालम नंबर सी में वर्णित है),नीचे दिए विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है, जो है जैसी है तथा जो कुछ भी वहां है आधार" पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं), संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) के कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि (चाहे ज्ञात हैं अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों) संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) के समनुदेशिती(तियों) (मृत्यु उपरान्त) जैसी भी स्थिति है, जैसाकि कालम सं. 'ए' में निदर्शित है, को अद्यतन संशोधित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया पीएनबीहाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड/प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें। शाखा : रायपुर

| क्र. सं. | ऋण सं., कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर (रों)/कानूनी वारिसों का नाम (ए) | मांग की गई राशि एवं तिथि (बी) | कब्जे का प्रकार (सी) | बंधक सम्पत्तियों का वर्णन (डी) | सुरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी की 10 प्रतिशत) (एफ) | बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि दर (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय वाद, यदि कोई (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HOU/RAI/0317/367401 जितेन्द्र हिंदूजा | रू. 18,10,08380 /- 08-02-202 | भौतिक कब्जा | *15, एनए, अविनाश कैपिटल होम्स फेज-2, मौजा सड्डू, पीएच नंबर 109/39, तहसील और जिला रायपुर-सीजी, अम्बुजा मॉल के पीछे, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत- 492001 | 27,19,000/- | 2,71,900,00 /- | 19-10-2022 | 10,000/- | 27-10-2022 पूर्वा. 11.30 बजे से अप. 02.30 बजे तक | 28-10-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.30 बजे तक | शून्य |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली तक 18 प्रतिशत की दर पर आगे ब्याज जैसाकि लागू है, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कालम नंबर के में वर्णित के सिवाय कोई ऋणभार नहीं है। इसके अलावा ऐसा ऋणभार सफल बोलीदाता/क्रेता को वहन करना होगा। संभावित क्रेताओं से ऋणभारों का स्वतंत्र अभिनिश्चयन करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरित तथा/अथवा निपटान करने के संबंध में कोई रोक आदेश तथा अथवा न्यायालय व्यादेश नहीं है तथा स्थिति (स्टेटस) कालम नंबर के में वर्णित की गई है।2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियों से कालम 'के' में वर्णित कार्यवाही/पारित आदेशों, यदिकोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों का स्वामित्व औरतत्संबंधी स्वामित्व शामिल है तथा उसी तक सीमित नहीं है, का स्वतंत्र निरीक्षण करने और निविदा/बोली जमा करने या ऑफर देने से पहले सभी संबंधों में अपनी संतुष्टि करने का अनुरोध है। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों एवं शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे।3. कृपया नोट करें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(3) के निबन्धनों में, बोलीदाता/क्रेता बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित, यदि कोई, जमा की गई है) उसी दिन अथवा अधिकतम अगले कार्यदिवस तक जमा करने हेतु कानूनी तौर पर बाध्य होगा। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रतिभूत लेनदार द्वारा बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि की प्राप्ति के पश्चात की जा सकती है। बिक्री प्रतिफल की शेष 75 प्रतिशत राशि क्रेता द्वारा बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा की जाएगी और इस जमा में चूक की स्थिति में सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का पुनर्विक्रय किया जाएगा। 4. एसएएमआईएल द्वारा ई-नीलामी/सार्वजनिक नीलामी बिक्री के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता की जाएगी। सम्पत्ति के निरीक्षण अथा बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य पूछताछ के लिए अथवा पंजीकरण के लिए आपको प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी/व्यक्ति विवेक खरे- मोबाइल नंबर 9289360494, के साथ समन्वय करना होगा अथवा www.pnbhousing.com देखें।

तिथि : 23-09-2022, स्थान : रायपुर
हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# राहत राशि प्रकरणों में उत्तम कार्य एवं थाना-चौकी का बढ़िया रखरखाव करने वाले प्रभारियों को मिली प्रशंसा

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडा बार लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायतों, धारा 363 भादवि के मामलों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न अपराधों में पीड़ित पक्षों की सहायता के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लंबित मामलों मे प्रतिवेदन तैयार कर तत्काल भेजने हेतु कहा गया, जिससे पीड़ित पक्षों को इसका लाभ मिल सके। इस कार्य में निर्धारित समयावधि में प्रकरण तैयार कर संबंधित कार्यालय में भेजकर प्रशंसनीय प्रदर्शन करने वाले निरीक्षक आशीष राजपूत थाना प्रभारी कसडोल, निरीक्षक के.सी.दास थाना प्रभारी राजादेवरी, उपनिरीक्षक एम.आर.कंवर थाना प्रभारी गिधपुरी के कार्यों की सराहना की गई। बैठक में चौकी गिरोदपुरी परिसर की साफ-सफाई, साज-सज्जा कर उत्तम रखरखाव रखने वाले चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नवीन शुक्ला की भी प्रशंसा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में विशेष रूप से वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत आसूचना संकलन एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का संग्रहण करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इस हेतु सभी थाना व चौकी प्रभारियों को क्षेत्र अंतर्गत बीट सिस्टम के माध्यम और पुलिस का आमजनों से पारस्परिक संबंध को और मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चिटफंड मामलों में और अधिक कारगर प्रयास कर, फरार अन्य सभी आरोपी डायरेक्टरों की तत्काल गिरफ्तारी करने हेतु हिदायत दिया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से श्री पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

इस दौरान बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़ एवं गंभीर मामलों में उत्कृष्ट विवेचना पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले एवं थाना पलारी क्षेत्र में बाढ़ में बह रहे व्यक्ति को बचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले निम्नांकित अधि/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुये काप ऑफ द मंथ के रूप में चुना गया है। मादक पदार्थ गांजा नष्टीकरण में उल्लेखनीय कार्य सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा। थाना कसडोल में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना में उल्लेखनीय कार्य निरीक्षक आशीष राजपूत थाना प्रभारी कसडोल। थाना सुहेला क्षेत्र अंतर्गत घटित अंधे कत्ल के प्रकरण का त्वरित निकाल कर आरोपी की गिरफ्तारी में प्रमुख भूमिका उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी सुहेला।

थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ में बह रहे व्यक्ति को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका 01. आरक्षक क्र. 435 विक्की वर्मा 02. आरक्षक क्र. 367 धीरेंद्र मधुकर 03. आरक्षक क्र. 606 राजेंद्र सिंह ठाकुर 04. आरक्षक क्र. 509 अमन चैन तिर्की 05. आरक्षक क्र. 335 देवेंद्र पुरेना सभी थाना पलारी।

# सरायपाली जिला निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने विधायक से की मुलाकात



■ विधायक ने कहा जिला निर्माण प्रतिनिधि मंडलों का सीएम से होगी जल्द मुलाकात

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

राज्य में लगातार कई नए जिलों की स्थापना के पश्चात सरायपाली को भी अलग जिला बनाने की मांग दिनों दिन जोर पकड़ने लगी है। जिला निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने स्थानीय विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष किस्मत लाल नंद से जिला निर्माण के संबंध में मुलाकात किया एवं सरायपाली को जिला निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने का निवेदन किया जिस पर किस्मत लाल नंद ने जिला निर्माण समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि वह जिला निर्माण हेतु सरायपाली को जिला बनाने मुख्यमंत्री को तत्काल पत्र भी लिख रहे हैं एवं शीघ्र ही जिला निर्माण समिति के सदस्यों को मुख्यमंत्री से उनके निवास रायपुर में मुलाकात भी कराएंगे तथा सरायपाली को जिला बनाने हेतु शीघ्र ही कार्यवाही करने का अनुरोध करेंगे,, किस्मतलाल नंद ने कहा कि मुख्यमंत्री से उनकी चर्चा हुई है तथा मुख्यमंत्री से उनकी इस सम्बंध में चर्चा हुई है और उन्होंने सरायपाली को जिला बनाने से इंकार नहीं किया है, नंद ने शीघ्र ही सरायपाली के जिला बनने की संभावना व्यक्त किया,,उन्होंने जिला निर्माण समिति के जिला के मांग का समर्थन करते हुए समर्थन में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल के नाम पत्र भी लिखा,,साथ ही शीघ्र ही मुख्यमंत्री से समय लेकर उनसे मुलाकात के लिए जिला निर्माण समिति के सदस्यों को रायपुर अपने नेतृत्व में ले जाने का आश्वासन दिया। जिला बनाएं जाने की मांग को लेकर निर्माण समिति के अध्यक्ष तिलक साहू,संयोजिका अनिता चौधरी, विद्याभूषण सतपथी, रोमी सलूजा, खेमराज पटेल, राजेंद्र नायक, किशोर भोई, अमृतलाल पटेल स्काउट अध्यक्ष, नेहरू पटेल, मनोज अग्रवाल, विवेक कर शर्मा, राजाराम पटेल, सौरव सतपथी, सजंय कुमार साहू, हेमंत शर्मा, जन्मजय नायक, पूर्णानंद मिश्रा सहित अन्य सदस्य पहुंचे हुए थे ।

# बहेसर में फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



ग्राम बहेसर में स्वर्गीय राजेश कश्यप के स्मृति में फुटबॉल क्लब बहेसर द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार 22 सितंबर से किया किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पहले सर्वप्रथम मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना करने के तत्पश्चात फुटबॉल क्लब बहेसर के खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमित शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एन,एस,यू, आई,(छ: ग) ने कहा कि खेल के महत्व को प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल से तन और मन स्वास्थ्य रहता है । और प्रतियोगिता का अध्यक्षता करते हुए ग्राम बहेसर के सरपंच श्रीमति किरण सोहन वर्मा, ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया । विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश ठाकुर ,ने भी कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और लक्ष्य के प्राप्ति के लिए परिश्रम, त्याग और समर्पण महान खिलाड़ी की पहचान है। रवि कश्यप अध्यक्ष हाई स्कूल बहेसर, नारायण प्रसाद ,हा. स्कूल बहेसर के प्राचार्य ने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशने खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सद्भाव भी बढ़ता है। मिडिल स्कूल बहेसर सर खिचरिया वर्मा , व मीडिया प्रभारी सौरभ यादव,का पुष्प हार से स्वागत किया गया उसके उपरांत छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय गीत गायन करने के उपरांत मैच प्रारंभ किया गया। प्रथम मैच में कलिंग यूनिवर्सिटी वर्सेस भिलाई के बीच खेला गया जिसमें भिलाई ने 2-4 से कलिंगा यूनिवर्सिटी को पराजित किया । फुटबॉल प्रतियोगिता हाई स्कूल खेल मैदान में किया जा रहा है। इसके शुभ अवसर पर फुटबॉल क्लब बहेसर के खिलाड़ी मुख्य रूप से टिकेश्वर, अनिल, खिलेश्वर ओंकार, खिलेश्वर यदु, जितेंद्र, प्रदीप बर्मन, सूर्या मोनू, दीपक, रुद्रा कश्यप, राहुल, लक्की किशन, व स्कूल के छात्र छात्राओं के अलावा ग्रामीण जनो भी इस आयोजन में शामिल हुए थे।

# रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की मासिक समीक्षा बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में देश में बढ़ती महंगाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गोठान पर मंथन किया गया। इस माह में जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के गतिविधियों के संबंध में बारी बारी से ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही बैठक में गोठान समिति से समन्वय बनाते हुए बैठक कर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कांग्रेस के निर्देशन में सभी प्रकोष्ठ के मोर्चा संगठन बैठक ने भाग लेंगे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना है और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। बैठक को जिला प्रभारी राजेंद्र साहू विस्तृत चर्चा करते हुए बैठक को संबोधित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा 1 नवंबर से धान खरीदी का करने के फैसले का स्वागत किया है एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धान खरीदी के दौरान किसानों को मदद सहायता हेतु समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, पप्पू राजेंद्र बंजारे, रायपुर मंडी अध्यक्ष नारायण कुर्रे, गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, जिला कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भूषण साहू, ब्लॉक अध्यक्षगण योगेंद्र सोलंकी, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, बलदाऊ साहू, विद्याभूषण सोनवानी, शौरभ शर्मा, कोमल साहू, भारती देवांगन, शांतनु झा, अविनाश निहाल, आशीष दुबे, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, सुनील सोनी, देवव्रत नायक, डामन साहू, मोहन वर्मा, अभिषेक शुक्ला, घनश्याम वर्मा, गोवर्धन यदु, गजानंद वर्मा, दिनेश साहू, डॉ घनश्याम टंडन, कमल भारती, अभिषेक शुक्ला, बसंत कुमार साहू, अविनाश निषाद, कैलाश जयसवाल, मंसाराम निर्मलकर, श्रवण कुमार निषाद, बुधराम धीवर, चंद्रशेखर चंद्राकर, पुष्पलता वैष्णव, सीता चौहान, पिंकी घृतलहरे, चंद्रहास साहू, जीत सिंह, राजा चावला, अनमोल सिंग, दीपा साहू, रामचंद्र साहू, भागवत लहरी, रहमत उल्ला खान, अब्दुल कादिर गोरी, भूषण साहू, संतोष यादव, प्रवीण साहू, रंजीत गायकवाड, संतोष कुमार पाल, चोवाराम साहू, कमल सायतोड़े, राजू यादव, खूबी राम वर्मा, सुरेन्द्र सुलतान, सुरेश कुमार साहू, राजू शर्मा, सखाराम ध्रुव, संतराम नारंग, चंद्रिका वर्मा, तिलक साहू, राकेश सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्त्री ऐप के माध्यम से महिलाओं की परेशानी हल करेगी कांग्रेस

■ प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक राजीव भवन में रखा गया था। इस बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम, छत्तीसगढ़ प्रभारी सुनीता सेहरावत, प्रभारी शकुन डहरिया शामिल हुए। कार्यकारिणी की बैठक में स्त्री ऐप के नाम से 1800-203-0589 नंबर जारी किया। कार्यकारिणी बैठक में ऐप जारी करते समय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला भी उपस्थित थे। स्त्री ऐप के माध्यम से महिलाओं को यदि कोई भी परेशानी हो चाहे वह स्वास्थ्य से संबंधी हो या अन्य जो भी परेशानी है उस नंबर पर यदि कोई महिलाएं मदद के लिये डायल करती है तो उसके समस्या का निदान महिला कांग्रेस के द्वारा किया जायेगा। कार्यकारिणी बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम ने जिला अध्यक्षों से वन टू वन बात कर फीडबैक लिये और साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा प्रभारी से बात किये साथ ही जो प्रभारी अपने प्रभार क्षेत्र को अच्छा से संभाले।

छत्तीसगढ़ प्रभारी सुनीता सेहरावत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिला कांग्रेस के काम बहुत अच्छा है। राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकें इस पर महिला कांग्रेस को काम करना है। केंद्र सरकार की देन बेलगाम महंगाई के बारे में जनता को बताना होगा कि मोदी के गलत नीति के कारण ही आज महंगाई से सभी त्रस्त है। प्रभारी शकुन डहरिया ने कहा कि महिला कांग्रेस जो भी काम करती है जी जान लगा देती है लेकिन इस काम का प्रचार प्रसार भी जरुरी होता है सोशल मिडिया के माध्यम से ये कर सकते है। राजनांदगांव के महापौर हेमा देशमुख एवं गरियाबंद जनपद सदस्य लक्ष्मी साहू ने भी बैठक को संबोधित किये। कार्यकारिणी बैठक में महिला कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सिमगा की छात्रा का हुआ चयन

पायनियर संवाददाता < सिमगा
www.dailypioneer.com



22वां राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल खेल में सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय की कक्षा नवमीं की छात्रा एंजेल अलीशा लाल का अंडर 14 में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में चयन हुआ है। यह सिमगा नगर की पहली छात्रा है जो कि महासमुंद में हो रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस खेल में उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल के प्राचार्य यूडी गेंडर, स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य आशीष शर्मा पीटीआई गजेंद्र साहू एवं शाला परिवार के साथ बलौदाबाजार वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह भाटिया ,सज्जन शर्मा सूरज भावनानी, अर्नेस्ट सालेम लाल, ज्ञानेंद्र सार्वा,अत्रि शर्मा ,आशुतोष शर्मा ,अशोक यादव एवं तिल्दा से वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं शिक्षक चंद्र कुमार वर्मा एवं सिमगा पत्रकार संघ से राकेश श्रीवास अखिलेश तिवारी योगेश ताम्रकार सतीश जैन ने छात्रा और उसके पिता पत्रकार नितेश रिंकू लाल एवं माता सारिका रानी लाल को अपनी शुभकामनाएं दी हैं ।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर तालाबों, चौक-चौराहों की सफाई

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान नरेन्द्र मोदी की जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सितंबर दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत तुलसी (नेवरा) के वार्ड नं 12 व 13 संतोषी मोहल्ला के गली मोहले व चौक चौराहा, के साथ घाट घठोना की साफ-सफाई किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा रायपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष व समाज सेवक टंकराम वर्मा व रायपुर जिला भाजपा ग्रामीण मंत्री अरुणारानी बघेल व भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा ग्रामीण मण्डल उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य संतोषी मनहरण वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रण, और उनकी सेवा और समर्पण, पर विस्तार पुर्वक चर्चा कर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीण महिलाओं व बुथ समिति के सदस्यों को संबोधित भी किया। व अपना बुथ सबसे मजबूत पर रहे विषेश चर्चा कर ग्रामीणजनो को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियो को बताया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह वर्मा, भाजपा ग्रामीण महामंत्री टेकराम यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष सुभाष मंडावी, यशवंत वर्मा, कृष्णा यदु ,भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष कुमारी वर्मा, संध्या वर्मा, जानकी वर्मा, मनहरण वर्मा, गोपाल वर्मा, संतोष कश्यप, इतवारी धीवर, मयंक वर्मा, तरुण वर्मा, फनेंद्र कुमार वर्मा, बुद्धेश्वर वर्मा, आदि भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत बेमता में भाजपा ग्रामीण पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष धनुष राम साहू के नेतृत्व में व ग्राम पंचायत खपरीकला में भी बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर आएंगी, गजकेसरी योग में

# शारदीय नवरात्रि 26 से, आराधना के लिए तैयार हो रहे हैं माता के दरबार

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





शारदीय नवरात्रि के लिए माता का दरबार सजने लगा है। पितृ पक्ष समाप्ति के बाद शुरू होने वाले नवरात्र पर्व की तैयारियां देवी मंदिरों में जोर शोर से चल रही है। मनोकामना ज्योति कलश की रसीद काटी जा रही है वहीं दूसरी ओर रंग रोगन व अन्य मरम्मत कार्य भी किए जा रहे हैं। शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारी नजर आ रही है। लगभग 2 वर्ष तक कोरोना महामारी झेलने के बाद इस वर्ष त्योहारों में जोर-शोर नजर आने लगा है। अब तक हुए गणेश और विश्वकर्मा उत्सव में लोगों के उत्साह देखा गया। ठीक वैसे ही नवरात्रि की तैयारी में भी भीड़ उमड़ने की पूरी संभावना है जिसके मद्देनजर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आने वाली भीड़ को देखते हुए प्रबंधन समिति द्वारा भी व्यवस्था की गई है। ताकि दर्शनार्थियों को आराधना के लिए किसी तरह की व्यावहारिक दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

सरायपाली इस बार शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 26 सितंबर से होने जा रहा है इस महापर्व को लेकर मंदिरों सहित बड़े पूजा पंडालों पर जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई है तो वहीं इस बार गजकेसरी योग में माता रानी हाथी पर सवार होकर आएगी।

पंडित योगेश महाराज के अनुसार गजकेसरी योग में भगवान शिव शक्ति की पूजा करने की सलाह दी जाती है। यह रहेंगे ग्रह नक्षत्र चंद्रमा और मनकार चंद्रमा कन्या राशि का है वही बृहस्पति देव मिनके हैं इसी वजह गजकेसरी योग का बना जो सुख स्थान और माता का होता है शास्त्रों के अनुसार मां आदिशक्ति का हाथी पर सवार होना और गजकेसरी योग बना सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

**बन रहे है विशेष शुभ योग**

शारदीय नवरात्रि में विशेष खरीददारी के लिए शुभ योग बन रहे हैं पंडित योगेश महाराज के अनुसार इस वर्ष नवरात्र के पूरे 9 दिनों में कई शुभ संयोग बनेंगे सर्वार्थसिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग 30 सितंबर को रहेगा 2 अक्टूबर को भी सिद्धि योग बनेगा। नवरात्र के चौथे सातवें और आठवें दिन रवि योग रहेगा। रवि योग संकटों को दूर करके शुभता और सफलता प्रदान करने वाला माना जाता है। सिद्ध और रवि योग में मां दुर्गा की पूजा करना विशेष फलदाई होता है। वही कुमार योग अमृत सिद्धि योग सर्वार्थसिद्धि आदि है।

# चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में 6 दिवसीय कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रशिक्षण आयोजित



पायनियर संवाददाता < कसडोल/लवन
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के मार्गदर्शन में एवं बलौदाबाजार जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अनुपमा तिवारी और खंड चिकित्सा अधिकारी कसडोल डॉ एएस चौहान के कुशल नेतृत्व में विकास खंड कसडोल में 6 दिन का कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रशिक्षण विकास खंड कसडोल में बहुत अच्छे से संचालित हुआ विकास खंड में कसडोल और बिलाई गढ़ के स्टाफ का प्रशिक्षण हुआ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन और मातृत्व और शिशु के सम्बन्ध में सुरक्षित प्रसव, क्षय रोग लेप्रोसी मलेरिया, फाइलेरिया बुखार, नियमित टीका करण के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा किया गया मास्टर ट्रेनर में मुख्य रूप से अविनाश केसरवानी पीएचसी प्रभारी रिसदा रवि सेन पीएचसी प्रभारी कटगी शमशेर बहादुर सिंह एवम् मनोज मिश्रा आशा नन्द साहू चन्द्र कला वर्मा कल्याणी वर्मा रामगोपाल साहू हेमन्त सिन्हा हीरा लाल साहू शिव हरिशंकर वर्मा शिव शंकर साहू उपस्थित थे।

# आवेदक ने स्कूलों में कक्षा के भीतर शिक्षकों का मोबाईल वर्जित कराने के लिए दिया आवेदन

- जनदर्शन में जनहित में आया अनुठा आवेदन
- नाली निर्माण, विकलांगता सूची में नाम पंजीयन और कंपनियों में ठगी का शिकार हुए लोग जनदर्शन पहुंचे

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनदर्शन में एक अनूठा आवेदन लेकर आवेदक कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचा था। उसने आवदेन किया था कि स्कूलों में खासकर विद्यार्थियों की कक्षा लेने के दौरान शिक्षकों के मोबाइल को भी प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उसका तर्क था कि ऐसे में शिक्षक विद्यार्थियों की ओर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और इससे शिक्षा के स्तर पर अच्छे परिणाम मिलेंगे। आवेदक ने कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से विशेष अनुरोध किया कि शाला के खुलने से लेकर बंद होने तक आवेदन अनुरूप इसका परिपालन कराया जाए। इस पर कलेक्टर ने भी वस्तुस्थिति अनुरूप आवेदन पर संज्ञान लेने की बात कही।

नाली निर्माण -ग्राम पंचायत धौराभाठा में हैण्डपंप के पास नाली नहीं होने के कारण अति गंदगी बना रहता है। जिसके कारण ग्रामवासियों को कई तरह कि बीमारियां होने की संभावना रहती है। इस संबंध में कलेक्टर ने सज्ञान लेते हुए जिला पंचायत सीइओ को निर्देशित करते हुए त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

विकलांगता सूची में नाम पंजीयन हेतु -जनदर्शन में आज एक 78 वर्षीय दिव्यांग महिला अपनी पेंशन संबंधी समस्या को लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंची थी।

उनका सर्वे सूची में नाम नहीं है है इस कारण उन्हें पेंशन नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर ने सज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

इसी प्रकार सहारा इंडिया कंपनियों में ठगी का शिकार हुए लोग जनदर्शन में अपनी फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। आवेदक ने अपने वक्तव्य में बताया कि अपनी कमाई की पूंजी लाखों रूपए सहारा इंडिया कंपनी में कई वर्षों से जमा करतो चले आ रहे हैं। अधिकांश लोगों की निवेश की गई राशि मेचुरिटी भी 5-6 साल पूर्ण हो चुकी है, परंतु सहारा इडिया कंपनी बंद हो जाने के कारण सभी लोगों की जमा पूंजी नहीं मिल पाई है। गरीब लोगों का लाखों रूपए सहारा कंपनी में जमा करने के बाद कंपनी बंद हो जाने से सभी लोगों की आर्थिक एवं मानसिक कठिनाईयों से गुजर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने सज्ञान लेते हुए ए.डी.एम. को निर्देशित करते हुए त्वरित निराकरण के आदेश दिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन के अंतिम पड़ाव के वक्त सभी अधिकारियों सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जन चौपाल में आए समस्याओं के आवेदनों का और लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से निराकरण किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का और जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कोविड-19 से निपटने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में तैयारी

- 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का हुआ लोकार्पण
- महापौर नीरज पाल ने कहा अस्पताल में सुविधाएं हो रही अपडेट

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में आज 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का शुभारंभ हुआ। इसी के साथ ही कोरोना के जंग में आइसोलेशन वार्ड शामिल हो गया है, भिलाई शहर वासियों को इसके लोकार्पण होने से काफी राहत मिलेगी। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि कोविड की लड़ाई में आइसोलेशन वार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, अस्पताल में सुविधाएं अपडेट हो रही है, इसका सीधा लाभ शहर वासियों को मिलेगा। अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर पीएम सिंह ने बताया कि इस आइसोलेशन वार्ड में कोविड-19 के सस्पेक्टेड लोगों को रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि नाबार्ड से प्राप्त राशि के उपयोग से आइसोलेशन वार्ड का निर्माण किया गया है। लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में आज 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक विद्यारतन भसीन, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। लोकार्पण अवसर पर महापौर के निज सचिव वसीम खान विशेष रूप से मौजूद रहे। भिलाई निगम क्षेत्र में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला दुर्ग जिला अस्पताल के बाद एक बड़ा शासकीय अस्पताल है जहां पर मरीज बड़ी संख्या में अपना इलाज कराने पहुंचते हैं। इसको देखते हुए लगातार इस अस्पताल में सुविधाओं को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण कॉल के दौर में इस अस्पताल ने कोरोना जांच के लिए बड़ी सुविधाएं प्रदान की है।

महापौर नीरज पाल ने अस्पताल की सुविधाओं को लेकर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक से विस्तार से चर्चा की और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सक ने परिसर में बारिश के दिनों में होने वाली समस्या को लेकर अवगत कराया और पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की। महापौर ने इस पर प्रभारी चिकित्सक को पेवर ब्लॉक लगाने के लिए आश्वस्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए।

# नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत वायु गुणवत्ता में सुधार के विषय पर हुई कार्यशाला

## लोगों को किया गया जागरूक, अन्य निकायों के भी अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत वायु गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें अन्य निकाय के अधिकारी/कर्मचारी सहित शहर के नागरिक भी सम्मिलित हुए। कार्यशाला के माध्यम से सभी को वायु गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इसके विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वायु गुणवत्ता की सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हुए हैं इसी तारतम्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीएमयू हरीश ठाकुर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। दरअसल यह प्रोग्राम पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत भारत के 131 शहर को शामिल किया गया है। वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु जन जागरूकता, प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वायु गुणवत्ता में सुधार किया जाना है। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए दुर्ग-भिलाई अर्बन अग्लोमरेशन को 15 वे वित्त आयोग से अनुदान प्राप्त हुए हैं। वायु गुणवत्ता सुधार हेतु विभिन्न कार्य जैसे रोड स्विपिंग मशीन एवं वाटर स्प्रिंकलर मशीन आदि क्रय किया जाना है।

इन मशीनों का उपयोग वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किया जाना है। भिलाई में प्रदूषण के स्रोत की पहचान करने के लिए सोर्स अपोसनमेंट स्टडी किया जा रहा है। प्रदूषण के स्रोत की पहचान कर प्रदूषण नियंत्रित किए जाने के लिए उपयुक्त सुझाव सिटी एक्शन प्लान बनाया गया है। पब्लिक अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत लोगों को प्रदूषण के मुख्य घटक एवं प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

## दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए प्रविष्टियां 26 सितंबर तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द, अनुकरणीय सहायता प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति या संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान किया जाता है। सम्मान के रूप में 1.00 लाख रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। सत्र 2022 हेतु प्रविष्टियों के लिए 26 सितंबर अंतिम तिथि तय की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

# प्रोफेसर राजीव प्रकाश बने आईआईटी भिलाई के नये निदेशक

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मु ने आईआईटी भिलाई के नए निदेशक के रूप में प्रोफेसर राजीव प्रकाश की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। प्रो. प्रकाश ने अपनी पीएचडी टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च मुंबई से की है। प्रो. प्रकाश आईआईटी वाराणसी में मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर हैं, जहां उन्होंने डीन के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने सात वर्ष एक वैज्ञानिक के रूप में सीएसआईआर में भी कार्य किया है। प्रोफेसर प्रकाश ने संस्थापक निदेशक, प्रोफेसर रजत मूना का स्थान लिया, जिन्हें आईआईटी भिलाई में पांच साल के सफल कार्यकाल के बाद आईआईटी गांधीनगर के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर मूना के नेतृत्व में, आईआईटी भिलाई में शिक्षा और अनुसंधान में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

# नेवई मुक्तिधाम में लगेगा पेवर ब्लॉक और फलदार वृक्ष

## आयुक्त ने देखा चार्जिंग प्वाइंट

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



नेवई मुक्तिधाम को व्यवस्थित और सुंदर बनाने दस लाख खर्च किया जा रहा है। आयुक्त आशीष देवांगन ने मुख्य गेट से लेकर शेड तक पेवर ब्लॉक लगाने निर्देश दिए। वही बैठक स्थल का रंग रोगन करने कहा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि मुक्तिधाम मानवीय संवेदना से जुड़ा होता है। कोशिश रहनी चाहिए कि यहा पहुंचे शोक संतप्त परिवार को सुविधाओं के नाम पर भटकना न पड़े। हालांकि गेट से लेकर शेड तक मार्ग बना हुआ है, चौड़ाई कम होने से आयुक्त ने निर्देश दिए कि दोनो ओर पेवर ब्लॉक लगाकर मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई जाए। उन्होंने कटिले झाड़ियों को हटाकर डेम की दिशा में तार से घेरने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता एस.के.बाबर, सहायक अभियंता आर.के.जैन, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, उमयंती ठाकुर, गोपाल सिन्हा व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

फलदार पौध रोपे जाऐंगे रिसाली निगम क्षेत्र को हरा भरा करने के उद्देश्य से नेवई मुक्तिधाम के आस पास के खाली जगह का चयन किया गया है। बाऊंड्रीवाल खड़ी कर पौध रोपण किया गया है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्रवेश द्वार के बांई ओर खाली जगह का समतलीकरण कर फलदार पौध लगाकर विशेष रूप से हिफाजत करने निर्देश दिए।

स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बनेगा कक्ष नेवई मुक्तिधाम निरीक्षण के बाद आयुक्त सीधे नेवई ओवर हेड टैंक पहुंचे। यहां ई रिक्शा के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। चार्जिंग प्वाइंट देखने के बाद आयुक्त ने निर्देश दिए कि नेवई क्षेत्र में स्वच्छता मित्र सफाई कार्य करने मरोदा से सामान लाते है। उन्हे सुविधा देने और समय की बचत करने टैंक के नीचे स्टोर रूम बनाने के निर्देश दिए, ताकि काम खत्म कर कामगार अपना सामान स्टोर रूम में रखे।

# आयुक्त ने निरीक्षण कर कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश

- सरकारी सड़क को जागीर समझने वाले सावधान हो जाए
- भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डाला तो वसूलेगा जुर्माना

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सुराना कॉलेज के सामने जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लेते हुए व्यवस्थित करने का कहा।आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नगर चौपाटी का जायजा लिया उन्होंने चौपाटी में साफ सफाई करवाने के लिए अधिकारी को निर्देशित किया। आयुक्त ने कहा कि गैंग लगाकर सफाई कराई जाए।आम जनता को जागरूक किया करे।साथ ही दुकानदार द्वारा गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना भी किया जाये। सड़क किनारे वार्डो के भीतर सरकारी सड़क को अपनी जागीर समझने वाले सावधान हो जाए,भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर डाला तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा बल्कि सामग्री को जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा।भवन निर्माण सामग्री डालकर सड़क को घेरने वाले स्थानों को चिन्हित करने का काम भी कर्मचारियों को सौंप दिया गया। किसी का घर टूट रहा हो या फिर निर्माण हो रहा हो। वह मलबे और भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर डाल देता है।

आमतौर पर यह नजारा शहर की हर गली और सड़क पर मिल जाती है। सड़क को अपनी प्रापर्टी समझने वालों के लिए निगम अब सख्ती से कार्रवाही करेंगी।निगम ने साफ हिदायत दी कि सड़क पर मलबा या भवन निर्माण सामग्री मिले तो शुल्क वसूला जाएगा।

# पानी की बर्बादी रोकने नलों में लगाएं टोटी, आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर अपने नियमित मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर क्षेत्र में निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक स्थान पर सार्वजनिक नल से पानी बहते हुए देखा। यह देखकर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक नलों में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए टोटी का इंतजाम करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की पानी की बर्बादी को रोकने के लिए घरों में टोटी का प्रबंध करें और आवश्यकता होने पर ही टोटी खोलकर पानी लेवे। टोटी नहीं होने से पानी की काफी बर्बादी होती है साथ ही गर्मी के दिनों में खासकर पानी का प्रेशर भी अंतिम छोर तक इन्हीं कारणों से नहीं पहुंच पाता। आयुक्त ने टोटी लगाने के सख्त निर्देश सभी जोन के अधिकारियों को दिए हैं।

# किराएदारी में रह रहे लोगों को मिलेगा आवास, योजना का उठाए अधिक से अधिक लाभ

- ऋण उपलब्ध कराने आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बैंक के अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में रह रहे लोगों को आवास प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। इसके लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 सितंबर 2022 निर्धारित की गई है। निगम भिलाई सुपेला के मुख्य कार्यालय के योजना शाखा के कक्ष क्रमांक 16 से आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन प्राप्त करने तथा जमा करने से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आवास एवं योजना शाखा के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन के मोबाइल नंबर 9981391586 पर संपर्क कर सकते हैं। अब तक 3000 लोगों ने इसके तहत आवेदन लिया है। समय सीमा को देखते हुए आवेदन शीघ्र अति शीघ्र प्राप्त कर लेवे। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हितग्राही को प्रथम किस्त की राशि के बाद शेष राशि एकमुश्त जमा करने में कठिनाइयां हो सकती हैं जिसको देखते हुए बैंक के माध्यम से ऐसे हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने से उन्हें राशि जमा करने में आसानी होगी। प्रथम किस्त के समय 30% राशि जमा करनी होती है उसके पश्चात लॉटरी में भाग लिया जा सकता है जैसे ही लॉटरी के माध्यम से आबंटन होगा उसके पश्चात शेष राशि 70प्रतिशत भी जमा करनी होगी, जिसको देखते हुए निगमायुक्त ने हितग्राहियों के सहूलियत के लिए बैंक के अधिकारियों से शेष राशि जमा करने पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने कहा है।आवास आबंटन होने के पश्चात ही शेष राशि जमा की जाएगी जिसके लिए बैंक से ऋण मिलेगा। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने आवास योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। वहीं निगम प्रशासन ने भी इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने जरूरतमंद लोगों एवं पात्र हितग्राहियों से अपील की है।

# एक ही दिन में सीएचसी धमधा में 8 बच्चों ने सीजेरियन आपरेशन से लिया जन्म

- डॉक्टरों ने टीम गठित कर किया सफलतापूर्वक सीजेरियन आपरेशन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में रिकॉर्ड 8 प्रसूति महिलाओ का आपरेशन के द्वारा प्रसव करवाया गया। डॉ डी पी ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण अंचल में यह रिकॉर्ड पहली बार किसी स्वास्थ्य केंद्र ने हासिल किया है, आज टीम ने 8 प्रसूति केस में आपेरशन किया गया। जिसमें से एक केस प्रयमी ग्रेविडा (बच्चे ने गंदा पानी पी लिया था) का था। प्रयमी ग्रेविडा में बच्चें को बचाने में कठनाई थी परंतु चिकित्सकीय टीम ने अपनी दक्षता का परिचय देते हुए, इस क्रिटिकल सर्जरी को चिकित्यकीय टीम ने सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वर्तमान में अभी जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में मां और बच्चें पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में बच्चें को टीकाकरण किया गया और माताओं के पोषण के लिए स्वल्पाहार भी प्रदान किया जा रहा है।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्यों का नाम ऑनलाइन करने दिया टार्गेट

# समीक्षा बैठक में आयुक्त ने सर्वे पर किया फोकस

- सब इंजीनियर स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



अन्य पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की तलाश एक बार फिर रिसाली निगम करेगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने छुटे हुए परिवार का ऑनलाइन एंट्री करने समय सीमा निर्धारित की है। कार्य 17 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने निगम के अधिकारियों की बैठक ली। 4 घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में सख्त रूख अपनाते कहा कि छुटे हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवार को शीघ्र चिन्हित किया जाए।

राशन कार्ड के आधार पर गणना करे और आधार कार्ड नं. लेकर ऑनलाइन एंट्री कार्य करे। उल्लेखनीय है कि रिसाली निगम क्षेत्र में 3 अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अधिकारियों ने अन्य पिछड़ा वर्ग के 44097 परिवार और आर्थिक रूप से कमजोर 7115 परिवार को ऑनलाइन किया है। सोमवार को हुई बैठक में कार्यपालन अभियंता एस.के बाबर, सहायक अभियंता आर.के जैन व उप अभियंता अखिलेश गुप्ता, एस.के.सिंह भदौरिया, नितिश साहू, डिगेश्वरी चन्द्राकर, आशिमा व उमयंती ठाकुर उपस्थित थी।

### पार्षद व एल्डरमेन की ले मदद

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि ऑनलाइन करने का कार्य प्रतिदिन किया जाए। वही छुटे हुए परिवार की तलाश करने वार्ड पार्षद और उस क्षेत्र में निवास करने वाले एल्डरमेन से मदद ले। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सद्स्य बीएसपी स्कूल . 35 निगम कार्यालय भवन के डाटा सेंटर व टंकी कार्यालय स्थित राजस्व विभाग में नाम जुड़वा सकते है।

**हर दिन करनी होगी समीक्षा-**उपअभियंताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रतिदिन करे। वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य विलंब होने पर आयुक्त ने सब इंजीनियर को दोषी ठहराने की बात कही। आयुक्त आशीष देवांगन ने विकास कार्य की सूची पर हर दिन प्रगति रिपोर्ट लिख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही पर बिना देरी किए नोटिस दे।

# नगरीय निकायों में चलाया जाएगा मोर शहर, मोर जिम्मेदारी अभियान

- शहरी गौठानों में गोसेवा के लिए बनेगा गौकोश, प्रबुद्ध नागरिकगण इसके लिए दे सकते हैं दान

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों को स्वच्छ सुंदर बनाने की पहल को लेकर प्रशासन ने दो बड़े निर्णय लिये। नगरीय निकायों में मोर शहर, मोर जिम्मेदारी अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रबुद्ध नागरिकगण अपने मोहल्ले के चौक-चौराहों को सुंदर बनाये रखने सहयोग करेंगे। इसके अलावा शहरी गौठानों में गोसेवा के लिए गौकोष बनाया जाएगा, इसमें नागरिकगण अपना आर्थिक सहयोग कर सकेंगे जिसे गायों के रख-रखाव के लिए खर्च किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने यह निर्देश समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, डीएफओ शशि कुमार, भिलाई निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, दुर्ग निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चौक-चौराहों की लेंगे जिम्मेदारी- कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने कहा कि अपने शहर को स्वच्छ सुंदर बनाये रखना प्रशासन के साथ ही नागरिक के रूप में हम सबकी जिम्मेदारी भी है। जनभागीदारी से शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के हमारे संकल्प को पूरा करने की दिशा में काफी सहयोग मिल सकता है। इसके लिए सार्वजनिक जीवन में प्रबुद्ध लोग जो अपने परिवेश को सुंदर बनाने की दिशा में सहयोग करना चाहते हैं उनसे सहयोग लिया जा सकता है। चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण में तथा मेंटेनेंस में होने वाले खर्च की राशि के लिए नागरिकगण सहयोग दे सकते हैं। इसके लिए निगम के अधिकारी सार्वजनिक जीवन में सक्रिय प्रबुद्ध दानशील लोगों से संपर्क करें और इन्हें प्रेरित करें। कालोनियों में रेसीडेंशियल सोसायटी के पदाधिकारी मिलकर यह कार्य कर सकते हैं। वे ऐसे स्थलों का चिन्हांकन भी कर सकते हैं जहां ब्यूटीफिकेशन संभव है और इसके लिए वे प्रस्ताव दे सकते हैं ।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर रोकथाम की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु जारी अभियान के तहत आबकारी टीम द्वारा अजय सिह पारधी आत्मज अर्जुन सिंह खुर्सीडीह के पास से 225 देसी मदिरा मसाला कुल 3.96 बल्क लीटर एवं सीजी 07 सी.ई. 8660 हीरो स्प्लेंडर प्लस जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया। नंदकुमार उर्फ संतोष आ. माखन लाल, निवासी-राजीव नगर, थाना-सिटी कोतवाली जिला दुर्ग 49 नग देसी मदिरा मसाला कुल 8.82 बल्क लीटर एवं वाहन क्रमांक सीजी 07 एल.टी. 0910 हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण कायम किया गया।

संपादकीय

## ममता का बयान भ्रमित विपक्ष

**विपक्ष** भ्रमित स्थिति में है, ममता बनर्जी नरमी दिखा रही हैं, केजरीवाल अकेले चलने के पक्ष में हैं, जबकि केसीआर गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति ममता बनर्जी के बयान में दिखी नरमी से सबको आश्चर्य हुआ है। यह उन लोगों के लिए झटका है जो केन्द्र में सरकार बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, उनका विश्वास नहीं है कि मोदी केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों को उनकी तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। लगता है कि ममता बनर्जी का तर्क भ्रामक है और वे तथ्यों को अपने तर्क की राह में आड़े नहीं आने देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों एजेंसियां प्रधानमंत्री कार्यालय-पीएमओ के अंतर्गत नहीं आती हैं, बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आधीन हैं। मोदी समर्थक शायद इससे यह समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री का सीबीआई व ईडी पर नियंत्रण नहीं है और इस पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इसके अलावा सीबीआई कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत आती है जो सीधे पीएमओ को रिपोर्ट करता है। उन्होंने सीबीआई व ईडी की कार्रवाइयों के लिए 'केन्द्र सरकार तथा भाजपा नेतृत्व के एक हिस्से' पर आरोप लगाया। उनके लक्ष्यों की 'बाल की खाल निकालने' का कोई औचित्य नहीं है। यहां यह तथ्य पूर्णतः स्पष्ट है कि ममता बनर्जी ने अपना कट्टर मोदी-विरोधी दृष्टिकोण छोड़ दिया है जो अभी कुछ ही समय पहले तक बना हुआ था। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव की याद करें तो स्पष्ट होगा कि वे कितने तीखे ढंग से पूरी 'भगवा अवस्थापना' पर हमले बोलती थीं। इनकी तुलना में उनको मोदी पर हालिया बयान मित्रतापूर्ण कहा जा सकता है। लेकिन इसकी भाजपा की ओर से कोई मैत्रीपूर्ण प्रतिक्रिया नहीं हुई है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने उनके बयान की प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा में किसी को और खासकर प्रधानमंत्री को ममता बनर्जी से कोई वैधता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

राजनीतिक विश्लेषक उनके नरम दृष्टिकोण को उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ जारी भ्रष्टाचार मामलों का नतीजा मान सकते हैं जिनमें उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। इन मामलों ने निश्चित रूप से ममता बनर्जी पर दबाव डाला है और उनको राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को उनके सभी पदों से हटाना पड़ा है। लेकिन उनका नरम दृष्टिकोण निश्चित रूप से विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत नहीं है। सतही तौर से देखने पर विपक्षी एकता भारतीय जनता पार्टी-विरोधी नेताओं की स्वाभाविक पसंद लगती है। जैसा कि वे सभी दावा करते हैं कि अन्य चीजों के साथ उनको केन्द्रीय एजेंसियां परेशान कर रही हैं। जहां ममता बनर्जी पर भले ही भ्रष्टाचार मामलों के कारण दबाव हो, वहीं अन्य विपक्षी नेताओं के अपने एजेंडे हैं। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संभवतः गठबंधन के प्रति ज्यादा उत्साही नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि 'गठबंधन बनाने या तोड़ने की राजनीति' उनकी ठीक से समझ में नहीं आती है। इसके उलट तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव केन्द्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए गठबंधन के पक्ष में हैं। वे अपनी राष्ट्रीय पार्टी भी शुरू करना चाहते हैं। उनका विश्वास है कि 'वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे' पर सहमति है। लेकिन इसमें एक पेंच भी है। वे कांग्रेस को प्रस्तावित गैर-भाजपा गठबंधन से बाहर रखना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में, विपक्ष का कोई नेता यह नहीं जानता है कि आगे कैसे बढ़ा जाए। विपक्ष में मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की इच्छा तो है, लेकिन इसके लिए उसके पास कोई योजना नहीं है।

# गैस मूल्यों पर पुनर्विचार आवश्यक

**प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है। इसका प्रभाव अनेक क्षेत्रों में ऊर्जा की लागत पर पड़ रहा है। इनमें खासकर ऊर्जा व बिजली, आदि क्षेत्र संवेदनशील हैं। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस-एमपीएनजी मंत्रालय ने डा. किरीट पारिख के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है जो देश में उत्पादित एनजी के वर्तमान मूल्य फार्मूले की समीक्षा करेगी। देश में खर्च होने वाली 54.6 बिलियन क्यूबिक मीटर या बीसीएम गैस का लगभग 50 प्रतिशत आयातित द्रव प्राकृतिक गैस या एलएनजी से पूरा होता है। कमेटी से इस महीने के अंत तक रिपोर्ट देने को कहा गया है। उसे फार्मूले का ढांचा पुनः इस प्रकार बनाने को कहा गया है ताकि 'अंतिम उपभोक्ता के लिए उचित मूल्य' सुनिश्चित हो सके। नवंबर, 2014 से प्रभावित मूल्य दिशानिर्देशों के अनुसार फील्ड से सभी घरेलू सप्लायरों को नई खोज व लाइसेंसिंग नीति-एनईएलपी के अंतर्गत लाया गया है। इसमें राज्य स्वामित्व वाली ओएनजीसी व आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल को नामांकित ब्लाकों को भी एनईएलपी में लाना शामिल है। इस कीमत या सामान्य कीमत को चार अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर मूल्यों का औसत रखा गया है।

इनमें अमेरिका की हेनरी हब, कनाडा की एल्बर्टा गैस, ब्रिटेन की नेशनल बैलेसिंग प्वाइंट-एनबीपी तथा रूसी गैस शामिल हैं। एक वित्त वर्ष में हर 6 महीने पर कीमतों की समीक्षा होती है। इसके साथ ही मार्च, 2016 में गहरे व बहुत गहरे तथा उच्च दाब व उच्च तापमान वाले क्षेत्रों के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत 'प्रीमियम' मूल्य की अनुमति है। इसका निर्धारण प्रतियोगी बोली के आधार पर किया जाता है जिसमें पहले गैस उत्पादकों से जुड़े उद्यमों को भाग लेने की अनुमति नहीं थी। इस प्रकार निर्धारित नीति एक सीमा तक वैकल्पिक ईंधनों की कीमतों पर निर्भर करती है जिनमें फ्यूल आयल, नेफ्था व एलएनजी शामिल हैं। यदि बोली आधारित कीमत सीमा से ऊपर निकल जाती है तो खरीदार को सीमा निर्धारित कीमत ही देनी होती है।

अक्टूबर, 2020 से गैस उत्पादक फर्मों के सहयोगियों की नीलामी प्रक्रिया में सहभागिता पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया। इसका अर्थ था कि उत्पादक अपनी सहायक या सहयोगी कंपनी के माध्यम से अपनी ही गैस खरीद कर तीसरे पक्षों को अधिक दर पर बेच सकता था। इस प्रकार कीमत पर सीमाबंधन से मुक्ति मिल गई। उदाहरणार्थ, आंध्र प्रदेश तट पर स्थित कृष्णा गोदावरी बेसिन के केजी-डी6 क्षेत्र से गैस उत्पादन करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड-आरआईएल ने ठीक यही काम किया। 5 फरवरी, 2021 को उसने इस क्षेत्र से निकलने वाली नई गैस के लिए 7.5 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन-एमएमएससीएमडी का प्रस्ताव किया। उसकी सहायक रिलायंस ओ2सी लिमिटेड ने 4.8 एमएमएससीएमडी पर या 4.06 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर खरीदा जो उस समय मूल्य सीमा थी।

इसे उसने गेल इंडिया लिमिटेड, शेल व अन्य को 6-7 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर बेचा। देश में उत्पादित अधिकांश एनजी के अलावा उपरोक्त के दो अन्य बड़े स्रोत हैं। इनमें जुलाई, 2017 में शामिल ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग नीति-ओएएलपी शामिल है जो बाजार-आधारित मूल्य की अनुमति देती है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर भारतीय उपभोक्ताओं के समक्ष एनजी मूल्य परिदृश्य इस प्रकार है। स्पाट मार्केट में औसत अंतरराष्ट्रीय मूल्य 50 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अप्रैल, 2022 से लागू है। इसके अलावा पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों से 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू दर, डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों से 9.92 डालर प्रति एमबीटीयू प्रीमियम मूल्य है जो आमतौर से बोली मूल्य 15 डालर प्रति एमबीटीयू से अधिक है। उर्वरक क्षेत्र एनजी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है जो 33 प्रतिशत उपभोग करता है। इसके बाद शहरों में गैस वितरण या सीजीडी का हिस्सा 23 प्रतिशत तथा बिजली का 13 प्रतिशत है। ये क्षेत्र नियंत्रित कम मूल्य पर गैस आबंटन में प्राथमिकता प्राप्त हैं।

उर्वरकों में अधिकांश गैस का प्रयोग यूरिया उत्पादन में होता है जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी कम स्तर पर बनाए रखा जाता है ताकि किसानों को यह सस्ती कीमतों पर मिल सके। एमआरपी से अधिक लागत की निर्माताओं को सब्सिडी के माध्यम से भरपाई की जाती है। उर्वरकों के लिए एनजी की आवश्यकता का लगभग 67 प्रतिशत घरेलू स्रोतों तथा 33 प्रतिशत आयातित एलएनजी से होता है। घरेलू स्रोतों से उद्योग 50-50 प्रतिशत 'नियंत्रित' व 'प्रीमियम' गैस से प्राप्त करता है। इस प्रकार गैस का प्रभावी मूल्य 8 डालर प्रति एमबीटीयू होता है और इसके परिणामस्वरूप गैस की कुल कीमत 5.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है।

जहां तक आयातित गैस का सवाल है, भारत इसका 80 प्रतिशत दीर्घकालीन अनुबंधों से प्राप्त करता है जिसका औसत मूल्य 12 डालर प्रति एमबीटीयू है, जबकि 20 प्रतिशत स्पाट बाजार से खरीदी जाती है जिसकी वर्तमान कीमत 50 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार प्रभावी मूल्य 19.6 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार कुल गैस की समग्र कीमत 6.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है। कुल मिला कर यूरिया उत्पादन में एनजी की लागत 12 डालर प्रति एमबीटीयू आती है। इसमें हैडलिंग, रि-गैसीफाइंग एलएनजी, परिवहन टैरिफ, बाजार का मुनाफा, टैक्स व ड्यूटी, आदि के खर्च अलग से जुड़ते हैं। इनको मिला कर लागत 15 डालर प्रति एमबीटीयू पहुंच जाती है। एक टन यूरिया के लिए 24 एमबीटीयू गैस प्रयोग करने से इसका खर्च 360 डालर प्रति टन या 28,800 रुपये प्रति टन हो जाता है। यह 5360 रुपये प्रति टन एमआरपी की तुलना में 5.5 गुना अधिक है। एनजी की अधिक कीमत उर्वरक सब्सिडी बढ़ने का प्रमुख कारण है जिसके 2022-23 में 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है। बिजली क्षेत्र में एनजी की अधिक कीमत से गैस-आधारित उत्पादन प्लांटों की उपयोगिता खतरे में पड़ जाती है क्योंकि खरीदार इसके परिणामस्वरूप पैदा महंगी बिजली नहीं खरीद सकते हैं। सीजीडी क्षेत्र भी मूल्यवृद्धि के कारण दबाव अनुभव कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्पाट बाजार में एनजी की कीमतें नियंत्रण से बाहर हैं। वास्तव में ईयू देशों द्वारा रूस से आने वाली दो-तिहाई गैस का विकल्प तलाशने, यानी इसे मध्य पूर्व व अमेरिका, आदि से खरीदने की योजना के कारण इसके दामों में तेज वृद्धि की आशंका है। इससे भारतीय खरीद के दीर्घकालीन अनुबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके कारण दामों में तेज वृद्धि की आशंका है।

इसलिए भारत को घरेलू गैस की कीमतें कम करने पर ध्यान देना चाहिए। आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों को अधिक कीमत की अनुमति देने का कोई वैध कारण नहीं है। यदि जटिल क्षेत्रों से उत्पादन में अधिक निवेश होता है तो ये ज्यादा गैस भी देते हैं। सामान्य कीमतों पर भी उत्पादक ज्यादा राजस्व प्राप्त कर सकता है। इस तर्क को ध्यान में रखते हुए शुरुआत में मोदी सरकार का इरादा इन क्षेत्रों के लिए ज्यादा कीमतें देने का नहीं था। लेकिन मार्च, 2016 में वह दबाव के सामने झुक गई। आज पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों से सप्लाई बाजार आधारित मूल्यों पर होती है। मांग के सप्लाई से बहुत अधिक होने को देखते हुए इस कीमत को उचित नहीं कहा जा सकता है। यह सिद्धान्त छोड़ देना चाहिए। इसके बजाय सभी घरेलू सप्लाई 2014 में तय फार्मूले के आधार पर होनी चाहिए।

1 अप्रैल, 2022 से लागू वर्तमान 'सामान्य' कीमत 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 के बीच लागू कीमतों से 100 प्रतिशत अधिक है। चार वैश्विक स्थानों पर एनजी कीमतों की प्रवृत्ति को देखते हुए इसकी कीमतों में और वृद्धि की संभावना है। कीमतों की अगली समीक्षा 1 अक्टूबर, 2022 में होगी। सरकार को वर्तमान दर पर कीमतों को 'फ्रीज़' कर देना चाहिए और इसे वैश्विक स्थितियों में सामान्य स्थिति आने तक बनाए रखना चाहिए।

# क्यों कहते हैं इंग्लैंड के राजा को चार्ल्स तृतीय?



**सरदिंदु मुखर्जी**
(लेखक आईसीएचआर के सदस्य हैं)

अंग्रेजी राजशाही का एक लंबा सुव्यवस्थित इतिहास रहा है। यहां प्रस्तुत हैं कुछ संकेतक जो यूनाइटेड किंगडम में इसके गुंझलदार अतीत से रूबरू कराते हैं। जाहिर है, इस प्रश्न का उत्तर यह होगा कि इंग्लैंड में पहले राजा होते थे, जिन्हें चार्ल्स प्रथम और चार्ल्स द्वितीय के नाम से जाना जाता था। हो सकता है, केवल वही लोग जिनकी इतिहास में रुचि है, विशेष रूप से अंग्रेजी इतिहास में रुचि रखने वाले लोग जानना चाहें। अंततः, क्या किसी ने इतिहास को शयनगाह नहीं कहा था! वैसे भी 30 जनवरी को स्कॉटलैंड यार्ड, लंदन के पास से अगर कोई गुजरे तो एक अजीब नजारा देखने को मिल सकता है। कुछ लोग, शाही अंदाज अपनाते हुए, उस राजा की याद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिसका यहां सिर काट दिया गया था। यह आखिरी बार था जब किसी अंग्रेज राजा को फांसी दी गई थी। वह राजा चार्ल्स प्रथम थे, जिन्होंने 1625-1649 तक शासन किया था, जो अपने पिता, राजा जेम्स के निधन के बाद अंग्रेजी सिंहासन पर आसीन हुए थे! उससे पहले, स्कॉटलैंड के जेम्स छठा स्टुअर्ट राजवंश से संबंधित थे।

चार्ल्स प्रथम को एक अड़ियल अंग्रेजी संसद का सामना करना पड़ा जिसने राजत्व के दैवी अधिकार सिद्धांत को चुनौती देना शुरू कर दिया था। हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रमुख स्थान रखने वाले प्यूरिटंस के बढ़ते विरोध का कारण थे- कराधान से संबंधित शाही मांगें, उनके द्वारा कैथोलिक, फ्रांसीसी राजकुमारी हेनरीटा मारिया के साथ शादी करना और विदेश नीति के संचालन में उनका स्पेनिश-समर्थक पूर्वाग्रह। इंग्लैंड में सुधार के बाद की अवधि में, ट्यूडर किंग हेनरी अष्टम् (1509-1547) द्वारा गति मिलने से, कैथोलिकों पर कैथोलिक पोप का समर्थक होने के नाते इंग्लैंड के प्रति अनिष्ठा का संदेह किया गया।

जैसे जैसे चार्ल्स प्रथम से समझौता के बिना किसी संकेत के मतभेद बढ़ते गए, मामला गंभीर होता गया। कॉमन्स ने अधिकारों की याचिका (1628) द्वारा अपने संवैधानिक अधिकारों का दावा किया, जिसे लॉर्ड्स द्वारा भी पारित किया गया था- जिसने शाही शक्ति -मसलन, मार्शल लॉ, सैनिकों की बिलेटिंग, कराधान और कारावास-के मनमाने प्रयोग पर प्रतिबंध लगाकर कुछ उल्लेखनीय लक्ष्यों को प्राप्त किया। इसके बाद, कोई भी अंग्रेज राजा कभी भी सैन्य तानाशाह नहीं बन सका, निजी घर में सैनिकों की बिलेटिंग पर और नागरिकों के कोर्ट मार्शल पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई आश्चर्य नहीं, बिल ऑफ राइट्स को 'यूरोप के सर्वाधिक नागरिक राष्ट्र का चार्टर' कहा जाता है।



जैसे-जैसे टकराव जारी रहे, जेम्स ने संसद को भंग कर दिया और अगले 11 वर्षों तक, इंग्लैंड पर बिना संसद के राजा का शासन जारी रहा। चार्ल्स प्रथम (1629-1640) द्वारा व्यक्तिगत शासन के इस दौर को 'ग्यारह वर्ष का अत्याचार' कहा जाने लगा। पूर्ण शासन के समकालीन यूरोपीय मानक को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह इतना अत्याचारी नहीं था। 1640 में जब दुबारा संसद बुलाई गई, तो यह अधिक समय तक नहीं चली। इसके बाद गृहयुद्ध (1642-49) हुआ, और सांसदों के हाथों शाही लोगों को पराजय मिली। उसी समय किंग चार्ल्स को मार डाला गया था और इंग्लैंड पर ग्यारह साल (1649-1660) तक बिना संसद के शासन चला। यह वो समय था जब ओलिवर क्रॉमवेल ने शासन किया था। यह वो समय था, जब दो शब्द उपयोग में आए- कैवलियर्स (रॉयलिस्ट) और राउंडहेड्स (संसद)।

जैसा कि रिचर्ड क्रॉमवेल एक विफलता (1658-1660) साबित हुआ, उस समय एक आम सहमति थी कि गणतंत्र विफल हो गया, और इंग्लैंड को बिना राजा के नहीं चलाया जा सकता। कन्वेंशन पार्लियामेंट -तथाकथित, क्योंकि इसे एक राजा द्वारा नहीं बुलाया गया था - ने राजा और दो सदनों - लॉर्ड्स और कॉमन्स की वापसी के लिए मतदान किया, और उस समय इंग्लैंड के पूर्व राजा के बेटे को पदभार संभालने के लिए कहा गया था। इतिहास में बहाली के रूप में विख्यात - चार्ल्स द्वितीय, लंदन आया, और उस तख्ते के करीब के बैंक्वेटिंग हॉल में प्रवेश किया जहां उसके पिता को मार डाला गया था।

एक फ्रांसीसी राजकुमारी (1660-1685) के बेटे चार्ल्स द्वितीय ने फैसला किया कि 'वह फिर से उस राह पर नहीं जाएंगे, जिसे उनके पूर्ववर्तियों स्टुअर्ट और ट्यूडर ने अपनाया था, उन्होंने संसद की मंजूरी लेकर शासन किया। चार्ल्स द्वितीय ने राउंडहेड्स को क्षमा कर दिया, लेकिन जो लोग उसके पिता को सजा देने में हिस्सेदार थे- उनमें से लगभग दस पर विधिवत मुकदमे चलाया गया और उन्हें सजा दी गयी। राजा के एक मित्र ने उसके चरित्र का सार प्रस्तुत किया था: यहां हमारा प्रभु राजा है, जिसके वचन पर कोई भी विश्वास नहीं करता है, जिसने न कभी कोई मूर्खतापूर्ण और न कभी कोई बुद्धिमानीपूर्ण बात कही। राज शाही में अपने परिष्कृत विश्वास के बावजूद, उन्होंने एक स्थायी सेना की अवधारणा को तुच्छ माना, और उसकी अनुमति नहीं दी। इस दौरान, दो पुराने राजनीतिक समूहों को टोरीज (बाद में कंजरवेटिव) और व्हिग्स (बाद में लिबरल्स) कहा जाने लगा, जो ब्रिटेन में द्वि-पक्षीय प्रणाली की शुरुआत का प्रतीक था।

मूलतः, टोरीज का मतलब था एक विद्रोही आयरिश पापिस्ट, और व्हिग्स का अर्थ था- एक विद्रोही स्कॉटिश प्रेस्बिटेरियन! एक और ऐतिहासिक निर्णय था 1679 में पारित बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम, जिसमें यह प्रावधान था कि किसी भी ब्रिटिश व्यक्ति को मुकदमा चलाए बिना गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए- जिसने कई देशों में इसी तरह के कानून के लिए मॉडल प्रदान किया। विचारों की दुनिया में 17वीं सदी में बहुत कुछ हुआ।

महान विचारक और निबंधकार फ्रांसिस बेकन का निधन हो गया, और बाइबल के 'सच्चाई के निर्विवाद स्रोत' के रूप में बने रहने के बावजूद, इस सदी में विलियम शेक्सपियर, बेन जॉनसन, जॉन डोने और मिल्टन जैसे लोग थे। यह नवीन विचारों और अमर रचनाओं वाले गिल्बर्ट, बॉयल और न्यूटन जैसों का ''विज्ञान का युग'' भी था।

## फरमाया



**बहुत** अधिक नशे के कारण पंजाब के मुख्यमंत्री को विमान से उतार देने की खबरें हैं। ये पंजाबियों के लिए शर्मनाक व परेशान करने वाली बात है।

**- सुखबीर सिंह बादल**
अकाली दल नेता



**सोशल** मीडिया की खबरें प्रचार हैं। विदेश यात्रा से मान द्वारा निवेश लाने के कारण विपक्ष आश्चर्यचकित है।

**- मलविंदर सिंह कांग**
आप प्रवक्ता



**चुनाव** लड़ने के इच्छुक हर व्यक्ति का स्वागत है। यह खुली, लोकतांत्रिक व पारदर्शी प्रक्रिया है। किसी को किसी से अनुमति की जरूरत नहीं है।

**- जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## बिखरा हुआ विपक्ष

विपक्षी नेताओं के बयान पर्याप्त संकेत है कि विपक्षी नेताओ को एकजुट कर पाना तराजू में मेडक तोलने के समान है। आम आदमी पार्टी संयोजक केजरीवाल ने कहा है कि हम भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे बल्कि 130 करोड़ जनता के साथ गठबंधन करेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सी आर स्वयं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी दौरे कर विपक्षी एकजुटता का दम भर रहे हैं. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर भारत के विपक्षी नेताओं को एकजुट करने का बीड़ा उठाया हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले आर एस एस और अब देश के प्रधानमंत्री पर विपक्षी आरोप ई डी एवम सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप को सिरे से खारिज किया है। विपक्षी एकता मुहिम में बड़े जनाधार वाली दलित नेता मायावती, कभी विपक्षी एकता के सूत्रधार रहे चंद्रबाबू नायडू और एक मजबूत विपक्षी नेता नवीन पटनायक को विपक्षी नेताओं ने विपक्षी मुहिम का हिस्सा नहीं बनाया है यह विपक्षी नेताओं की व्यापक सोच पर भी प्रश्न चिन्ह है। भारतीय जनता पार्टी के समक्ष विपक्ष अपनी डफली अपना राग की नीति पर चलता दिखाई देता है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

## बच्चों पर विशेष ध्यान दें!

**हमारे** देश के सभी राज्यों में प्रारंभिक विद्यालय में मिड-डे- मील यानी मध्यान भोजन की व्यवस्था है. इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने को लेकर अक्सर अन्य-अन्य राज्यों से खबर आती रहती है. सरकार की ओर से बाकायदा हर दिन के हिसाब से मन्यू तय है. यह बच्चों के लिए जरूरी पोषक तत्वों के हिसाब से बनाया गया है. मिड-डे-मील को लेकर राज्य सरकार की ओर से अक्सर औचक निरीक्षण वरीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है. कई बार जिला अधिकारी खुद बच्चों के साथ बैठकर भोजन करते हैं. इसके बावजूद गुणवत्ता पर अक्सर प्रश्न उठता है. इसको देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इस बारे में राज्य मध्यान भोजन निदेशालय को दिशा निर्देश जारी किया गया है कि गुणवत्ता की परख अब उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र करेंगे. निर्देश में उचित शिक्षण संस्थानों के फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग में पढ़ाई करने वाले छात्रों को मिड-डे-मील की गुणवत्ता जांच की मुहिम से जुड़ने को कहा गया है. साल में कम से कम एक स्कूल में जाकर इन छात्रों द्वारा भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की जाएगी. साथ ही उन्हें खुद भी उसे चखकर उसकी रेटिंग करनी होगी. इस मुहिम में रसोईया को भी जोड़ा जाना चाहिए।

**- सदन जी,** पटना विश्वविद्यालय

## विरोध का दमन

**आजकल** हमारे देश के इस लोकतंत्र में किसी भी मुद्दे पर विरोध / आंदोलन करने वालों की कोई भी सुनना ही नहीं चाहता है। केवल दमन (दबाव) के बल पर आंदोलन करने वालों क आंदोलन खत्म की कोशिश की जाती है। यह लोकतंत्र के विपरीत है। जबकि जिन मुद्दों पर विरोध आंदोलन किया जा रहा है उनको गंभीरता से सुनना जिम्मेदारों का काम है। प्रयागराज विविद्यालय में 400 गुना फीस बढ़ा दी गई है। छात्र आंदोलन कर रहे हैं की बढ़ाई गई फीस थी कम करें या वापस ले। लेकिन एकाएक तुगलकी फरमान जारी कर 400 गुना वृद्धि करना तो व्यवहारिक नहीं है। एक छात्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसका कहना है कि आंदोलन खत्म करने हेतु पुलिस उसके परिवार को प्रताड़ित कर रही है। आरोप-प्रत्यारोप जारी है। मगर शासन प्रशासन को विरोध करने वालों की जायज़ बातों को सुनना चाहिए व जो भी तर्कसंगत हल है, उसका संतोषप्रद निदान करना चाहिए ताकि आम व कमजोर छात्रों पर आर्थिक भार ना बढ़े।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

# बेमेतरा विधानसभा के स्कूलों में मिड डे मील योजना बंद किसान नेता ने स्कूलों का निरीक्षण कर लिया जायजा

- योजना अंतर्गत जल्द नियमित भोजन की व्यवस्था नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी
- किसान नेता ने ग्राम कठिया, तिवरैया व टेमरी के सरकारी स्कूलों में पहुंचकर लिया जायजा, बच्चों को बांटे बिस्किट

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरकारी स्कूलों में मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को भोजन नहीं मिलने से गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। क्योंकि गरीब परिवार में माता-पिता सुबह से काम पर निकल जाते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों के लिए भोजन नहीं बनने के कारण काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। इसलिए निशुल्क शिक्षा के साथ बच्चों को भोजन मिले इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से मिड डे मील योजना शुरू की गई। जानकारी के अनुसार सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों में आधे से अधिक बच्चे दोपहर के भोजन से वंचित हैं। गिनती के बच्चे ही भोजन लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं।

**समूह का 5 से 6 महीने का भुगतान बकाया, खड़े किए हाथ-** किसान नेता योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कठिया, तिवरैया व टेमरी के सरकारी स्कूलों में पहुंचकर मध्याह्न भोजन योजना का निरीक्षण किया। जहां उन्हें स्कूल स्टाफ व बच्चों ने बताया कि करीब माह भर से स्कूल में मध्यान्ह भोजन नहीं बन रहा है। नतीजतन बच्चों को भोजन नहीं मिल पा रहा है। वही समूहों का 5 से 6 महीने का भुगतान बकाया है। ऐसी स्थिति में समूहों ने मध्याह्न भोजन बनाने का हाथ खड़े कर दिए हैं। क्योंकि बाजार में उन्हें उधारी मिलना बंद हो गया है और पुराना बकाया को लेकर दुकानदार परेशान कर रहे हैं।

**स्कूल के बच्चों को बांटे बिस्किट के पैकेट-** किसान नेता योगेश तिवारी ने मध्याह्न भोजन के साथ बच्चों से पढ़ाई की जानकारी भी ली। वही बच्चों से उनके पाठ्यक्रम से संबंधित कई सवाल किए, जहां बच्चों ने उनके सही जवाब दिया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के बच्चों ने भोजन नहीं किया था, इसलिए किसान नेता की ओर से बच्चों को बिस्किट के पैकेट बांटे गए।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसान नेता के अनुसार तीन गांव के स्कूलो का दौरा किया। जहां पिछले एक महीने से मध्याह्न भोजन बंद है। सरकार जल्द मध्यान्ह भोजन शुरू करे, ताकि बच्चों को पोषण युक्त भोजन मिल सके। बेमेतरा विधानसभा के लगभग 90प्रतिशत स्कूलों में यह योजना बंद है। योजना अंतर्गत बच्चों को शीघ्र भोजन नही मिलने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

### टेमरी स्कूल को गोद लेने कलेक्टर से करेंगे मुलाकात

किसान नेता ने कहा कि ग्राम टेमरी के सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन की व्यवस्था के गोद लेने को तैयार हैं। इस संबंध में बेमेतरा कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला से मुलाकात कर अनुमति मांगी जाएगी। अनुमति मिलने की स्थिति में स्कूल को गोद लेकर उनकी ओर से वहां मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

# कुसुमकसा दल्लीराजहरा में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भेंट मुलाकात कार्यक्रम में बालोद जिले के ग्राम पंचायत कुसुमकसा दल्लीराजहरा में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र की विधायक व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी अनिला सुथार, नगर पंचायत अध्यक्ष शीबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, अशोक बाम्बेश्वर, रविकांत देशमुख, अनुसूचित जाति के प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे, व्यापारी संघ अध्यक्ष गज्जू सोनी सहित ग्राम सरपंच पंच पार्षद गणों कांग्रेस की प्रतिनिधि कार्यकर्ताओं व समाज के जनप्रतिनिधि नागरिकगणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री बघेल कुसुमकसा गांव के कुल देवी की मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के नागरिकों का सुख समृद्धि की कामना किये। उसके बाद ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्या व मांग को सुना ग्रामीणों की मांग अनुसार कुसुमकसा में 20 बिस्तर अस्पताल, मंगलभवन, ब्लॉक हल्बा समाज भवन, बालक छात्रावास



भवन के लिए करोड़ों रूपयों की घोषणा किये, साथ ही ग्रामीणों व किसानों से भेंट मुलाकात कर उनके खेती-बा?ी का हाल चाल जाना व वर्मीकंपोस्ट खाद का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की बात कही श्री बघेल ने कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया, तत्पश्चात सड़क मार्ग से दल्ली राजहरा पहुंचे भारी वर्षा के कारण मुख्यमंत्री का रोड शो कार्यक्रम थोड़ी देरी से प्रारंभ हुआ। दल्लीराजहरा में मुख्यमंत्री का स्वागत छत्तीसगढ़ लोकनृत्य द्वारा किया गया। रोड शो कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल द्वारा जनता का अभिवादन स्वीकार किया व नागरिकों के मांग पत्रों को लिया व उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का काफिला आगे बढ़ते हुए नगर के गुप्ता चौक पहुंचा जहां पर व्यापारी गण मुख्यमंत्री को गाड़ी से नीचे उतार कर व्यापारियों द्वारा बनवाए मंच में आने का आग्रह किया। बारिश, भीड़ व प्रोटोकाल को देखते हुए व्यापारियों का ज्ञापन मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया व उन्हें गेस्ट हाउस में मिलने को कहा। नगर की जनता से रूबरू होकर उनकी समस्या के संबंध में मांग पत्र लिए। मुख्यमंत्री के गाड़ी से नहीं उतरने को लेकर व्यापारी संघ द्वारा नाराजगी जताई तथा व्यापार बंद करने की घोषणा कर दी, जिस पर प्रशासन डैमेज कंट्रोल करने में जूटे रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रात्रि विश्राम नगर में करके कार्यकर्ताओं समस्त प्रशासन विभाग के अधिकारियों से शासन की योजनाओं का फीडबैक लिए। मंत्री भेड़िया ने डौण्डी लोहारा विधानसभा के नागरिकों से भेंट मुलाकात व करोड़ों के विकास कार्य की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किये हैं।

# जिले के नोडल अधिकारियों ने किया पंचायतों का भ्रमण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में संचालित सभी शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ ग्रामीणजनों तक पहुंचाये जाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले के ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायत का दौरा किया और ग्रामीणों से चर्चा कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी एकत्रित की। इस दौरान अधिकारियों नें जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पटवारियों की उपस्थिति एवं उनसे संबंधित कार्यों का पर्यवेक्षण, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की स्थिति, शासकीय स्कूल खुलनें एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, राशनकार्ड/राशन दुकान खुलने एवं राशन वितरण की स्थिति, हेण्ड पम्पों की संख्या, नलजल योजना की स्थिति, हाट बाजार क्लीनिक की स्थिति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान, आंगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने एवं पूरक पोषण आहार वितरण की स्थिति, मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरी भुगतान की स्थिति एवं पंचायतों में सचिव की उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रदेश व्यापी विधानसभा क्षेत्रवार रात्रि विश्राम का कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों में जारी है। इस परिपेक्ष्य में कलेक्टर ने अधिकारियों को आवयश्क कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही पंचायत भ्रमण की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

# जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता करेंगे मुख्यमंत्री से मुलाकात घोषणा पत्र की दिलाएंगे याद और पूछेंगे सवाल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कई चरणों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात का कार्यक्रम चल रहा है कई खट्टी मीठी अनुभव के साथ कार्यक्रम जारी है उसी क्रम में कवर्धा जिला में भी मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम तय है, लेकिन कार्यक्रम होने से पहले विपक्ष भी अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुँचाने कमर कसती नजर आ रही है ज्ञात हो की 22 सितंबर एवं 24 सितंबर को कुई कुकदुर ,इंदौरी ,झलमला ,लोहारा में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय है जिसको लेकर जनता कॉंग्रेस छ. ग. ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की बात की है। जनता कॉंग्रेस छ. ग. जे के जिला अध्यक्ष सुनील केशरवानी,अजित जोगी युवा मोर्चा के कवर्धा जिला अध्यक्ष अश्वनी यदु एवं अजित जोगी छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी की है जिसमें उन्होंने कहा है की जोगी कांग्रेस की एक टीम मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करने जायेगी जहाँ उनसे उनके घोषणा पत्र को याद दिलाया जायेगा ।अपने प्रेस विज्ञप्ति में जोगी कांग्रेस द्वारा कहा गया की कांग्रेस के द्वारा घोषणा पत्र में स्पष्ट कहा गया की बीजेपी शासन काल में दो वर्ष का बोनस जो नहीं दिया गया है उसे कांग्रेस की सरकार बनते ही दी जायेगी वहीं शराब बंदी बेरोजगारी भत्ता एवं गरीबों का रुका हुवा आवास भी मुख्य विषय सहित जिला के स्थानीय मुद्दे भी होंगे। जोगी कांग्रेस ने अपने विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है की बड़ी शालीनता से हम सरकार के आज्ञा के बाद मुख्यमंत्री जी से इन विषय को लेकर चर्चा करने समय लेंगे क्योंकि सरकार के द्वारा किये गये वो वादे जो सबसे महत्वपूर्ण है। जो चार वर्षो से धूल खा रहे हैं जिसे सरकार को स्मरण कराना अति आवश्यक है।

### अशोक बाम्बेश्वर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर विभिन्न मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराया



**दल्लीराजहरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नगर आगमन पर दल्ली राजहरा के विभिन्न मांगों की ओर ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया है।जिसमें मुख्य रूप से बालोद जिला का नाम परिवर्तन कर संयुक्त रुप से बालोद-दल्ली राजहरा जिला किया जाए एवं दल्ली राजहरा में कुछ शासकीय विभागों का कार्यालय खोला जाए। दल्ली राजहरा नगर के लिए 100 बिस्तर शासकीय अस्पताल का निर्माण शीघ्र किया जाए। नल जल आवर्धन योजना के अंतर्गत अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए जिससे नगर वासियों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

# प्रदेश अध्यक्ष का नवागढ़ एनएसयूआई ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई नीरज पांडे का जिला मुख्यालय बेमेतरा के विश्राम गृह में आगमन हुआ जिनका जिले भर से आई एनएसयूआई की पूरी टीम जिला अध्यक्ष राजू साहू के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष का बाजे गाजे व पुष्पगुच्छ भेंट के साथ जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किए हैं इसी कड़ी में नवागढ़ विधानसभा के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के मार्गदर्शन पर सभी एनएसयूआई नवागढ़ के सक्रिय कार्यकर्ता ने भी नीरज पांडे का स्वागत व भेंट की जिसमें मुख्य रुप से युवा कांग्रेस नवागढ़ के सदस्य भी रहे प्रिंस डाहरे, इमरान खान, अंशु केसरवानी ,जिसमें बड़ी संख्या में नवागढ़ विधानसभा के सक्रिय एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी रहे मुख्य रुप से पूर्व शहर अध्यक्ष एनएसयूआई परमेश्वर पात्रे, अजीत चतुर्वेदी, शिखा गेडाम, निखिल चौबे, आर्यभट्ट ,नरोत्तम ,विश्वराज, भानु, मनेन्द्र ,पुष्पराज, तृप्ति जयसवाल ,रश्मि चतुर्वेदी ,गोमती सिन्हा, संगीता ,लक्ष्मी, सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के साथ नवागढ़ महाविद्यालय के कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं पर भी चर्चा हुई जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने उच्च शिक्षा मंत्री के साथ मिलकर समस्याओं का निराकरण की बात कही अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे कवर्धा प्रदेश अध्यक्ष नीरज जिनका बेमेतरा जिले में भी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है।

# मुख्यमंत्री के समक्ष तहसील साहू संघ ने नगर हित में अनेक मांग रखी

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




तहसील साहू संघ राजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर प्रथम राजहरा नगर आगमन पर बस स्टैंड साहू सदन के पास गुलदस्ता भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय बी एस पी सिटीजन क्लब में आयोजित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष तोरण लाल साहू,सचिव राधेश्याम साहू, जिला प्रतिनिधि रूपलाल साहू शामिल हुए। इस दौरान तहसील साहू संघ के अध्यक्ष तोरणलाल साहू ने राजहरा नगर के विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से बी एस पी एवं रेलवे क्षेत्र के लगभग 400 एकड़ जमीन में बसे राजहरा के नागरिकों को अविलंब निःशुल्क पट्टा वितरण करने। राजहरा नगर में मेडिकल कॉलेज खोलने, परिक्षेत्रीय साहू समाज भागोलीपारा में सामाजिक कार्य संचालन हेतु सामुदायिक भवन बनवाने, दल्ली राजहरा को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने, दल्ली राजहरा में ओ बी सी छात्रावास खोलने की मांग की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वागत के अवसर पर गोविंद साहू, श्रीमती राधा साहू,राजेश कुमार साहू, इंद्रकुमार साहू,रेखुराम साहू, निर्मलदास साहू, अंजू साहू, सत्यवती साहू, वीणा साहू, रेखा साहू, द्रोपती साहू, विमला साहू, रेवती साहू, गजेंद्र साहू, मनाराम साहू, जीवनलाल साहू, श्यामदास साहू, कुंदन साहू, सेवकराम साहू, शिव प्रसाद साहू, नरोत्तम साहू, जीवन साहू, रोमन साहू,गंगाधर साहू,आशाराम साहू, देवेंद्र साहू, व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रदेश के बेरोजगारों की सुध लेने की सरकार में कोई भी व्यक्ति नहीं

पायनियर संवाददाता < डौंडी
www.dailypioneer.com




कांकेर लोकसभा के राजहरा सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने कहा है कि प्रदेश के बेरोजगारों की सुध लेने सरकार व सरकार का कोई भी व्यक्ति नहीं दिख रहा है उन्होंने कहा कि नया रायपुर मंत्रालय के बाहर एक नौजवान ने बेरोजगारी की समस्या से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी,उसने बेरोजगार होने की वजह से इतना बड़ा कदम उठा लिया।सरकार जहां एक तरफ अपने किए गए सारे वादों को निभाने में विफल साबित हो रहे वही पी.आर कंपनी से सर्वे कराकर बेरोजगारी दर 0.4 प्रतिशत बता रही है।अगर पूरे प्रदेश में स्थिति ऐसी होती तो आज हमारे प्रदेश के युवा आत्महत्या करने को मजबूर नहीं होते प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा केवल घोषणाओं का काम किया जा रहा है।जब से वे मुख्यमंत्री बने हैं घोषणाओं के अलावा धरातल में उनका कोई भी काम नजर नहीं आता। कहा कि दो दिन पूर्व वे डौंडीलोहारा के दौरे में आए हुए थे जहां पर उन्होंने बहुत सी घोषणाएं की लेकिन यह घोषणा उन्होंने चुनाव जीतने के पहले भी की हुई थी,मगर उसे अब तक पूरा नहीं कर पाए पौने चार सालों बाद फिर वही घोषणा दोहरा कर हमें और हमारे डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की जनता को केवल और केवल ठगने का काम किया जा रहा है, उनका कहना है कि आज कांग्रेस और उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री जी का दोहरा चरित्र सबके सामने नजर आने लगा हैं।वे शुरू से कहते कुछ और है,और करते कुछ और है, उन्होंने आगे यह भी कहा कि हमारे युवाओं द्वारा बेरोजगारी की समस्या को लेकर की जा रही आत्महत्या का जवाब तो देना ही चाहिए।

### पत्नी को मारने की अपराध की स्वीकारोक्ति, आजीवन कारावास

**कवर्धा।** ग्राम धमकी स्थित गौतम मिश्रा के घर में आकर उसे लखनप्रसाद मिश्रा द्वारा यह बताया गया था कि मणी शर्मा (उनकी बहन तथा मृतका) को अभियुक्त सुभाष शर्मा (उनके दामाद) ने मार डाला है, इसलिए कवर्धा जाना है। तब गौतम मिश्रा, लखन प्रसाद मिश्रा, देवशंकर तथा भागीरथी तिवारी चारों अपनी बहन मृतिका के घर पंहुचे, जहां मृतका का शव कमरे के अन्दर जमीन में बिछे गद्दे के उपर काले कम्बल से ढंका था। कम्बल हटाकर देखने पर यह पता चला कि मृतका के चेहरे एवं पेट में चोट के निशान थे। पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि मृतका के साथ आपसी विवाद होने के कारण उसने ईट से पेट, सीना तथा पीठ में मृतका को मारा, जिस कारण वह बेहोश हो गई थी। मृतका के सिर के बालों को पकड़कर सेप्टीक टैंक के पास ले जाकर सीमेंट के कांक्रीट से बने प्लेट में सिर और चेहरे हो पटक पटक कर मारा था और उसके बाद मृतका को उठाकर कमरे के अन्दर ले जाकर गद्दे में सुला दिया।

# मुख्यमंत्री ने गुरूर के आमजनता से की भेंट-मुलाकात

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद विधानसभा के गुरूर में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कहा कि आप लोगों से बात की, अच्छा लगा। आप लोगों को सभी योजनाओं का सुंदर लाभ मिल रहा है। सभी योजनाओं के हितग्राहियों से बातचीत की। मैं संतुष्ट हूँ। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कहीं त्रुटि भी मिली, उसे ठीक कर लेंगे। आम जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार हो, यह प्राथमिकता है। कोरोना काल में भी हम लोग सक्रियता से कार्य करते रहे। कोरोना काल में 6 राज्यों में 30 प्रतिशत वेतन कटौती हुई। मुझे भी कहा गया। हमने कहा कि आम जनता से जुड़ी चीजों में कटौती नहीं करेंगे। हर स्तर पर मितव्ययिता की और हम इस संकट का सामना करने में सफल हुए। किसान के पास पैसा आया तो व्यापार भी बढ़ा। लोगों के जेब में पैसे आये। वनोपज खरीदे। संग्राहकों के हित में कार्य किया। अस्पताल बढ़िया किये। स्वास्थ्य में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। बड़ी बीमारियों में 20 लाख रुपये तक राशि देने का निर्णय हुआ। अंग्रेजी स्कूल को बढ़ावा मिला। संस्कृति को ब?ावा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं का आमजनता से फीडबैक लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 साल हो गया था। कोई राज्यगीत नहीं था। तीज त्यौहार पर अवकाश नहीं था। मुख्यमंत्री निवास में त्यौहार में गरवा लेकर जाते हैं त्यौहार में। जब पहली बार शास्त्री चौक तक हरेली में बैलगाड़ी से गए तो शहरी लोगों को पता चला कि हरेली में ऐसा होता है। 1 मई मजदूर दिवस के दिन तो अमेरिका में भी बसे भारतीय लोगों ने फेसबुक पोस्ट डाले और लिखा हमने बोरे बासी टेस्ट किया।

**मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं-** मुख्यमंत्री ने गुरूर में जनप्रतिनिधियों की मांग पर अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे टूरिस्ट स्थल ओनाकोना का टूरिज्म के दृष्टिकोण से होगा विकास। गुरूर के जोगिया तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं गार्डन निर्माण। बहादुर कलारिन माची नहर पार से मेन रोड मुजगहन तक रोड निर्माण। अंबेडकर चौक गुरूर से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण सियादेही एवं ओनाकोना पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित।

नेवारीकला एवं पड़कीभाठ में नाले में रपटा का निर्माण। ग्राम बोहारा में गौठान मार्ग पर नवीन पुलिया का निर्माण बोड़रा मेन रोड में पुलिया का निर्माण दर्रा खारून नदी में नवीन पुलिया का निर्माण शासकीय नवीन महाविद्यालय गुरूर में बनेगा अतिरिक्त कक्ष। चाहे 10 लाख हो या 20 लाख लगे। बेटे का इलाज कराएंगे। वनों भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हेमंत कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि मेरे बेटे को मस्कुलर डिस्ट्रॉफी है। चिरायु से इलाज हुआ है। बच्चे को बाहर इलाज करा दीजिये। जिसपर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि चाहे 10 लाख हो या 20 लाख लगे। बेटे का इलाज कराएंगे।

**अब तुम्हारे स्कूल में एक दिन छत्तीसगढ़ी में भी पढ़ाई होगी-** स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। सोनार कोसरे ने बताया कि मैं हेड बॉय हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा तुम अंग्रेजी में बोल रहे हो ठीक है पर छत्तीसगढ़ी में भी बोलो। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या सुविधा मिली है। बच्चे ने कहा, लैब है। लाइब्रेरी है। मुख्यमंत्री ने पूछा और फीस। बच्चे ने कहा वो तो एक रुपया भी नहीं।

# केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के अधिकारियों ने दिया रेशम कीट पालन का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में बीएड एवं आईटीआई के विद्यार्थियों को रेशम कीट पालन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। रेशम कीट पालन विषय के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए नाजीर अहमद, वैज्ञानिक बैंगलोर ने कहा कि रेशम उत्पादन का आशय बड़ी मात्रा में रेशम प्राप्त करने के लिए रेशम उत्पादक जीवों का पालन करना होता है द्य इसने अब एक उद्योग का रूप ले लिया है। यह कृषि पर आधारित एक कुटीर उद्योग है। इसे बहुत कम कीमत पर ग्रामीण क्षेत्र में ही लगाया जा सकता है। कृषि कार्यों और अन्य घरेलु कार्यों के साथ इसे अपनाया जा सकता है। यह कृषि क्षेत्र की एकमात्र नगदी

फसल है, जो 30 दिन के भीतर प्रतिफल प्रदान करती है। व्यावसायिक महत्व की कुल 5 रेशम किस्में होती है जो रेशमकीट विभिन्न प्रजातियों से प्राप्त होती है तथा जो विभिन्न खाद्य पौधों पर पलते है जैसे. शहतूत, ओक तसर एवं उष्णकटिबंधीय तसर,मूंगा, एरी आदि। कसारे वान्या सिल्क मिल के डायरेक्टर डीएस कसारे ने कहा कि रेशम, रसायन की भाषा में रेशम कीट के रूप में विख्यात इल्ली द्वारा निकाले जाने वाले एक प्रोटीन से बना होता है रेशम किट का जीवन चक्र 4 चरणों का होता है. अण्डा, इल्ली, प्यूपा तथा शलभ। श्रम जनित होने के कारण इसमें विभिन्न स्तर पर रोजगार का सृजन भी होता है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह उद्योग पर्यावरण के लिए मित्रवत है। महाविद्यालय डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने सभी प्रशिक्षण अधिकारियों का अभिवादन करते हुए कहा कि रेशम उत्पादन एक कृषि आधारित उद्योग है द्य इसमें कच्चे रेशम के उत्पादन हेतु रेशम कीट पालन किया जाता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। डॉ अवधेश पटेल ने कहा कि रेशम, भारतीय जीवन एवं संस्कृति से जड़ा हुआ है द्य इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को रेशम कीटपालन में प्रशिक्षित किया जा सके इसलिये कसारे वान्या सिल्क मिल से एमओयू किया गया द्य इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ दिनेश कुमार, वैज्ञानिक आरईसी, सीएसबी, चांपा, सी एस नोनहरे, जॉइंट डायरेक्टर डीओएस रायपुर, एसएस कंवर डिप्टी डायरेक्टर सेरीकल्चर रायगढ़, हेमलाल साहू सेरीकल्चर अधिकारी सभी ने रेशम कीटपालन के महत्व एवं तरीकों के बारे में बताया। सभी अधिकारियों को मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पन्नालाल यादव, प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत एवं सभी प्राध्यापकगण, छात्र.छात्राएं उपस्थित रहें।

# मनरेगा श्रमिक के मृत्यु होने पर रु 25000 की अनुदान राशि परिजनों को सौंपा गया

## जैजैपुर ब्लॉक मे श्रमिक को मनरेगा से अनुदान मिलने का पहला मामला

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीडीह के आश्रित ग्राम शिकारीनार निवासी श्रमिक धरम लाल यादव पिता घसिया यादव की चार माह पूर्व मनरेगा अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी करने के दौरान मृत्यु हो गई थी जिसके पश्चात तत्कालीन आर्थिक सहयोग हेतु शासन से प्राप्त होने वाली मनरेगा के अंतर्गत राशि बारे मे मृतक के असहाय पत्नी फूल बाई यादव को जानकारी प्रदान कराकर उक्त राशि दिलाने बाबत ग्राम के पंच प्रतिनिधि अनिल चंद्रा, सरपंच प्रतिनिधि रोहित चंद्रा तथा रोजगार सहायक कोमल कंवर ने विशेष सहयोग प्रदान कराया और जिसका परिणाम यह हुआ कि ÷डूबते को तिनके का सहारा÷ जैसा ही बदहाली मे जीवन यापन कर रही मृतक के पत्नी को रु 25000/- का सहारा मिला जिसके बाद उनके चेहरे पर राहतभरी हल्की सी मुस्कान देखने को मिली जिसके बाद उन्होंने पंच लीला बाई चंद्रा, सरपंच चम्पा बाई चंद्रा रोजगार सहायक कोमल कंवर,मनरेगा विभाग व अन्य सभी का जिन्होंने दुख के घड़ी मे उनकी मदद किया था उन सभी का आभार जताया उनका कहना था कि उनके ऊपर कर्ज चढ़ गया है जिसे अब पैसे मिलते ही चुकता कर अपनी थोड़ी परेशानी कम जरूर कर लेगी ।

संभवतः यह जैजैपुर ब्लॉक का पहला ऐसा मामला है जिसमें मनरेगा के दौरान कार्यरत मजदूर की मौत के बाद श्रमिक के परिजनों को विभाग से इस प्रकार की सहयोग राशि प्रदान की गई है। जिसका कारण हो सकता है कि लोगों मे इससे सम्बन्धित जागरुकता की कमी हो ।

इस तरह के अनुदान राशि प्रदान करते समय हमें भी आत्मासंतुष्टि मिलती है क्योंकि गरीब मजदूर बड़ी ही मुश्किलों से दो वक़्त की रोटी का इंतजाम करके अपने परिवार का पेट पालता है और ऐसे मे जब उनकी मौत हो जाती है तो हम सिर्फ़ अंदाजा ही लगा सकते हैं कि उनके परिवार पर क्या बीतती होगी । दुर्भाग्यवश यदि किसी के साथ भी ऐसा हो तो नियमानुसार परिजनों द्वारा ग्राम पंचायत,रोजगार सहायक अथवा जनपद पंचायत मे आवेदन किया जाना चाहिए ताकि शासन से मिलने वाली सहयोग उनको मिल सके।

**-श्याम लाल ओग्रे मुख्यकार्यपालन अधिकारी ज.पं. जैजैपुर।**

हमें अच्छा महसूस हो रहा है कि किसी दुखियारी को थोड़ा सा ही सही मगर आवश्यक सहयोग राशि दिलवाने मे हमारा भी कुछ योगदान रहा और इस बात की खुशी भी है कि ऐसा सहयोग प्राप्त करवाने वाला ग्राम पंचायत भोथीडीह जैजैपुर ब्लॉक का संभवतः पहला पंचायत है।

**-रोहित चंद्रा, सरपंच प्रतिनिधि ग्रा.पं. भोथीडीह**

# एसईसीएल को मिला बेस्ट ओव्हरआल एक्सीलेंस इन सीएसआर अवार्ड

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



साऊथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को सीएसआर में उत्तम कार्य निष्पादन के लिए बेस्ट ओव्हरआल एक्सीलेंस इन सीएसआर अवार्ड प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित इकानॉमिक टाईम्स (ईटी) एसेन्ट समूह द्वारा प्रदान किया गया है। बुधवार को बेंगलोर में आयोजित अवार्ड समारोह में एसईसीएल को अवार्ड की ट्राफी व सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके लिए गठित ज्यूरी को विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम, प्रायव्हेट कम्पनियाँ आदि से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थी। एसईसीएल ने गत वर्ष सीएसआर मद में 79.82 करोड़ रुपए व्यय किया था। पिछ्ले 8 वर्षों में एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ राज्य में सीएसआर मद में 500 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय किया है। वहीं मध्यप्रदेश में 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीएसआर के जरिए विकासात्मक कार्यों में खर्च किए गए हैं।सीएसआर के अंतर्गत एसईसीएल द्वारा पर्यावरण संवर्धन, स्वच्छ जल आपूर्ति, शिक्षा में गुणात्मक विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी, कौशल विकास की परियोजनाएँ, कला संकृति एवं राष्ट्रीय विरासत का संरक्षण, ग्रामीण विकास परियोजनाएँ, स्वच्छता, खेलकूद को प्रोत्साहन, दिव्यांगों की सहायता आदि मदों में विभिन्न परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

# थाने के टीआई कमल किशोर महतो ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

■ महतो ने कहा- खेल भावना से हम करें बेहतर प्रदर्शन, खेलों से हमारा शरीर एवं स्वास्थ्य भी रहता है बेहतर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शैक्षणिक जिला शक्ति के जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा शहर के नंदेलीभाटा वन प्रशिक्षण विद्यालय मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें 21 सितंबर को शक्ति थाने के नगर निरीक्षक कमल किशोर महतो ने पहुंचकर खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, साथ ही टी आई महतो ने खिलाड़ियों को कहा कि वे सभी खेल भावना के साथ खेले एवं खेल में एक व्यक्ति की जीत होती है, तो वही एक व्यक्ति की हार सुनिश्चित है, अतः हम सभी सदैव जीत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े तथा आज खेलों का जीवन में विशेष महत्व होता है, एवं शासन द्वारा भी खेलों को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विभिन्न खेल प्रतिभाओं को सामने लाने की दिशा में सकारात्मक पहल की जा रही है, तथा हम सभी इन खेलों में पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता करें, इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज सहित शिक्षा एवं खेल विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान रख बने एसडीएम-तहसील कार्यालय

## कलेक्टर ने बम्हनीडीह में किया प्रस्तावित तहसील स्थल का अवलोकन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज बम्हनीडीह में प्रस्तावित नए तहसील भवन के स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने भवन को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान रखकर तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्य एजेंसी के अधिकारियों द्वारा तैयार ले आउट का अवलोकन किया। उन्होंने एसडीएम के बैठने,तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित कार्यालयीन कर्मचारियों के बैठने के साथ मीटिंग के लिए कक्ष बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय बनने से आमनागरिको को एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं मिलने और उनकी समस्याओं का निराकरण की बात कही। मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी कलेक्टर से अपनी बात रखी तो उन्होंने उनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही। कलेक्टर ने कार्य एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदार को समय अवधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चाम्पा आराध्या राहुल कुमार सहित नायब तहसीलदार उपस्थित थी।

# शक्ति में होगी साध्वी ऋतंभरा की संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

■ शहर के माछरौलिया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद द्वारा किया जाएगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




पूरे देश- दुनिया में प्रसिद्ध कथा वाचक वृंदावन धाम निवासी परम पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा जी की संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन शक्ति के प्रतिष्ठित माछरौलिया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद द्वारा 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक किया गया है,तथा उपरोक्त कथा का कार्यक्रम शक्ति शहर के गौरव पथ मार्ग में स्थित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय मैदान में होगा एवं आयोजक परिवार ने भी सभी नागरिक बंधुओं को साध्वी ऋतंभरा जी की श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सपरिवार शामिल होकर कथा श्रवण करने एवं पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है, ज्ञात हो कि शक्ति अंचल में प्रथम बार वृंदावन धाम निवासी साध्वी ऋतंभरा जी की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।

# श्यांग में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

■ शासन के विकास मूलक कार्यों में रुचि नहीं लिए जाने पर कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर गौठान संचालन में लापरवाही बरतने और शासन के विकास मूलक कार्यों में रुचि नहीं लिए जाने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर झा ने बुधवार को जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र श्यांग पहुंचकर गौठान का औचक निरीक्षण किया। गौठान निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में विकसित किए गए गौठान में पहुंचकर गोबर खरीदी खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण, चारागाह क्षेत्र आदि का अवलोकन किया। गौठान में सही तरीके से वर्मी कंपोस्ट निर्माण नहीं होने पर उन्होंने श्यांग गौठान की नोडल अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुजाता एन्थोनी पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही चारागाह क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में चारा उत्पादन नहीं होने तथा बाड़ी विकास के कार्यों का भी संचालन ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरतने और विकास कार्यों में रुचि नहीं लिए जाने पर नोडल अधिकारी सुजाता एंथोनी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश मौके से ही उपसंचालक कृषि को दिए। कलेक्टर के निर्देश उपरांत उपसंचालक कृषि ने ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी एन्थोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय कटघोरा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## सीलिंग फेन, घड़ी व एलईडी बल्ब पार

# स्कूल का ताला तोड़कर चोरी

■ प्रधान पाठक ने हरदीबाजार चौकी में की शिकायत

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




हरदीबाजार चौकी क्षेत्र में चोरों ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए एक स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सीलिंग फेन, दीवाल घड़ी व एलईडी बल्ब की चोरी कर ली है। चोरी की शिकायत प्रधान पाठक ने हरदीबाजार चौकी पुलिस से की है। हरदीबाजार चौकी अंतर्गत सुपेतपारा में शासकीय प्राथमिक शाला स्थित है। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्टाफ स्कूल मेन गेट पर लगे शटर में ताला लगाकर चला गया था। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में लगे पंखे, घड़ी व एलईडी बल्ब की चोरी कर ली। प्रधान पाठक के अनुसार चोरों ने पांच नग सीलिंग फेन एवं 3 नग दीवाल घड़ी के साथ-साथ 4 नग एलईडी बल्ब की चोरी कर ली है। प्रधान पाठक ने मामले में एफआईआर दर्ज करने व चोरों पर कार्यवाही की मांग की है।

## पीएससी द्वारा भृत्य परीक्षा का आयोजन 25 सितम्बर को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा भृत्य परीक्षा का आयोजन 25 सितम्बर को किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र पीएससी के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा के लिए कोरबा जिले में कुल 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर आठ हजार 905 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान तीन अक्टूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

■ सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में अभिनव प्रयास के लिए मिलेगा दो लाख रूपए का पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किए गए अभिनव प्रयास के लिए चयनित व्यक्ति या संस्था को दो लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान 2022 के लिए प्रविष्टियां तीन अक्टूबर शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की गई है।

पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक शाखा में विशेष वाहक के हस्ते आमंत्रित की गई है। चयनित व्यक्ति या संस्था को नगद राशि, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। यह पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा।

भेजी जाने वाली प्रविष्टियों में व्यक्ति या संस्था का पूर्ण परिचय के साथ सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयासों के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी अपेक्षित है। प्रविष्टियों में कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण भी देना होगा। सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित फोटो प्रति भी होनी चाहिए। सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र, पत्रिकाओं एवं ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य की जानकारी भी प्रविष्टियों के द्वारा अपेक्षित है। आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम या मण्डल में सेवारत हो तो इसका स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कोरबा।** हरदीबाजार चौकी क्षेत्र ग्राम अंडी कछार बस्तीपारा निवासी जयप्रकाश चौहान 26वर्ष का शव बरामद किया गया है. ग्राम के टिनटिकियापारा के करील सूखा जंगल के तेंदू के पेड़ में स्वयं के बेल्ट के फंदे पर उसका शव लटका मिला। मामले की सूचना पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। जंगल की ओर बकरी चराने गए चरवाहा ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव लटके हुए देखा। खोजबीन में जुटे मृतक के भाई ने उसकी शिनाख्त जयप्रकाश के रूप में की।

जानकारी के मुताबिक जयप्रकाश कल रात भोजन उपरांत अपने घर से करीब 10 बजे बाइक क्रमांक सीजी-12-बीजी-3739 में सवार होकर निकला था और बुधवार को उसका शव पेड़ पर लटका मिला। बाइक सड़क किनारे मिली है। परिजनों ने इसकी सूचना हरदीबाजार चौकी पुलिस को दी. पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एक रात में दो दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना

## घर के बाहर खड़ी बाइक को भी किया पार

■ पाली क्षेत्र में बढ़ी चोरों की सक्रियता

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

पाली क्षेत्र में चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। चोरों ने एक ही रात में दो दुकानों का ताला तोड़कर नगदी व सामानों की चोरी कर ली है। एक मकान के बाहर खड़ी बाइक को भी चोरों ने पार कर दिया है। मामले की शिकायत पाली थाना में की गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पाली थाना अंतर्गत ग्राम काचरमार में केवल सिंह गोड़ 40 वर्ष एवं मनोज जैन 51 वर्ष निवासरत है। दोनों गांव में ही घर से लगे किराना दुकान का संचालन करते हैं। 16 सितंबर की रात्रि 8 बजे केवल सिंह दुकान में ताला बंद कर दुकान में सो गया था। सुबह 5 बजे उठा तो उसने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान से नहाने व कपड़ा धोने का एक पेटी साबुन, 10 पैकेट रिफाइन तेल, 12 डिब्बा सरसो तेल, दो पैकेट पान मसाला, 10 किलो तिरपाल पन्नी, 4 पैकेट बीड़ी सहित अन्य सामान चोरी कर ली गई है। कुछ देर बाद पड़ोसी मनोज जैन भी मौके पर पहुंचा उसने भी बताया कि उसी रात चोरों ने उसकी दुकान का भी ताला तोड़कर गल्ला पेटी में रखे 7 हजार रूपये की चोरी कर ली है। बांगो निवासी नरेन्द्र खलखो भी अपने ससुराल काचरमार आया हुआ था, उसने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12एके 1783 को ससुराल के मकान में खड़ा किया था।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**कोरबा।** पति द्वारा पत्नी को दहेज के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा था। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। उरगा थाना अंतर्गत देवरमाल निवासी ज्योति दिवाकर का विवाह कुसमुंडा थाना अंतर्गत गेवरा निवासी बृजेश दिवाकर के साथ हुआ था। महिला ने आरोप लगाया है कि उसे पति द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित कर धमकाया जा रहा था। कुसमुंडा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 498, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जनपद सदस्य एवं पूर्व सरपंच अशोक यादव ने किया सर्वप्रथम 1500/-रुपए की राशि जमा

# सोंठी ग्राम पंचायत में भी लगा शासन के निर्देशानुसार भवन कर वसूली शिविर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थित भवनों के शहरी क्षेत्रों की तरह ही एक निर्धारित वार्षिक कर वसूली का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत शक्ति विकास खंड के ग्राम पंचायत सोंठी मे भी 21 सितंबर को यह शिविर आयोजित किया गया, इस शिविर में जहां ग्राम पंचायत की सरपंच चंचला दीपक डेन्सिल, उपसरपंच मुकेश डेंसिल, एवं पंचायत के सचिव रामनारायण सिदार की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य अशोक कुमार यादव ने सर्वप्रथम शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप अपने मकान की 1500/- रुपए की राशि का भवन कर जमा किया, तथा सचिव रामनारायण सिदार ने सर्वप्रथम कर जमा करने वाले पूर्व सरपंच सरपंच को रसीद काटकर उनका पंचायत की ओर से आभार व्यक्त किया। तथा इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव रामनारायण सिदारने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत सोंठी ग्राम पंचायत में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप भवन स्वामियों से वार्षिक कर लिया जाएगा,जिसके लिए लोगों को जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जाएगा एवं आने वाले समय में शासन द्वारा भवन कर की वसूली के लिए समय-समय पर अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है, एवं ग्राम पंचायत सोंठी में आज यह शिविर आयोजित होने से ग्रामीणों में भी इसके प्रति जागरूकता देखी गई तथा सभी ने विकास के प्रति अपनी सकारात्मक सोच से भवन कर के रूप में राशि जमा की,तथा इस संबंध में सर्वप्रथम कर जमा करने वाले पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य अशोक कुमार यादव ने भी कहा कि आज शासन द्वारा हमें जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, यह सुविधाएं कहीं न कहीं हमारे द्वारा दी जाने वाली कर की राशि से ही हमें शासन देती है, अतः हमें समय पर कर देना चाहिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी आने वाले समय में यह व्यवस्था प्रारंभ होने से विकास कार्यों में भी तेजी आएगी तथा हमें मूलभूत रूप से बिजली पानी एवं सड़क की जो सुविधाएं होती है उसमें और अधिक बढ़ोतरी होगी, 21 सितंबर को शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत सोंठी में आयोजित भवन कर वसूली शिविर में प्रमुख रूप से ग्राम के सरपंच चंचला दीपक डेन्सिल,उप सरपंच मुकेश डेन्सिल, कोटवार कंवल दास महंत, सचिव रामनारायण सिदार,ऑपरेटर जान बाबू, सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे

# सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी में उत्कृष्टता के लिए एनएमडीसी को राष्ट्रीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी को आज बेंगलुरू में ईटी एसेंट द्वारा सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। दिलीप कुमार मोहंती निदेशक (उत्पादन) ने एनएमडीसी को सस्टैनबल आय सृजन और सर्वश्रेष्ठ समग्र सीएसआर उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए गए पुरस्कारों को प्राप्त किया। प्रमुख खनन कंपनी ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से टिकाऊ हो, इसके लिए हम अपने मेजबान समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने तथा ऊचाइयों पर ले जाने के लिए दशकों से निवेश करते आ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सुरक्षित पेयजल आदि एनएमडीसी के सीएसआर ध्यान केन्द्रित क्षेत्र हैं जो भारत के दूरस्थ क्षेत्रों में बसे लोगों के जीवन में बहुमूल्य और अवसर प्रदान कर रहे हैं। कंपनी ने पर्यावरण के प्रति अपने दृष्टिकोण में चेतना तथा प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम प्रदर्शन किया है। पर्यावरण हितैषी खनिक के रूप में एनएमडीसी की प्रतिबद्धता और जिम्मेवारी के लिए एनएमडीसी के सभी खनन परियोजनाओं को भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 5 सितारा रेटिंग प्रदान किया गया है।

हमारे देश के सामाजिक और सतत विकास में एनएमडीसी के योगदान को सम्मानित करने के लिए दिलीप कुमार मोहंती ने ईटी एसेंट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खनिज सुरक्षा, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता के हमारे राष्ट्र निर्माण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एनएमडीसी अथक और निरंतर प्रयास कर रहा है। सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए सीएमडी, एनएमडीसी, सुमित देब ने कहा कि देश के प्रमुख खनन कंपनी होने के नाते एनएमडीसी भारत के लिए एक स्थायी और उज्जवल भविष्य निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हर कदम पर अपने हितधारकों के साथ परामर्श कर रहे हैं तथा अपनी कंपनी एवं अपने समुदायों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपनी खानों में प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग कर रहे हैं।

## शहर के कुछ एटीपी केन्द्रों में बिजली बिल भुगतान आज रहेगा बाधित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कुछ ऑल टाइम पेमेंट (एटीपी) केन्द्रों में 23 सितंबर को बिलों का भुगतान बाधित रहेगा। शहर के 13 संग्रहण केन्द्रों में भुगतान दोपहर 12 बजे तक किया जा सकेगा। अधीक्षण अभियंता (शहर) मनोज कुमार वर्मा ने बताया है कि तकनीकी कारणों से शुक्रवार 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद शहर के सिविल लाईन, शंकर नगर, दलदल सिवनी, पुरैना, डी.डी. नगर, डंगनिया, रावणभाठा, लाखेनगर, नयापारा, शास्त्री चौक, तेलघानी नाका, बूढ़ापारा एवं पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित एटीपी मशीनों से बिल भुगतान बाधित होगा। इन स्थानों पर दोपहर 12 बजे के बाद भुगतान नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 12 बजे के बाद रात्रि 08 बजे तक विद्युत उपभोक्ता चंगोराभाठा , मठपारा, ढेबर सिटी भाठागाँव एवं देवपुरी एटीपी केन्द्रों पर विद्युत देयक का भुगतान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि 24 तारीख से एटीपी केन्द्र अपने निर्धारित समय सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक खुले रहेंगे और उपभोक्ता अपने देयकों का भुगतान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब बिजली से संबंधित 16 से अधिक कार्य मोर बिजली एप्लीकेशन के माध्यम से किए जा सकते हैं। श्री वर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि भुगतान के लिए कंपनी के विश्वसनीय माध्यम मोर

# एनटीपीसी सीपत में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत कविता पाठ एवं वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सीपत




एनटीपीसी सीपत स्टेशन में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यालयीन कार्यों में प्रयोग को बढ़ावा देने दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर 2022 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों गृहणियों एवं छात्र - छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में संस्कृति क्लब में बच्चों के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया। बच्चों ने इस आयोजन में बहुत रुचि ली और उत्साह पूर्वक भागीदारी दिखाई। लवेश गिरी और शिवनाथ बाल भारती पब्लिक स्कूल के अध्यापक इस प्रतिस्पर्धा में निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में आचार्यों के लिए वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक घनश्याम प्रजापति ने सभी से सरल व सहज हिन्दी का प्रयोग करने की अपील करते हुए, कहा कि,विविधता से परिपूर्ण भारत देश में विभिन्न संस्कृतियों की तरह भिन्न-भिन्न भाषाएं भी है, जिस प्रकार धागा मोतियों को पिरोकर एक माला का निर्माण करता है, उसी पर हिन्दी भारत की विभिन्न भाषाओं को आपस में जोड़ती हुई एक सुदृढ़ भाषा परिवार का सृजन करती है। हिन्दी देश के संपर्क भाषा होने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत की वाहक है। हिन्दी हमारे देश की राजभाषा है 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केंद्र सरकार की अधिकारिक भाषा होगी इस निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## रायपुर में आयोजित होने जा रहा है शहर का सबसे बड़ा ज्वेलरी एक्जिबिशन 'ज्वेलरी वर्ल्ड एक्जिबिशन'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

भारत के प्रीमियम ज्वैलरी एक्जिबिटर्स, ज्वैलरी वर्ल्ड एक्जीबिशन ने एक और प्रदर्शनी की घोषणा की है, जो पूरे भारत के 30 से अधिक शीर्ष ज्वैलर्स को प्रदर्शित करेगी। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले ज्वैलरी के शीर्ष नाम अहमदाबाद, मुंबई, सूरत, जयपुर, बैंगलोर, दिल्ली से आ रहे हैं। सोनिया चावला के नेतृत्व में प्रतिष्ठित आभूषण प्रदर्शनी में शीर्ष ज्वेलर्स के विशेष कलेक्शन का एक और प्रदर्शन ज्वेलरी वर्ल्ड एक्जिबिशन रायपुर में आयोजित होने जा रहा है। यह मेगा इवेंट 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को होटल बेबीलोन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर मे आयोजित होगी। 30 से अधिक शीर्ष ज्वेलर्स प्रीसियस और सेमी प्रिसियस स्टोन्स सहित अपने सबसे विशिष्ट कलेक्शन का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन पर कलेक्शन में जड़ाऊ ज्वेलरी, कुंदन ज्वेलरी, नवरत्न ज्वेलरी, मीनाकारी ज्वेलरी, रत्न ज्वेलरी, प्लेटिनम ज्वेलरी शामिल होंगे। एक्जिबिशन में विभिन्न प्रकार के आभूषण, विरासत से लेकर नए जमाने तक, हेवी ब्राइडल वेर से लेकर डिलिकेट डिजाइनर वेर तक और आभूषणों में नवीन डिजाइनों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शक सकारात्मक हैं कि प्रदर्शनी में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिलेगी। सोनिया चावला, जो प्रदर्शनी की सुकान संभाल रही है उन्हो ने कहा कि लोग विभिन्न प्रकार के आभूषणों के साथ प्रयोग करना पसंद करते हैं और नए युग के डिजाइनों के प्रति अधिक खुले और ग्रहणशील होते हैं। हमारे पास प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी प्रकार के आभूषण हैं जो उपभोक्ताओं को लुभाएंगे। यह कलेक्शन 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को 'ज्वेलरी वर्ल्ड एक्जिबिशन' में प्रदर्शित होंगे।

## मूविन ने अपना नेटवर्क 28 शहरों तक बढ़ाया मुंबई में नया महत्वपूर्ण हब शुरू किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

यूपीएस और इंटरग्लोबल एंटरप्राईज़ेस के बीच संयुक्त उपक्रम के साथ इस साल मई में लॉन्च किए गए लॉजिस्टिक्स ब्रांड, मूविन ने टियर 1 और टियर 2 बाजारों में 28 शहरों तक अपने नेटवर्क का विस्तार करने की घोषणा की है। इस सामरिक विस्तार के तहत, मूविन देश में अपने हब्स की स्थापना भी करता जा रहा है, जिसमें से सबसे नया हब भिवांडी, महाराष्ट्र में स्थापित किया गया है। मूविन 2023 की पहली तिमाही तक और ज्यादा क्षेत्रीय केंद्र शुरू करने की अपनी कार्ययोजना के तहत 10 और हब्स विकसित करने की योजना बना रहा है। इससे इसकी प्रस्तुतियों का विस्तार होगा और बी2बी लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवसर का लाभ उठाने की इसकी क्षमता बढ़ेगी। ऑपरेशंस के इस विस्तार के द्वारा टेक्नॉलॉजी के इनोवेशंस के साथ मूविन की एंड-ऑफ-डे एवं स्टैंडर्ड प्रीमियम डिलीवरी सेवाएं 2000 से ज्यादा पिनकोड्स में बी2बी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने में समर्थ बनेंगी। मूविन की अद्वितीय प्रस्तुतियों में पूरे देश में पूर्णतः अनुमानयुक्त, दिन एवं समयबद्ध सेवाएं शामिल हैं। इसका तेजी से बढ़ता हुआ हवाई और ऑनग्राउंड नेटवर्क स्थिर, अनुमानयुक्त, और चुस्त संचालन द्वारा सामान का सुगमता से आवागमन संभव बनाता है। भारत में नए हब्स स्थापित करके मूविन का विस्तार पिकअप एवं डिलीवरी के नेटवर्क में नए पिन कोड्स शामिल करता जा रहा है। यह विभिन्न सहयोगियों की मदद से एवं समर्पित कस्टमर सर्विस सेंटर चलाकर ग्राहकों को सुविधाजनक समाधान प्रदान करते हुए बेहतरीन सेवा क्वालिटी के मानक स्थापित कर रहा है।

## वोल्वो कार इंडिया ने लॉन्च किया नया पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड रेंज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

स्वीडिश लग्जरी कार निर्माता, वोल्वो कार इंडिया ने आज भारत में पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड कारों की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की। नई 2023 लाइनअप में कंपनी की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट लक्ज़री **SUV, The XC** 40 का पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड संस्करण शामिल है। आज लॉन्च किए गए अन्य 2023 मॉडलों में शामिल हैं - लक्ज़री सेडान S90, वोल्वो की सबसे अधिक बिकने वाली मिड साइज की लक्ज़री **SUV XC**60 और कंपनी की प्रमुख लक्ज़री **SUV, XC**90। इन परिचयों के साथ, कंपनी पेट्रोल हाइब्रिड को पूरा करने के लिए अपनी रेंज को पूरा करती है, वोल्वो कारों की टिकाऊ गतिशीलता महत्वाकांक्षा के करीब और 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कंपनी बनने की कंपनी की रणनीति है। नई पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड वोल्वो **XC**40 की एक्स-शोरूम कीमत रु 45,90,000 । आगामी त्योहारी सीजन के लिए कंपनी सीमित अवधि के लिए रुपये 43,20,000 पे इस कार को पेशकश कर रही है। 1969-सीसी इंजन द्वारा संचालित 48-वोल्ट बैटरी के साथ जोड़ा गया, **XC**40 में एक टूरिंग चेसिस है जो ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर एक आसान सवारी सुनिश्चित करता है। **XC**40 माइल्ड हाइब्रिड में एक अतिरिक्त सुरक्षा विशेषता क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट के साथ ब्लाइंड स्पॉट इंफॉर्मेशन सिस्टम है। नई पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड **XC**90 की कीमत एक्स-शोरूम रु। 94,90,000। नई **XC**90 में अब त्नश्चशद्द्यद्द सेवाओं के साथ सहज, अगली पीढ़ी का एंड्रॉइड आधारित इंफोटेनमेंट सिस्टम है जो ग्राहकों को अभूतपूर्व पर्सनॅलिसैशन और एक अद्वितीय कनेक्टिविटी प्रदान करता है जो वोल्वो ड्राइविंग अनुभव को बढ़ाता है।

## अमेज़ॅन डॉट इन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 : डील्स रिवील 23 सितंबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

**Amazon.in** का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 लाखों सेलर्स, छोटे और मध्यम बिजनेस और लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट पर शानदार डील्स ऑफ़र करता है। कस्टमर्स स्मार्टफोन, एप्लायंसेस, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, ग्रॉसरी, अमेज़ॅन डिवाइस, होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के विशाल सलेक्शन पर शानदार डील्स प्राप्त कर सकते हैं। कस्टमर्स को सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों और लाखों छोटे बिजनेस के शानदार ऑफर के साथ अमेज़ॅन लॉन्चपैड, अमेज़ॅन सहेली, अमेज़ॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेज़ॅन सेलर्स के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले कस्टमर्स एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पाटर्नर बैंकों के आकर्षक ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं। एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10त्न इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड से आकर्षक ऑफ़र, और भी बहुत कुछ। 11 लाख सेलर्स और 2 लाख लोकल स्टोर्स से खरीदारी करें। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 11 लाख से अधिक सेलर्स के साथ सेलीब्रेट करता है, **Amazon.in** पर कस्टमर्स को करोड़ों प्रोडक्ट पेश करता है, जिसमें भारतीय एसएमबी और लोकल स्टोर्स के यूनीक प्रोडक्ट शामिल हैं।

# मोटोरोला ने मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा तथा मोटोरोला एज 30 फ्यूजन किया लॉन्च!

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

मोटोरोला ने भारत में अपने प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए अपने दो नए एज डिवाइसः मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा और मोटोरोला एज 30 फ्यूजन को लॉन्च किया। भारत में दो नए एज डिवाइसः मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा और मोटोरोला एज 30 फ्यूजन के लॉन्च के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट की सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखता है। यह दोनों स्मार्टफोन लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ आते है, जो कि शानदार डिजाइन और एक्सपीरियंस के साथ हमारे ह्यूमन सेंसेस को एक अलग ही आनंद प्रदान करेगा। मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा-पूरी तरह से एक प्रीमियम डिवाइस होने के अर्थ को फिर से परिभाषित करता है, जो कि 'अल्ट्रा-लेवल' डिवाइस को एक नया ही अर्थ देता है। इस फ्लैगशिप डिवाइस में सबसे अब तक का सबसे एडवांस्ड स्नैपड्रैगन? मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म1, इंडस्ट्री का उच्चतम रिज़ॉल्यूशन कैमरा सेंसर और सबसे तेज़ टर्बोपावर TM चार्जिंग मौजूद है। इसके अलावा, मोटोरोला एज 30 फ्यूजन परफॉरमेंस और सुंदरता का एक शानदार जोड़ है जो कि इस शानदार डिवाइस में एज-टू-एज डिस्प्ले के साथ पैक की गई प्रीमियम विशेषताओं को प्रदर्शित करता है। मोटोरोला 30 एज अल्ट्राः जिसमे है दुनिया का पहला 200एमपी का कैमरा सिस्टम मोटोरोला एज 30 अल्ट्रा-अत्याधुनिक तकनीक और दुनिया का उच्चतम रिज़ॉल्यूशन कैमरा सिस्टम प्रदान करता है जो आपको जीवन के सबसे अहम् क्षणों को कैप्चर करने में मदद करता है। इंडस्ट्री के पहले 200एमपी के मेन कैमरा सेंसर के साथ अब आप लुभावनी और फोटो गैलरी-योग्य तस्वीरें ले सकते हैं । इसके विशाल सेंसर को 16 पिक्सेल को एक 2.56μm अल्ट्रा पिक्सेल में मिलाकर अधिक प्रकाश कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अंधेरे में भी यह काफी क्रिस्प, ब्राइट इमेजेज को कैप्चर करता है। इसके साथ ही, एडवांस्ड एचडीआर तकनीक के साथ, यह आपको मिश्रित रोशनी में भी खूबसूरती के साथ डिटेल्ड में इमेजेज देने के लिए पूरी तरह से संतुलित हाइलाइट्स और छाया के साथ इमेजेज तैयार करता है। इसका मैं सेंसर भी ओआईएस तकनीक के साथ आता है, जो कि आपको क्रिस्टल क्लियर फोटोज और वीडियो के लिए अवांछित झटकों को खत्म करने में मदद करता है। इसके साथ ही यह यंहा नहीं रुकता। बल्कि हमारे लेटेस्ट फ्लैगशिप के साथ अब आप 8के में वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ वीडियो को अगले स्तर तक ले जा सकते हैं, 33 मिलियन पिक्सल से अधिक रिज़ॉल्यूशन के प्राप्त कर सकते हैं, जो कि आज इस स्मार्टफोन पर उच्चतम वीडियो रिज़ॉल्यूशन के साथ संभव है। 4के एचडीआर10+ वीडियो रिकॉर्डिंग, जो कलर एक्यूरेसी, कलर रेंज, ब्राइटनेस और कंट्रास्ट जो कि वीडियो को एक बिलियन से अधिक शेड्स के साथ पैक कर ख़ास तौर पर स्ट्रिक्ट एचडीआर10+ स्टैंडर्ड्स को पूरा करता है।

# श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में आठ दिवसीय आर्डिनो ट्रेनिंग प्रोग्राम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





राजधानी रायपुर स्थित श्री. शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज रायपुर में एस.एस.आई.पी.एम.टी. के आइडिया लैब द्वारा एस.एस.आई.पी.एस. के बी.एस.सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष कंप्यूटर साइंस के छात्रों के लिए दिनांक 6 सितंबर से 15 सितंबर तक आर्डिनो ट्रेनिंग आयोजित किया गया जिसमें सी.एस. डिपार्टमेंट के प्रोफेसर अभिषेक साव द्वारा सी. लैंग्वेज सिखाया गया साथ ही ई. टी. एवं टी. डिपार्टमेंट के प्रोफेसर रोहित राज सिंग एवं प्रोफेसर आकाश जैन द्वारा आर्डिनो ट्रेनिंग दी गई जिसमें अल्ट्रासोनिक, ब्लूटूथ मॉडल, कीपैड, एवं एल.सी.डी. सेंसर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्डिनो और सेंसर के साथ सरल परियोजना को एकीकृत करने और सी. भाषा और उपकरणों का आवश्यक ज्ञान प्रदान करना तथा शिक्षा के लिए नवीन और मनोरंजक उपकरणों की योजना बनाना तथा डिजाइन तैयार करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर देवेंद्र गोलहानी एवं प्रोफेसर शुभम द्वारा किया गया।

## अमेज़ॅन ने बीते वर्षों में पूरे भारत में 350 से ज्यादा शहरों में 2 लाख से ज्यादा लोकल स्टोर्स के लिए अपने सेलर प्रोग्राम को डबल कर लिया है : नूर पटेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) 2022 का शुभारंभ 23 सितंबर से होगा, जिसमें प्राइम मेंबर्स को अर्ली एक्सेस मिलेगा। हम लाखों सेलर्स के साथ अपने कस्ट मर्स की सेवा करने के लिए बेताब हैं, हम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों, 2 लाख लोकल स्टोसर्स, पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों के प्रोडक्टर, और कई स्टार्टअप के इनोवेटिव ऑफरिंग्सल के एक विशाल सलेक्शटन की पेशकश करते हैं। इस साल का फेस्टिव सीजन हमारे लिए इसलिए भी खास होगा क्योंकि हम सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं। हम बाजार में अपने कस्टनमर्स का स्वागत करने और उत्सवों का आनंद लेने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमेज़ॅन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल कस्टरमर्स को इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरी चीजों और अन्यस में भारत के सबसे बड़े सलेक्शन से खरीदारी करने का मौका देगा। अमेज़न छोटे शहरों के लिए ई-कॉमर्स को अधिक सुलभ कैसे बना रहा है? ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान, कस्ट-मर्स **Amazon.in** पर अंग्रेजी और 7 क्षेत्रीय भाषाओं में खरीदारी का आनंद ले सकते हैं, जिसमें मराठी, हिंदी, बंगाली, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम शामिल हैं। हमने हिंदी में क्षेत्रीय भाषा की खरीदारी का अनुभव 2018 में लॉन्च किया था, तब से 50स्न्रूसे अधिक कस्टीमर्स ने हमारी क्षेत्रीय भाषा की पेशकश का उपयोग करके **Amazon.in** पर खरीदारी की है। कस्टअमर्स **Amazon.in** एंड्रॉइड ऐप पर अपनी वॉयस से हिंदी या अंग्रेजी में भी खरीदारी कर सकते हैं। इस फेस्टिव सीजन में, 80% से अधिक कस्टपमर्स **Amazon.in** पर खरीदारी करने के लिए टियर -2 से आएंगे। इसके अतिरिक्त, हमने 2015 में अमेज़ॅन ईज़ी नामक एक सहायक ऑनलाइन शॉपिंग सेवा शुरू की थी, जिसका मकसद भरोसे की कमी, इंटरनेट तक कम पहुंच, भुगतान साधनों की अनुपलब्धता, या सेवा से वंचित क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स कवरेज जैसे लेन-देन संबंधी बाधाओं का सामना कर रहे कस्ट मर्स की मदद करना था।

## राजभाषा पखवाड़ा के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**किरन्दुल।** किरन्दुल में एनएमडीसी परियोजना द्वारा राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत बुधवार को परियोजना क्षेत्र के तीनों खदानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 11 सी कैंटीन हाल में किया गया। बता दें दिनांक 29 सितंबर तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन भिन्न-भिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

# कांकलियर इंप्लांट से बच्चा सुनने व बोलने लगा, तो परिवार को मिली असीम खुशियां

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



किसी बच्चे को सुनने -बोलने में यदि परेशानी हो तो स्वाभाविक है माता पिता व परिवार का चिंतित होना। कम उम्र में समय रहते सही उपचार मिल गया तो ठीक होना भी स्वाभाविक है। लेकिन जानकारी के अभाव में लोग भटक जाते हैं,राजधानी रायपुर निवासी राहुल सिंह गौतम भी अपने बच्चे राजवीर को लेकर खासे परेशान रहे। बच्चे के इलाज के लिए देश के बड़े शहरों का चक्कर लगाए लेकिन राहत मिली अपने शहर रायपुर के बैरनबाजार स्थित हियरिंग केयर सेंटर से जहां कांकलियर इंप्लांट कराया और आज राजवीर सुन-बोल सकने की स्थिति में है। राहुलसिंह ने बहुत ही संक्षिप्त में बताया कि उन्हे इस तरह की समस्या से जूझ रहे बच्चों के परिजनों ने हियरिंग केयर सेंटर जाने की सलाह दी। जब वे राजवीर की पूरी मेडिकल रिपोर्ट लेकर पहुंचे तब वह तीन साल का था,उसका रिस्पांश देखने के लिए जांच व उपचार शुरू हुआ,फिर कांकलियर इंप्लांट किया गया,सप्ताह में पांच दिन स्पीच थेरेपी के लिए जाते हैं। आज राजवीर सुनने-बोलने लगा है। डाक्टर्स ने बताया है कि समय के साथ-साथ सुनने की क्षमता भी बढ़ेगी और सफाई से बोल भी सकेगा। आज उनका पूरा परिवार खुश हैं और थैंकफूल हियरिंग केयर सेंटर। हियरिंग केयर सेटंर के डाक्टर राकेश पांडेय व डाक्टर रुचिरा पांडेय ने बताया कि कम उम्र के बच्चे(तीन साल के अंदर तक)यदि बोल सुन नहीं पा रहे हैं तो घबराइए नहीं,कांकलियर इंप्लांट से ऐसे बच्चे सुनने व बोलने लगते हैं यहां तक जन्म से बहरे भी सुनने लगते हैं। इसके लिए जरूरी है समय रहते उपचार। अब तक उनकी ओर से 18 कांकलियर इंप्लांट किए जा चुके हैं और सभी सफलतापूर्वक कार्य रहे हैं। इनके संचालन के लिए समय-समय पर पैरेंट्स की मीटिंग भी करते हैं। जब सामान्यतत्सुनने वाली मशीन काम नहीं देती है तब डाक्टर्स भी कांकलियर इंप्लांट की सलाह देते हैं। यह एक इलेक्ट्रानिक उपकरण है कांकलियर इंप्लांट में एक बाहरी भाग होता है जो कान के पीछे बैठता है और दूसरा भाग कान के भीतर बिठाया जाता है, इसके लिए सर्जरी की जाती है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 19.09.2022

**श्री विश्राम पटेल पिता स्व. श्री हरिराम पटेल,**
निवासी मोहल्ला ग्राम देवगांव मुंगेली, तहसील मुंगेली
जिला मुंगेली (छ.ग.)..........................................आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**..........................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री विश्राम पटेल पिता स्व. श्री हरिराम पटेल,** निवासी ग्राम देवगांव मुंगेली, तहसील मुंगेली जिला मुंगेली की ओर से स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला देवगांव मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 14, प्लाट नं. 27/1, क्षेत्रफल 125 वर्गमीटर भूमि को आवेदक आपसी पारिवारिक सहमति पत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 04/10/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 19/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**(तीर्थराज अग्रवाल)**
**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र...................../........./2022
दिनांक 14/09/20222

आम जनता ग्राम कोनियापाठ के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक पूजा महंत पिता/पति स्व. प्रेमदास जाति महंत निवासी कोनियापाठ तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा छ.ग. में इस न्यायालय में अपने पति/पिता प्रेमदास पिता मयादास का मृत्यु दिनांक 20.02.2018 को ग्राम कोनियापाठ में हुआ है। जिसका पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, मय पंचनामा, शपथ पत्र सहित प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदन पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हों तो नियत दिनांक 30/09/2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं। नियंत दिनांक के आदेश प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 14/09/2022
पेशी दिनांक : 30/09/2022

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 16.09.2022

**श्री सूरज सिंह चौहान पिता स्व. श्री तोरन सिंह,**
निवासी मोहल्ला हीरालाल वार्ड मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)..............................आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**..........................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री सूरज सिंह चौहान पिता स्व. श्री तोरन सिंह,** निवासी मोहल्ला हीरालाल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46-ए, प्लाट नं. 49, क्षेत्रफल 418 वर्गमीटर नजूल भूमि पर आवेदक नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 04/10/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 16/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**(तीर्थराज अग्रवाल)**
**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-सुकमा (छ.ग.)**

क्रमांक/792/मबावि/स्वा./सु.के./2022-23 सुकमा, दिनांक 21/09/2022

**// वॉक इन इंटरव्यू हेतु विज्ञापन //**

**''मुख्यमंत्री सुपोषण केन्द्र'' में व्यक्तिगत सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु पात्र आवेदकों के लिए सूचना**

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से ''सुपोषण केन्द्र'' की स्थापना की गई है। ''मुख्यमंत्री सुपोषण केन्द्र'' में कुपोषित बच्चों के देखभाल, दैनिक कार्यों के निवर्हन एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए **व्यक्तिगत सेवा प्रदाताओं** की नियुक्ति एक वर्ष तक के लिए किया जाना है। इस हेतु प्रात्र आवेदकों (व्यक्तिगत सेवा प्रदाताओं) की नीचे उल्लेखित कार्यों/पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जावेगी।

अतः इच्छुक आवेदक दिनांक 06.10.2022 को कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे कक्ष क्रमांक 46 महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टर परिसर, कुम्हाररास जिला सुकमा में स्वयं उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराते हुए आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

| क्र. | सेवा का नाम | पदों की संख्या | निर्धारित एक मुश्त सेवा शुल्क (प्रतिमाह) | निर्धारित आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिडिंग डेमोस्ट्रेटर | 02 | 10000/- | 18 से 35 वर्ष |

उपरोक्त पदों के लिये शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगी:-

| No. | POST NAME | Educational Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Feeding Demostrator | BSC Home Science |

* आवेदन प्रपत्र तथा सेवा के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण www.sukma.gov.in वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

G-94475/2

**जिला म.बा.वि.अधिकारी**
**जिला-सुकमा (छ.ग.)**

# रात होते ही हर सड़क पर मवेशियों का कब्जा, शहर बना खटाल

## समाजसेवी संस्थाएं भी हर प्रयास कर थकीं, दुर्घटना का प्रमुख कारण बन रहे मवेशी, निगम कोई शिकायत का इन्तजार



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

**पायनियर जन सरोकार**

संस्कारधानी की तक़रीबन सभी सड़कों व् चौक चौराहों पर रात होते ही मवेशियों का कब्जा इस तरह से हो जाता है कि आम जनता को आवागमन में खासी दिक्क्तों का सामना करना पड़ता है। मवेशियों के जमावड़े की वजह से लगातार हो रही दुर्घटनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। शहर के तुलसीपुर मेन रोड, ममतानगर मेन रोड, अंडरब्रिज, जूनीहटरी, भदौरिया चौक, चिखली, कमला कालेज चौक, गुड़ाखू लाइन, लखोली नाका सहित लगभग हर क्षेत्र में शाम होने के बाद बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा हो जाता है जिन्हें हटाने वाला कोई नहीं होता।

इस मामले में नगर निगम के वो तमाम दावे खारिज होते दिखते हैं जिसमे वो सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का दावा करते हैं। दस पंद्रह दिनों के अंतराल में हांलाकि नगर पालिक निगम के काऊ कैचर गाडी आवारा मवेशियों को उठा लेती हैं लेकिन शहर की प्रमुख सड़कों के अलावा आउटर के क्षेत्रों में इन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस मसले पर नगर निगम आम जनता की शिकायतों के इन्तजार में है जबकि नियमतः प्रतिदिन इन मवेशियों को उठाये जाने की जरुरत है जिन्हें नगर निगम पूरा नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि हाइवे पर और सड़क पर बैठे मवेशियों के जमावड़े से केवल आम जनता को ही नुकसान नहीं है बल्कि तेज रफ़्तार वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की भी मौत हो रही है जिस पर शासन प्रशासन मौन साधे हुए है।

पायनियर की टीम ने पिछले दिनों जब रात को शहर की जमीनी हकीकत का जायजा लिया तो देखा कि किसी भी क्षेत्र में कार ले जाने की भी जगह आवारा मवेशियों के कारण नहीं है। लगभग सभी चौक चौराहों को ब्लॉक कर दिया जाता है।

### दो काऊ कैचर के भरोसे निगम, कार्यवाही के लिए शिकायत का इन्तजार

नगर पालिक निगम राजनाँदगाँव के पास कुल दो चालू काऊ कैचर वाहन हैं और कुछ पुराने वाहन हैं जिनकी मदद से टीम काम करती है लेकिन कुछ प्रमुख मार्गों पार कार्यवाही के अलावा आउटर के क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को ना उठाना निगम की लापरवाही को दर्शाता है।



### ग्रामीण क्षेत्रों से शहर में छोड़े जा रहे मवेशी



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शहर के भीतर मवेशी छोड़े जा रहे हैं इसलिए शहर के भीतर आवारा मवेशियों की तादाद बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों भी सुरगी क्षेत्र से एक मेटाडोर में कुछ मवेशियों को शहर में छोड़ने भेजा गया था जिसे स्थानीय गौसेवकों ने आधी रात को ही धरदबोचा था।





नगर निगम के पास दो काऊ कैचर हैं जो पर्याप्त हैं। रोजाना सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाने कार्यवाही की जाती है और जो शिकायतें मिलती हैं उस हिसाब से आवारा मवेशियों को उठाया जाता है। इस मुहीम को और तेज करवा कर इस समस्या को मिटाया जाएगा।

**-डाक्टर आशुतोष चतुवेदी**
निगम कमिश्नर राजनाँदगाँव

# एक नवंबर से धान खरीदी का फैसला स्वागतेय : महेंद्र

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य व महेंद्र यादव ने एक नवंबर से धान उपार्जन शुरु किए जाने की भूपेश बघेल की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने 19 सितंबर को दल्लीराजहरा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान एक नवंबर से धान खरीदी शुरु किए जाने की घोषणा की है।

महेंद्र ने कहा कि, मुख्युमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञात है कि अच्छी फसल किस तरह की खाद और किस तरह रख-रखाव से मिलती है। वे हमारे प्रदेश की भूमि को दूरदर्शी निर्णयों और योजनाओं जैसी खाद से सींच रहे हैं और इसकी पूरी देखभाल भी कर रहे हैं। इसका ही नतीजा है कि उनके पौने चार साल के कार्यकाल में राज्य ने वह सब हासिल किया जिसके लिए पूर्ववर्ती सरकार के 15 वर्षो के कार्यकाल में जनता तरस रही थी। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के दौरान यह राज्य किसानों की आत्महत्या के लिए जाना जाता था। 15 वर्षो के शोषण काल में हमने जितना खोया वह जल्द ही हासिल कर लेंगे।

यादव ने कहा कि, एक नवंबर से धान उपार्जन शुरु हो रहा है। जिम्मेदारों को उपार्जन केंद्रों में समुचित व्यववस्था बनाने और दूसरी तैयारियां करने के निर्देश भी मुख्मयंत्री दे चुके हैं।

# छुईखदान नगर पंचायत में परिषद की बैठक आयोजित

- करोड़ों रुपए के विकास कार्य के लिए पार्षदो ने सर्वसम्मति से लगाई मुहर
- नगर विकास के मुद्दे पर एक हुए कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय पार्षद

पायनियर संवाददाता < छुईखदान
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत मे लगभग छह माह बाद परिषद की बैठक आयोजित की गई जिसमे छुईखदान शहर को कैसे विकसित किया जाए और क्या क्या सुविधाएं जुटाई जाएँ और किन किन समस्याओ का कैसे निराकरण किया जावे सहित 26 बिंदुओ पर विचार किया गया। बैठक में दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी पार्षदों, एल्डरमैन, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि ने नगर विकास को सर्वोपरि माना और नगर विकास से संबंधित करोड़ो रुपए के सारे प्रस्ताव बैठक मे पारित किए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2022 -23 के बजट का अनुमोदन मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत 3 करोड़ के विकास कार्य, 15वे वित्त आयोग अंतर्गत अन टाईड फंड से प्राप्त लगभग एक करोड़ कि अनुदान राशि से प्रस्तावित कार्य,अधोसंरचना मद के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास कार्यो का निविदा आमंत्रण संबंधी विचार व निर्णय किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से सप्ताहिक बाजार मे छत निर्माण एवं यूरिनल निर्माण कार्य लागत 20 लाख नगर पंचायत कर्मचारियो के लिए भवन निर्माण कार्य 25 लाख नगर पंचायत कार्यालय भवन मे प्रथम तल निर्माण कार्य 20 लाख वार्ड नंबर 10 व 15 मे पानी टंकी निर्माण 40 लाख वार्ड क्रमांक 8 एवं 15 स्थित मंगल भवन मे मरम्मत कार्य 25 लाख सामुदायिक भवन निर्माण सौंदर्यीकरण 40 लाख राजनांदगांव कवर्धा रोड स्ट्रीट लाइट विस्थापन कार्य 20 लाख आत्मानंद स्कूल साइकिल स्टैंड निर्माण कार्य 15 लाख एवं बोर खनन कार्य 5 लाख वार्ड नंबर 1 मे सर्व सुविधा युक्त नवीन मंगल भवन 30 लाख नया मटन मार्केट स्थापना हेतु 20 नग दुकान एवं बाउंड्री वाल निर्माण कार्य 20 लाख वार्ड नंबर 14 स्थित मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान मे जीर्णोद्धार विद्युत पोल स्थापना 20 लाख छुईखदान नगर के ब्राह्मण पारा बैरागी पारा बरईपारा कनकनगर, डिपरा पारा करडा पारा टिकरी पारा सहित विभिन्न 1 से 15 वार्डों में सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सीसी रोड मरम्मत हेतु सहमति व हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्राली क्रय हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना के तहत गौठान निर्माण हेतु निविदा आमंत्रण नगर पंचायत शताब्दी वर्ष मनाए जाने हेतु विचार व निर्णय किया गया।

# लोग सफाई वालों पर ही निर्भर ना रहें : मधुसूदन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के पांचवे दिन बुधवार को मछुआरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरुद्वारे के पीछे बूढ़ातालाब अमृत सरोवर पर श्रमदान किया गया। इस कार्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान का यह संदेश भाजपा के कार्यकताओं द्वारा आम लोगों को दिया जा रहा है कि सिर्फ सफाई वालों पर लोग निर्भर न रहें। तालाबों के आसपास की सफाई नागरिकों की जवाबदारी हैइसलिए व्यर्थ कचरा ना फै लाएं और स्वच्छता बनाए रखें। इस हेतु प्रतीकात्मक रूप से भाजपा कार्यकर्ता आज एकत्र हुए हैं। इस अवसर पर हकीम खान, तरुण लहरवानी, कमल सोनी, पप्पू ढीमर, दाऊ ढीमर, आकाश चोपड़ा, आदि बड़ी संख्या में सेवक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग का पोषण माह

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनांदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। 1 सितम्बर से 30 सितंबर 2022 के मध्य राष्ट्रीय पोषण माह 2022 का आयोजन जारी है।

इस वर्ष मुख्य रूप से 4 थीम पर पोषण माह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 1 महिला एवं स्वास्थ्य 2 बच्चा एवं शिक्षा पोषण भी पढ़ाई भी 3 जेंडर संवेदी जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा 4 आदिवासी क्षेत्र के महिलाओं एवं बच्चों हेतु परंपरागत आहार। पोषण माह के प्रभावी, सुचारू एवं परिणाममूलक आयोजन तथा गतिविधियों के आयोजन में सम्माननीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों, सहयोगी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व सहायता समूहों, महिला मंडली, नेहरु युवा केंद्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी छात्र छात्राओं आदि कि सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जिला राजनांदगांव के आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# गुरूवार शाम तक भी नहीं मिला शिवनाथ में बहा युवक

- आज आएगी अंडर वाटर रिसर्चर टीम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




अंबागढ़ चौकी कस्बे से सटे शिवनाथ नदी के एनीकट में नहाने गया 19 वर्षीय युवक लापता होने के बाद गुरूवार देर शाम तक नहीं मिला पाया है। बुधवार की शाम पहुंची एसडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने उसकी खोजबीन में रेसक्यू ऑपरेशन चलाया और दूसरे दिन गुरूवार को भी यह आपरेशन चलता रहा लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला है । पुलिस के मुताबिक अंबागढ़ चौकी निवासी 19 वर्षीय करन यादव अपने एक साथी के साथ शिवनाथ नदी पर बने एनीकट में नहाने गया हुआ था। दोनों ने एक साथ ही नदी में छलांग लगाई। इस बीच मोंगरा बैराज से छोड़े जा रहे पानी के चलते नदी में बहाव तेज था जिसके चलते करन बह गया। जबकि उसका साथी नदी से सकुशल बाहर आ गया।लेकिन करन यादव का कुछ भी पता नहीं चल पाया।

### अंडर वाटर रिसर्चर टीम को भेजा गया बुलावा

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आक्सीजन लेकर पानी के भतार उतर कर युवक की तलाश करने के लिए अंडर वाटर रिसर्चर को बुलाया गया है जो शु वार की सुबह तक मौके पर पहुँच जाएंगे । इस दौरान यदि युवक का पता चल जाता है तो उन्हें मना कर दिया जाएगा ।

### मोंगरा बैराज वालों की लापरवाही उजागर

नदी में युवक के लापता होने के बाद आसपास के ग्रामीणों में इस बात की चर्चा प्रमुखता से होती रही कि मोंगरा बैराज द्वारा अक्सर बिना मुनादी के और बिना सूचना के पानी छोड़ दिया जाता है जिससे पहले भी इस तरह की घटनाएं घट चुकी हैं ।

## शिवनाथ के क्षतिग्रस्त एनीकट व भूमि कटाव का जायजा, पीएचई, इरिगेशन व राजस्व को दिए दिशा-निर्देश

# कलेक्टर ने दिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के संकेत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के आऊटर में शिवनाथ नदी स्थित एनीकट के क्षतिग्रस्त होने व कृषि भूमि बह जाने के सप्ताहभर बाद जिले के कलेक्टर गुरुवार को एनीकट स्थल पहुंचे। उन्होंने एनीकट के क्षतिग्रस्त प्रोटेक्शन एरिये का मुआयना कर क्षतिग्रस्त एनीकट एवं भूमिकटाव की अफसरों से तकनीकी जानकारी ली। इस दरम्यान कलेक्टर डोमन सिंह ने सहसा घटित वाकये पर हैरानगी जताई। उन्होंने तकनीकी जांच पश्चात जिम्मेदारों पर कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर के सटकर बहने वाली शिवनाथ नदी में अगस्त के प्रारंभिक सप्ताह में एनीकट के रिटेनवाल व काज-वे ध्वस्त हुए थे, जिससे नदी की दिशा किसानों के खेतों की ओर हो गई थी। तब विभाग द्वारा मुख्यालय नगर में जलापूर्ति के नाम पर एनीकट के गेट नही खोले गए, अपितु खानापूर्ति करते हुए रेत से भरे बोरी रखे गए थे। वे बोरी भी धीरे धीरे बाढ़ में समा गए। एक माह बाद ही 12 सितंबर को ऊपरी हिस्से में बारिश व जलाशयों के गेट खोलने के बाद रिटेनवॉल व काज-वे के बाकी हिस्से भी ध्वस्त हो गए। इस हादसे में लगभग 21 किसानों के 8 एकड़ से अधिक कृषि भूमि नक़्शे से हट कर नदी में समा जाने के अनुमान लगाए गए हैं। इस वाकये के बाद संभाग स्तर के अफसर जांच में पहुँचे थे। अब लगभग सप्ताहभर बाद कलेक्टर भी



शिवनाथ तट में क्षतिग्रस्त एनीकट व कृषिभूमि कटाव का मौका मुआयना करने पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने तकनीकी जांच उपरांत दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। इस मौके पर एसडीएम सुनील नायक, डब्ल्यूआरडी ईई रामटेके व पीएचई अधिकारियों सहित स्थानीय राजस्व अमले के अलावा प्रभावित किसान भी मौजूद थे।

### अफसरों पर एफआईआर की मांग

कृषिभूमि कटाव से प्रभावित वार्ड 13 के किसानों ने एसडीएम तथा पुलिस में ज्ञापन सौंपकर विभागीय ईई, एसडीओ, इंजीनियर व टाइमकीपर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित प्रभावित किसानों को उचित मुआवजे की मांग की थी। उपरांत एसडीएम व तहसीलदार एनीकट स्थल पहुंचकर परिस्थितियों से अवगत हुए थे। अंततः गुरुवार को कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुँचे। उन्होंने अफसरों को दिशानिर्देश दिए। कलेक्टर ने तकनीकी जांच उपरांत कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

### डीएम के अफसरों को सख्त निर्देश

मीडिया से रूबरू होते हुए कलेक्टर डोमन सिंह ने मौका मुआयना दौरान ही एनीकट क्षतिग्रस्त होने से कृषिभूमि कटाव से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने एसडीएम को निर्देश दिया। पीएचई को नगर में जलापूर्ति हेतु इंटेकवेल मैंटेन रखने तथा इरिगेशन को एनीकट में जल बहाव कम होने उपरांत मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने बारिश के बाद एनीकट में जल बहाव कम होने पर स्थाई समाधान का भरोसा भी दिलाया है।

तकनीकी जांच उपरांत जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।
**-कलेक्टर**, राजनांदगांव

# राजू श्रीवास्तव के निधन पर विधायक छन्नी साहू ने जताया शोक

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा की विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। निधन का समाचार मिलते ही छन्नी चंदू साहू ने सोशल मिडिया के माध्यम से ट्वीट करते हुए कहा कि सबको हंसाने वाले मौत से हार गए। उन्होंने कहा कि राजू श्रीवास्तव का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, उनके हास्य कार्यक्रम हमेशा ही जमीनी हकीकत को दशार्ते थे और कभी भी उनके किसी कार्यक्रम में अश्लीलता नहीं दिखी। विधायक ने कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं उनके परिवार तथा चाहने वालों इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

# सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण श्रीवास्तव का निधन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



छुरिया विकासखंड के ग्राम जोब निवासी नारायण लाल श्रीवास्तव जो कि ग्राम पंचायत जोब के सरपंच जानकीशरण श्रीवास्तव के पिता व पंडरापानी पंचायत के पूर्व सरपंच विक्रांत श्रीवास्तव के बड़े पिता जी हैं। जिनका बीते दिन बुधवार को निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त श्रीवास्तव अपने पीछे पत्नी राजकुमारी श्रीवास्तव और 02 बेटे 03 बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जोब में किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक छन्नी चंदू साहू, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक व परिवारजन,बंधु, शिक्षक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रिहायशी इलाके में घुसने से रोकने की पत्थरबाजी

# सड़क पार कर रहे हाथियों पर ग्रामीणों ने किया पथराव

### कटघोरा के पसान रेंज में विचरण कर रहे हाथी

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथी फसल व मकान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में हैं। ऐसे में उन्हें खदेड़ने हाथियों को नुकसान पहुंचाने तक में ग्रामीण उतारू हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला रेंज में सामने आया है। जहां सड़क पार कर रहे हाथियों पर कुछ लोग पथराव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में इसका वीडियो भी वायरल हुआ है।

वायरल वीडियो कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत ग्राम अड़सरा का बताया जा रहा है। जहां रिहायशी इलाके की ओर आने सड़क पार कर रहे हाथियों पर कुछ लोगों ने पत्थरबाजी की। ग्रामीणों के इस तरह खदेड़े जाने से हाथी आक्रमक होकर हमला कर सकते हैं। मगर ग्रामीण मकान व फसल को बचाने ऐसा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पसान व केंदई रेंज में 45 हाथी विचरण कर रहे हैं। वहीं पसान रेंज में विचरण कर रहे हाथियों की संख्या 24 से 25 जा रही है।



**हाथी से बचाव के सिखाए गए हैं गुर**-गत दिनों वाइल्ड लाईफएक्पर्ट प्रभात दुबे सरगुजा से कटघोरा वन मंडल पहुंचे थे, जहां उन्होंने हाथियों से बचाव को लेकर विभिन्न रेंज में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया था। उन्होंने हाथियों के सामान्य बर्ताव तथा हाथियों की पहचान करने के साथ क्षेत्र में सुरक्षित जीवन जीने के टिप्स दिये थे।

#### जान बचाकर भागे थे ग्रामीण

मंगलवार को भी पसान रेंज में फसल बचाने के लिए मशाल लेकर ग्रामीण हाथियों को खदेड़ने पहुंचे थे। कोटमर्रा के ग्रामीण खेत में धान की फसल को चौपट कर रहे हाथियों को खदेड़ रहे थे। इसमें से एक हाथी इससे आक्रोशित हो गया और ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। ग्रामीणों ने भागकर जान बचाई। हाथी रेंज के 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में ही विचरण कर रहे हैं।

#### पक्के मकानों में ले रहे आसरा

हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग क्षेत्र में लगातार मुनादी करवा रहा है। यही वजह है कि कुछ ग्रामीण जहां पक्के मकानों में शरण लिए हुए हैं वहीं कुछ मशाल जलाकर अपनी और अपने मकान की रक्षा करने में जुटे हुए हैं। पसान रेंज में हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है। 25 हाथियों के विचरण से न तो वन विभाग को चैन है और न ही ग्रामीण सुकून से रह पा रहे है। जंगल में विचरण करते करते हाथी अब रहवास क्षेत्र में भी पहुंच गए है।

# जन्मदिन का जश्न नहीं मनाकर पूर्व मंत्री अग्रवाल ने समर्थकों के साथ किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

विधान सभा चुनाव को अभी एक साल शेष है लेकिन पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने शहर की शांति व्यवस्था लौटने और विकास कार्य शुरू होने तक अपना जन्मदिन नहीं मनाने की घोषणा से उन्हे और भाजपा को क्या लाभ मिलेगा यह तो पता नही लेकिन जन्मदिन के दिन धरना प्रदर्शन और ज्ञापन द्वारा उन्होंने और उनके समर्थकों ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश जरूर की है। अपना जन्मदिन नहीं मनाने और शहर की विकराल समस्या ,कानून व्यवस्था खराब होने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन करने का एलान श्री अग्रवाल ने एक दिन पहले ही कर दिया था ।नेहरू चौक में सुबह 11 बजे के बाद भाजपा नेताओ, अमर अग्रवाल समर्थको और बिलासपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं,महिलाओ ,युवकों का आना शुरू हो गया था । मंच पर सारे भाजपा नेताओ ने भूपेश बघेल सरकार को जनविरोधी बताया । श्री अग्रवाल ने कहा कि चार सालों में शहर के नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। आए दिन चाकूबाजी, लूट, चेन स्नेचिंग, चोरी और गैंगवार की घटनाएं हो रही है। स्थिति यह है कि शांति का टापू के रूप में पहचान




बनाने वाला बिलासपुर शहर पूरी तरह से अब असुरक्षित हो गया है। शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था और विकास कार्य ठप होने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नेहरू चौक में धरना दिया और प्रदर्शन किया। शराब, बीयर का खाली बोतल और कोरेक्स सिरफ, नाइट्रा टैबलेट को नुमाइश के तौर पर सजा कर रक्खा गया था। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर की बदहाली, बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते शहर के लोगों में अराजकता और भय आतंक का माहौल है। स्थिति यह है कि शहर के लोग अपनी जमीन को सुरक्षित नहीं मान रहे हैं। कभी परिवार के विवाद में तो कभी खसरा बदलकर जमीनों पर भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं और शासन-प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों की शिकायत पर सुनवाई करने के बजाए भू माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। यहा तक कि धरना स्थल पर आम लोगों से राजस्व संबंधित कार्यों पर अवैध वसूली का रेट लिस्ट लगा रखा था।

# वन मितान जागृति शिविर में स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल वनमंडल अंतर्गत ग्राम सिदावंड में छत्तीसगढ़ राज्य कैम्पा प्राधिकरण के तहत वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वनमंडल केशकाल द्वारा स्कूली बच्चों में वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से वन मितान जागृति के रूप में प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रमुखों व ग्रामीणों की मौजूदगी में पीपल पेड़ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर इस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी रेंजर मनेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में विद्यालयीन 10वीं व



12वीं के बच्चों को पक्षी दर्शन, वन्य प्राणी दर्शन, सफारी वन भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला आदि गतिविधियों के माध्यम से वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण के प्रति विस्तारपूर्वक जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के सम्बंध में वनकर्मियों द्वारा परिचय देकर बच्चों की जिज्ञासा समाधान, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, चित्रकला भी आयोजित किया गया था जिसमे बच्चों ने सहर्ष भाग लिया। अंत मे नेचर्स वालेंटियर्स का चयन कर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य संतेर कोरचा, सरपंच राजोबाई नाग, उपसरपंच भुनेश्वर नाग, ग्राम प्रमुख रामलाल नाग, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सन्तोष नाग, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, उप वनमंडलाधिकारी सुषमा नेताम, रेंजर मुनीर खान व्याख्याता लोकेश गायकवाड़, समेत वन मण्डल के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक शाला तिलक नगर का भवन जर्जर

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला तिलक नगर का भवन जर्जर हो चुका है जिस कारण इस स्कूल के बच्चों को दूसरे श्यामा प्रसाद मुखर्जी जवाहर पारा रेलवे स्टेशन चांपा स्कूल में पढ़ाया जा रहा है जिस विद्यालय में पढ़ाया जा रहा है वहां पर कमरे कम होने के कारण नौनिहालों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है उल्लेखनीय है कि चांपा वार्ड नंबर 22 तिलक नगर का प्राथमिक शाला काफी जर्जर हो चुका है और जहां जहां सज्जा टूट कर गिर रहा है जिसे देखते हुए यहां के प्रबंधक ने बच्चों को अन्यत्र पढ़ने के लिए बैठाया जा रहा है युवा कांग्रेस के जिला महासचिव संतोष दुबे ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं कलेक्टर को पत्र लिखकर मुक्त भवन के पुनर्निर्माण की मांग की है पत्र में दुबे ने लिखा कि शाला भवन काफी पुराना है और



जर्जर हो चुका है जगह-जगह से छज्जा गिर रहा है।

जिससे छोटे बच्चों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना घट सकती है इसलिए गरीब बच्चों के भविष्य को देखते हुए शाला भवन के निर्माण की मांग की है श्यामा प्रसाद शासकीय प्राथमिक शाला तिलक नगर विद्यालय काफी दूर है और छोटे बच्चों के लिए यह दूरी और भी ज्यादा हो जाती है खासकर बारिश के मौसम में इसलिए बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन को जल्द से जल्द विद्यालय भवन निर्माण की पहल करनी चाहिए।

# पांच पेशेवर जुआरी पकड़ाए, 15 लाख रुपए नकदी भी बरामद

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चकरभाठा पुलिस टीम ने देर रात्रि कार्रवाई कर 5 दिग्गज सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने कार्रवाई के दौरान 15 लाख रूपयों से अधिक नगद भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। देर रात्रि की कार्रवाई के बाद जुआरियों को पुलिस संरक्षण में ही रखा गया। एस एस पी पारूल माथुर के निर्देश पर चकरभाठा पुलिस टीम ने देर रात सटोरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर आलाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई का अंजाम दिया है। छापामार कार्रवाई के के दौरान पांच जुआरियों को धर दबोचा गया है। इसके अलावा पुलिस टीम ने 15 लाख 46 हजार 200 रूपए नगद बरामद किया है। इसके अलावा सटोरियों से क्या कुछ बरामद किया गया है। यह अभी स्पष्ट नहीं है। चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक की अगुवाई में पकड़े गए सभी सटोरियों खिलाफ चकरभाठा थाना में 4(क) का अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी मिल रही है कि जुआरियों ने फोन करवाने से लेकर कई प्रकार के दवाब बनाए। बावजूद इसके पुलिस टीम ने सटोरियों को नही बख्शा है। पुलिस ने जिन सटोरियों को गिरफ्तार किया है उनके नाम है जगदेव साहू पिता विजय साहू निवासी रंहगी थाना चकरभाठा, उत्तर कुमार पिता कपिल देव पात्रे निवासी छोटा मेडपार थाना हिर्री हीरा दास मानिकपुरी पिता कुंज बिहारी निवासी लिमतरी चरकभाठा क्रांति दिवाकर पिता रूसू राम दिवाकर निवासी जोगीपुर रंहगी और सूरज सिंह उर्फ विक्की पिता धर्म सिंह ठाकुर निवासी बिल्हा रोड रहंगी ।

# सामाजिक, समरसता एवं समाज सेवा में योगदान के लिए मिलेगा दो लाख रूपए का पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

सामाजिक, समरसता, सभी वर्गों में संभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थायी कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थायी कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के योगदान के लिए चयनित व्यक्ति को दो लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। महाराजा अग्रसेन सम्मान 2022 के लिए प्रविष्टियां तीन अक्टूबर शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की गई है। पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक शाखा में विशेष वाहक के हस्ते आमंत्रित की गई है। चयनित व्यक्ति को नगद राशि, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। यह पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। भेजी जाने वाली प्रविष्टियों में व्यक्ति का पूर्ण परिचय के साथ सामाजिक, समरसता, सभी वर्गों में संभाव, सौहार्द, समाज सेवा के स्थायी कार्य जैसे अस्पताल, धर्मशाला, पेयजल, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास के अन्य स्थायी कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक चेतना का अच्छा वातावरण विकसित करने के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी अपेक्षित है।

प्रविष्टियों में कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण भी देना होगा। सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति भी होनी चाहिए। सामाजिक, समरसता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र, पत्रिकाओं एवं ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य की जानकारी भी प्रविष्टियों के द्वारा अपेक्षित है।

# रोजगार और मक्का के उचित दाम का किसानों को सपना दिखाया कांग्रेस ने : बालसिंह बघेल

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने हर वह करनामा बनाया जिससे वह चुनाव जीत सके उसी का एक एजेंडा कोंडागांव जिला में मक्का प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का वादा कोंडा गांव की जमीन से पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने वादा किया कि अगर सरकार छत्तीसगढ़ में बनती है तो कोंडागांव जिले को मक्का प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर दिया जाएगा यह यूनिट सरकारी ना होकर जनभागीदारी से बनाया जाएगा स्थानीय लोगों का पैसा इस प्लांट के निर्माण में लगेगा और प्लांट की जो भी कमाई होगी उसका वह भागीदार रहेंगी लेकिन आज सरकार लगभग 4 वर्ष पूर्ण करने जा रही है कोई भी काम धरातल पर नहीं दिख रहा है पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी विवादों का छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने घोर अपमान किया है यहां गांव के किसानों से लेकर स्थानीय लोगों से मक्का प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के नाम पर करोड़ रुपए ले गए और कार्य आज तक नहीं



हुआ है पैसा वसूल करने में कोई कमी नहीं की गई अधिकारी स्तर पर चाहे जनप्रतिनिधि स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को पैसे लगाने और लाभ लेने का सपना दिखाया गया हकीकत यह है कि हर वादों की तरह कांग्रेस का यह वादा भी झूठा रहा सिर्फ और सिर्फ सपने दिखाए मैं यह जानना चाहता हूं कांग्रेस के लोगों से क्या बोलते हैं और झूठे वादे करते हैं मक्का प्रोसेसिंग यूनिट ग्राम पंचायत कोकोड़ी मैंने स्वयं जाकर स्थल का निरीक्षण किया है निर्माण स्थल पर लोहे के कंटेनर बाउंड्री वॉल और एक चिमनी बनाया हुआ है बिजली व्यवस्था है ना सड़क व्यवस्था है और ना ही कोई उसका देखरेख करने वाला है स्थल का देख कर तो लगता है यह कहीं का कबाड़ खरीद कर लाया गया हो और कबाड़ रखने की जगह नहीं मिली हो तो वह कोंडागांव जिले में ला कर रखा गया हो समय-समय पर जिला पंचायत की बैठक में मामले को उठाने पर बस यह सुनाई मिलता है कि प्रक्रिया टेंडर में है टेंडर मिल गया है कंपनी को 3 माह में काम पूर्ण करने का मसौदा तैयार है लेकिन कांग्रेस सरकार के 4 साल पूर्ण होने वाले हैं फिर भी प्रक्रिया कहां है भगवान ही जाने गांव वाले मक्के का उत्पादन इसलिए करते हैं कि उनको मक्का का उचित दाम मिलेगा रोजगार के अवसर उनके बच्चों को प्राप्त होंगे जैसा कि राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कोंडागांव के मन से आह्वान किया था।

# वर्षों से नाला पर चेकडैम निर्माण के इंतजार में बैठे किसान ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

वर्षो से नाला पर चेकडैम निर्माण के इंतजार में बैठे किसान ग्रामीण इन दिनों कलेक्टर प्रभात मलिक की ओर मुंह ताके बैठे हुए है गौरतलब हो की देवभोग ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत करलागुड़ा के जामगांव से भेरीगुड़ा नाला और लाटापारा पंचायत अन्तर्गत साईं सागर नाला पर चेकडैम निर्माण के लिए ग्रामीण किसान के साथ जनप्रतिनिधी लगातार मांग कर रहे हैं ताकि बरसात का पानी रोककर किसानो के खेतो मे पहुंचाने के अलावा निस्तारी के उपयोग में लाया जाए क्योंकि निस्तरि के लिए पारा मोहल्ला के महिला पुरुष को कुछ हद तक परेशनी भी उठानी पड़ती है शायद यही वजह है कि बारों बार पंचायत के बैठक में ग्रामीणों द्वारा सरपंच सचिवों को मांग किया है जिसके बाद पंचायत के सरपंच सचिव ने भी इंजिनियर से इस्टीमेंट तैयार करते



एसडीओ से टीएस कराकर जिला पंचायत को महीनों पहले भेज दिया लेकीन अब तक स्वीकृति के लिए कोई पहल नही हो पाया जबकि स्वीकृति के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र माझी ने भी कलेक्टर को आवेदन देकर पूरी वस्तु स्थिति को अवगत कराते स्वीकृति की मांग किया है ताकी किसानों के साथ साथ ग्रामीणों को भी भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप लाभ मिल पाए और इसके लिए कलेक्टर प्रभात मलिक की ओर मुंह ताके हुए हैं ग्रामीणों कहना है की कई दफा स्थानीय अधिकारीयों बरसात का पानी फिजूल बहने और निस्तारि की समस्या को अवगत कराया कराया गया है फिर भी चेकडैम निर्माण पर अब तक किसी प्रकार कार्यवाही नहीं हो पाई जबकि उक्त नाला पर चेकडैम बनने से आजू बाजू के कुछ एकड़ खेतो पानी की पलायन के साथ निस्तारी के लिए काफी सहुलियत होगी।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने

# आरक्षण से छेड़छाड़ के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा दंतेवाड़ा द्वारा आरक्षण से छेदछाड किये जाने के विरुद्ध कलेक्टरेट के सामने धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने अवगत करवाया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर मे छग लोकसेवा आरक्षण संशोधन अधिनियम 2012 को कांग्रेस की इस प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण अपास्त घोषित कर दिया गया है। उच्च न्यायालय के इस निर्णय से प्रदेश के जनजाति वर्ग में इस सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी ने बताया की ज्ञात हो कि डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिसंबर 2011 में जनजाति समाज को प्रदेश



में उनकी जनसंख्या के अनुपात में 32% आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था और 2018 सरकार रहते तक उक्त आरक्षण प्रदान किया था ।

उच्च न्यायालय में याचिका दायर होने के बाद भाजपा सरकार द्वारा 2018 तक जनजाति समाज के हित में मजबूती के साथ खड़ा होकर उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते रहे हैं जिसके कारण आरक्षण यथावत रहा परंतु कांग्रेस की सरकार आने के बाद से समाज के साथ षड्यंत्र होना प्रारंभ हुआहै। उच्च न्यायालय में जनजाति वर्ग का पक्ष ठीक से रखा नहीं गया। भूपेश सरकार की विफलता के परिणाम स्वरूप माननीय उच्च न्यायालय में जनजाति समाज के खिलाफ ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय सामने आया है। इसके पूर्व भी कांग्रेस की सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग को छलने का काम किया है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पदोन्नति में आरक्षण का नया नियम बनाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 3 साल लगाए। उच्च न्यायालय में इस पदोन्नति नियम 2003 को भाजपा सरकार ने अपने पूरे 15 साल के कार्यकाल तक कानूनी चुनौती से बचा कर रखा परंतु कांग्रेस की सरकार आते ही मूल कडिका 5 फरवरी 2019 को पास हो गई तब से लेकर अब तक पदोन्नति में आरक्षण का कोई रास्ता भूपेश बघेल की सरकार ने नहीं निकाला है। भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद से पदोन्नति में आरक्षण का लाभ भी अनुसूचित जनजाति वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस की सरकार अनुसूचित जनजाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने में हर जगह नाकाम रही है। संवैधानिक अधिकारों के परिपालन में जब जब मामला कानूनी हुआ है तब तब भूपेश बघेल की है सरकार जनजाति वर्ग की उपेक्षा करते हुए माननीय उच्च न्यायालय में फिसड्डी साबित हुई है। अतः जनजाति समाज के अभिभावक होने के नाते आपसे निवेदन है कि जनजाति वर्ग को मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए भारतीय जनता पार्टी आरक्षण पर कोई विपरीत प्रभाव ना पड़े इस बाबत प्रदेश की आदिवासी विरोधी इस सरकार को निर्देशित करने महामहिम राजयपाल महोदया से निवेदन करती है । इस कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा महामंत्री पीसे वट्टी, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, संतोष गुप्ता,कमला विनय नाग,सुनीता भास्कर, सत्यजीत चौहान, पायल गुप्ता, सत्यनारायण महापात्र, खीरेन्द्र ठाकुर, सुधराम भास्कर, ऊर्दो ठाकुर, मोहन ठाकुर, भदरु नेताम, अनिल, रति राम समेत समस्त कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

# यतियतन लाल सम्मान 2022-तीन अक्टूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

■ अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य, प्रयास एवं सेवाओं के लिए मिलेगा दो लाख रूपए का पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए चयनित व्यक्ति या संस्था को दो लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। यतियतन लाल सम्मान 2022 के लिए प्रविष्टियां तीन अक्टूबर शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की गई है। पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक शाखा में विशेष वाहक के हस्ते आमंत्रित की गई है। चयनित व्यक्ति या संस्था को नगद राशि, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। यह पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। भेजी जाने वाली प्रविष्टियों में व्यक्ति या संस्था का पूर्ण परिचय के साथ अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयासों के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी अपेक्षित है। प्रविष्टियों में कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण भी देना होगा। अहिंसा एवं गौरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रति भी होनी चाहिए।

# भाजपा का आरोप : सरकार की पोल खोलने की वजह से जयराम दुबे की गाड़ी में पुलिस ने रखी शराब

■ दुबे को शराब तस्करी के मामले में फंसाया गया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जयराम दुबे ने आरटीआई आवेदन लगाकर गोबर खरीदी घोटाला खोला था। सरकार की पोल खोलने की वजह से जयराम दुबे की गाड़ी में पुलिस ने शराब रख कर फंसाया है। दस्तावेजों से यह बात सामने आई थी कि गोठानों ने उन लोगों से गोबर खरीदना दिखाया है जो गांव में रहते ही नहीं है। ऐसे भी लोग हैं जिनके पास मवेशी भी नहीं है। उन्होंने आबकारी विभाग के भ्रष्टाचार और कोविड दवा खरीदी से जुड़ी अनियमितता का मामला भी उजागर किया। इसकी वजह से सरकार उन्हें फंसा रही है।

राजनांदगांव पुलिस ने 21 सितम्बर की रात पाटेकोहरा चेकपोस्ट पर भाजपा नेता जयराम दुबे को 13 लीटर शराब के साथ पकड़ा है। आरोप है कि, वे महाराष्ट्र से शराब तस्करी कर रहे थे। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया है कि जयराम दुबे, सूचना का अधिकार कानून-आरटीआई का उपयोग कर सरकार की पोल खोल रहे थे। इसकी वजह से दुबे को शराब तस्करी के मामले में फंसाया गया है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने और भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय एकात्म परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उनका कहना था, जयराम दुबे आरटीआई प्रकोष्ठ के नेता हैं। वे नागपुर से रायपुर आ रहे थे। उनकी गाड़ी पर बड़े अक्षरों में सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ-भाजपा लिखा हुआ था। उसी से उनकी पहचान कर 30-35 पुलिस कर्मियों ने उनको रोका। उनसे कार की डिक्की खोलने को कहा गया। नेताओं ने बताया, पुलिस वालों ने खुद ही उनकी गाड़ी में शराब की बोतलें रखी। बीजेपी नेताओं का कहना है कि, कार को चलवाकर बैरीकेट तक ले गए और वहां शराब जब्ती का अभिनय किया। उनके खिलाफ आबकारी कानून के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले उनके किसी परिजन को गिरफ्तारी की सूचना भी नहीं दी गई। भाजपा नेताओं का आरोप था कि सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं को ऐसे ही झूठे मामलों में फंसा रही है। भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। चिचोला पुलिस चौकी पर पुलिस ने जयराम दुबे से 13 लीटर महाराष्ट्र में बनी देसी-विदेसी शराब की जब्ती दिखाई।

## भाजपा शराब तस्कर नेता की पैरोकारी कर रही : कांग्रेस



राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दुर्भाग्यजनक है कि समूची भाजपा शराब तस्करी करने वाले अपने नेता के बचाव में खड़ी हुई है। भाजपा नेता शराब तस्करी करते पकड़ाया उसके गाड़ी से 14 से अधिक शराब की बोतल मिली है। जिसमें कुल 13 लीटर शराब थी। बार्डर में सीसीटीवी के कैमरे लगे है। उसमें गाड़ी की रिकार्डिंग है। आरोपी की गाड़ी से जप्ती के समय उसकी वीडियो रिकार्डिंग की गयी थी। गाड़ी में जय सियाराम लिख कर शराब तस्करी का काम जयराम दुबे कर रहा था। भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ भी लिखा था। ऐसा बताया गया कि पूर्व में भी यह व्यक्ति बार्डर पर गाड़ी तीव्र गति से भगाकर जाता था इसी से पहले से इसकी गाड़ी पर निगाह थी कि कुछ तो गड़बड़ है। शराब की जप्ती के समय उस व्यक्ति ने खुद को भाजपा का नेता होने की धमकी दिया। मेरी पहुंच रमन सिंह, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर तक है। पुलिस को धमकाया दुश्मनी ले रहे देख लूंगा। तब पता चला कि यह व्यक्ति भाजपा का कार्यकर्ता है। इसके पहले भी भाजपा के और भी नेता शराब तस्करी के आरोप में पकड़ा चुके है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बालोद, बलौदाबाजार में भाजयुमो नेता गुप्ता, मुंगेली में भी पकड़ाया था। 15 वर्षो तक भाजपाई शराब की तस्करी में लिप्त थे। अभी भी सफेद पोश तरीके से यह काम कर रहे। जयराम दुबे की गिरफ्तारी से यह साबित हो गया। दुर्भाग्यजनक है कि पूरी भाजपा शराब तस्कर के बचाव में कुतर्क कर रही। भाजपा शराबबंदी के मुद्दे पर राजनीति करती है उसके नेता शराब तस्करी करते है और पूरी पार्टी शराब तस्कर के बचाव में प्रेस कांफ्रेंस कर कुतर्क करती है। भाजपा का हाथ शराब तस्करों के साथ। आरटीआई एक्टिविस्ट होने का मतलब यह नहीं होता कि आपको शराब तस्करी का लाइसेंस पा गये। उन्होंने जो दस्तावेज सामने रखे थे उसका जवाब दिया जा चुका है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा कि अपने शराब तस्कर नेता पर कार्यवाही करने के बजाय भाजपा उसको संरक्षण दे रही। यह भाजपा का असली चरित्र है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, मणी प्रकाश वैष्णव उपस्थित थे।

# श्रीनदी के किनारे दिन दहाड़े नर्स की हत्या

पायनियर संवाददाता ᐸ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र के श्रीनदी के किनारे दिन दहाड़े एक सरकारी नर्स की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात के द्वारा नर्स के सिर में कुल्हाड़ी से कई वार किया गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में कुनकुरी थाना प्रभारी भाष्कर शर्मा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ देवकी चक्रेश उर्फ बबली 24 वर्ष के रूप में हुई है। उसकी पदस्थापना उपस्वास्थ्य केंद्र कटंगाखार में थी। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

**दो युवकों से हुआ था विवाद :** वारदात के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ राहगीरों ने देखा था कि गुरूवार की सुबह करीब 11.30 बजे दो युवकों की मृतिका के साथ बहस हो रही थी। युवकों का मृतिका से क्या संबंध थे यह साफ नहीं हो सका है। राहगीर ने जाते वक्त विवाद देखा और कुछ देर के बाद जब वापस लौटा तो वहां लाश पड़ी थी।




**घटना स्थल पर कुल्हाड़ी :** कुनकुरी-तपकरा स्टेट हाईवे मे दिन के करीब 11-12 बजे युवती की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई है। युवती की लाश सड़क किनारे पड़ी थी। सड़क किनारे पड़ी लाश को जब आस-पास के लोगों ने और राहगीरों ने देखा जिसके बाद कुनकुरी पुलिस को सूचना दी गई। शव के ठीक बगल में एक कुल्हाड़ी रखा था, जिसको देखकर लग रहा है कि इसी कुल्हाड़ी से युवती के सर में पीछे से वार किया गया है। सर में लगे चोट के कारण युवती जमीन पर गिर गई और उसके बाद युवती की मौत हो गई। मिली जनकारी के अनुसार युवती का नाम देवकी चक्रेश उर्फ बबली बताया जा रहा है, उपस्वास्थ्य केंद्र कटंगखार में नर्स के पद पर पदस्त थी, वही कुनकुरी पुलिस घटना स्थल पहुँच कर मामले की जांच में जुट गई है।

> घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विवेचना शुरू की। मृतका की पहचान हो चुकी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।
>
> **-भास्कर शर्मा,** प्रभारी कुनकुरी थाना


# एसडीएम ने दुर्गा पंडाल समितियों के संचालकों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



नवरात्र पर्व पर सभी समितियों को पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगवाना अनिवार्य है। सुरक्षा के नाते ऐसा आदेश दिया गया है। विसर्जन के लिए पांच और छह अक्टूबर का समय दिया गया है। इसके बाद विसर्जन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न् प्रकार के बड़े आयोजनों के लिए अलग से अनुमति लेने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके तहत एडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नवरात्र पर्व की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर समितियों के संचालकों की बैठक ली गई। एडीएम एनआर साहू ने बताया कि बैठक में सभी समितियों के प्रमुखों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी समितियों को सीसीटीवी लगवाने के लिए कहा गया है। रात 10 बजे के बाद डीजे धुमाल एवं तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग किये जाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एडीएम ने बताया कि सभी समितियों को यह भी निर्देशित किया गया है, कि असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी अविलंब संबंधित थानों में दे दी जाए। समिति पदाधिकारियों को भी अपनी जानकारी थानों में देने के लिए कहा गया है।

बैठक में 95 समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सड़क पर पंडाल पूर्णतः वर्जित किया गया है। बैठक में सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर शहर, देवचरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम, देवेन्द्र पटेल अनुविभागीय दण्डाधिकारी, विरेन्द्र चतुर्वेदी नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन रायपुर, गौतम जंघेल, संजय यादव, निलेश तांडी, आशीष यादव, सतीश तिवारी, मनोहर साहू, कृष्णा बाघ, सुनील शर्मा सहित अन्य समितियों के पदाधिकारी उपस्थित हुए।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403